रांची एक्सप्रेस
61
साल से लगातार...
। जनपक्षीय पत्रकारिता।
देसी अंदाज
नया मिजाज

# रांची एक्सप्रेस

1963 से लगातार आपकी सेवा में

epaper.theranchiexpress.com | वर्ष-02 | अंक-55 | कोलकाता, रविवार 21 अप्रैल 2024, संवत् 2079 | पृष्ठ-12 | मूल्य 3 रु.

## शरद पवार बोले-लोग जानते हैं एनसीपी किसने बनाई

### ● भाजपा ने ईडी व सीबीआई का इस्तेमाल करके पार्टी तोड़ी

**मुंबई (एजेंसी)।** एनसीपी शरदचंद्र पवार के चीफ शरद पवार का कहना है कि उनकी पार्टी ही असली एनसीपी है। एक इंटरव्यू में उन्होंने कहा कि कोई भी कह सकता है असली एनसीपी हम हैं लेकिन लोगों को पता है कि एनसीपी किसने बनाई, किसने इन्हें मंत्री



बनाया। लोग इन पर हंस रहे हैं। हम बीजेपी के खिलाफ लड़े और जीते, अब वे (अजित पवार) बीजेपी के साथ खड़े हैं। शरद पवार ने आगे कहा कि कुछ अवसरवादी लोग अब वो बीजेपी के साथ खड़े हैं। ये लोग मुझे कहते थे कि अगर हम नहीं जाएंगे तो हम पर ईडी ऐक्शन लेगा। उन्होंने लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर कहा कि मोदी का जो करिश्मा पहले था, अब वैसा नहीं रहा। महाराष्ट्र में कम से कम 50 प्रतिशत सीटें हम जीतेंगे। शरद पवार का कहना है कि भाजपा ने ईडी का इस्तेमाल करके कुछ ऐसे कदम उठाए जिसकी वजह से हमारे साथी उनके कहने पर चले गए।

## नकल की दुकान खोलने वालों को बख्शा नहीं जाएगा

### ● हमने आदिवासियों का दर्द समझा: सीएम

**उदयपुर (एजेंसी)।** भजनलाल शर्मा ने कहा कि राजस्थान में नकल करने और पेपर लीक के मामले में कोई कितना ही बड़ा व्यक्ति हो, जिसने नकल की दुकान खोल रखी एक को भी नहीं बख्शा जाएगा, वो जेल की सलाखों के पीछे होगा। सीएम आज झाड़ोल




विधानसभा के ओड़ा गांव में पहुंचे। मुख्यमंत्री यहां पर उदयपुर लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी मन्नालाल रावत के समर्थन में सभा को संबोधित कर रहे है। सीएम ने कहा कि हमने नकल माफिया नकल का सौदा कर युवाओं के सपने तोड़ते थे। उनकी आंखों में आंसू लाने का काम करते थे। हम उनको छोड़ने वाले नहीं है। हमने एसआईटी का गठन किया और उसने काम शुरू कर दिया हैं और 90 लोगों को गिरफ्तार किया है। वे बोले– जिन्होंने भ्रष्टाचार किया है बचेंगे नहीं।

## मोदी सरकार के मुरीद हुए अजमेर दरगाह के दीवान

### ● राम मंदिर से लेकर सीएए तक का किया जिक्र, की तारीफ

**जयपुर (एजेंसी)।** अजमेर शरीफ दरगाह के दीवान भी अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार और भाजपा के मुरीद हो गए हैं। उन्होंने राम मंदिर से लेकर सीएए तक जैसे कई मुद्दों पर खुलकर भाजपा के कामों का समर्थन करते हुए विपक्ष पर निशाना भी साधा है।




उन्होंने कहा कि देश प्रगति कर रहा है और आज दुनिया में भारत का जो मुकाम है वह भाजपा सरकार की बदौलत है। लोकसभा चुनावों के बीच अजमेर शरीफ दरगाह के दीवान इस तरह के बयानों को काफी अहम माना जा रहा है। वहीं, विपक्ष के इस आरोप पर कि भाजपा संविधान बदलना चाहती है। इस पर अजमेर दरगाह के दीवान सैयद जैनुल आबेदीन अली खान ने कहा कि एक गलत भ्रम पैदा किया जा रहा है।

# न आरक्षण हटाएंगे, न सेक्युलर शब्द और न हटाने देंगे

## संविधान बदलने के आरोपों पर भड़के गृहमंत्री अमित शाह

नई दिल्ली (एजेंसी)। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने लोकसभा चुनाव के पहले दिन दो टूक कहा कि उनकी पार्टी और भाजपा की सरकार न तो आरक्षण हटाएगी और न ही संविधान से सेक्युलर शब्द हटाएगी। गुजरात के गांधीनगर सीट पर नामांकन दाखिल करने के बाद एक इंटरव्यू में अमित शाह ने कहा कि कांग्रेस ऐसे आरोप लगाकर देशवासियों को गुमराह कर रही है। उन्होंने दो टूक लहजे में कहा कि अगर भाजपा को संविधान बदलना होता तो पिछले 10 सालों से उसके पास बहुमत है, वह दस सालों में ऐसा कभी भी कर सकती थी लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने बहुमत का इस्तेमाल अनुच्छेद 370 हटाने में, नागरिकता संशोधन कानून लाने में, तीन तलाक समाप्त करने में किया है। संविधान से पंथनिरपेक्ष (सेक्युलर) शब्द हटाने के आरोपों पर उन्होंने कहा, सेक्युलर शब्द हटाने की हमें कोई जरूरत नहीं है। इस देश को पंथनिरपेक्ष बनाने का सबसे बड़ा आग्रह बीजेपी का है, इसीलिए हम समान नागरिक संहिता (यूसीसी) ला रहे हैं। केंद्रीय मंत्री ने कांग्रेस पर आरोप लगाते हुए कहा, वो (कांग्रेस) देश को शरिया के नाम पर चलाना चाहती है, इसलिए उन्हें सेक्युलर बनने की जरूरत है, हमें नहीं। शाह ने कहा कि हम तो कह रहे हैं कि इस देश का संविधान धर्म के आधार पर होना चाहिए।

शाह ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर भी भड़ास निकाली और कहा कि जिस तरह से वह कहते फिर रहे हैं कि भाजपा आरक्षण हटा देगी तो ये बात स्पष्ट कर देना चाहता हूं कि भाजपा ना तो आरक्षण हटाएगी और ना ही हटाने देगी। उन्होंने कहा कि बहुमत का इस्तेमाल कर कांग्रेस ने कई गलत फैसले लिए हैं और अगर आगे भी ऐसा करने की सोचेगी तो भाजपा ऐसा करने नहीं देगी। गृह मंत्री ने



इंटरव्यू में संविधान में संशोधन की सरकार की योजना संबंधी अटकलों को खारिज कर दिया। उन्होंने कहा, ''अगर हमें संविधान बदलना होता, तो हम पहले ही कर सकते थे।'' शाह ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) ने संसद में उसे प्राप्त बहुमत का कभी दुरुपयोग नहीं किया।

उन्होंने कहा, ''हमारे पास दस साल तक जो बहुमत रहा, हमने उसका दुरुपयोग नहीं किया। कांग्रेस की बहुमत का दुरुपयोग करने की आदत रही है, हमारी नहीं।'' शाह ने यह भी कहा कि सरकार देश से नक्सलवाद को समाप्त करने के लिए सर्वश्रेष्ठ प्रयास करेगी। उन्होंने कहा कि भाजपा की प्रतिबद्धताओं में कोई बदलाव नहीं हुआ है। उन्होंने इस बात को रेखांकित करते हुए कहा कि मोदी सरकार ने महिला आरक्षण अधिनियम और नागरिकता संशोधन अधिनियम को लागू किया। उन्होंने कहा कि विपक्षी कांग्रेस के पास भाजपा नीत सरकार पर निशाना साधने के लिए कोई मुद्दा नहीं है। शाह ने कहा, ''मैंने देशभर में यात्रा की है, सभी तीसरी बार प्रधानमंत्री मोदी को लाने के लिए इंतजार कर रहे हैं। बृहस्पतिवार को गांधी नगर में मेरा रोड शो उन इलाकों से गुजरा, जहां मैं सामान्य कार्यकर्ता के रूप में पार्टी के पोस्टर चिपकाता था।''गृह मंत्री ने कहा कि इस बार लोकसभा चुनाव में दक्षिण भारत में भाजपा अच्छा प्रदर्शन करेगी। उन्होंने कहा, ''दक्षिण भारत प्रधानमंत्री की लोकप्रियता को सीटों में बदलने के लिए तैयार है।'' शाह ने कहा कि मोदी सरकार ने बार-बार नक्सलियों से हिंसा का रास्ता छोड़ने को कहा है। उन्होंने कहा, ''छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार ने 90 दिन में नक्सलवाद से लड़ने के लिए बहुत काम किया है। हम भारत से माओवाद को समाप्त कर देंगे।

# जैसे अमेठी छोड़ना पड़ा, वैसे ही अब वायनाड भी छोड़ेंगे

### नांदेड़ की रैली में राहुल गांधी को लेकर बोले पीएम मोदी




नांदेड़ (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महाराष्ट्र के नांदेड़ में शनिवार को चुनावी रैली को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। पीएम मोदी ने कहा, कांग्रेस के शहजादे को भी वायनाड में संकट दिख रहा है। शहजादे और उनकी टोली 26 अप्रैल को वायनाड में वोटिंग का इंतजार कर रही है। जैसे ही वहां 26 अप्रैल को वहां वोटिंग पूरी हो जाएगी। ये शहजादे के लिए एक और सुरक्षित सीट घोषित कर देंगे। जैसे इन्हें अमेठी छोड़ना पड़ा मान कर चलिए वे अब वायनाड भी छोड़ेंगे। परभणी में जनसभा को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा, 2024 का चुनाव केवल सरकार बनाने के लिए नहीं हो रहा है। इस चुनाव का लक्ष्य है भारत को विकसित बनाना, भारत को आत्मनिर्भर बनाना। इसलिए 2024 के चुनाव के मुद्दे सामान्य मुद्दे नहीं हैं, हर मुद्दा महत्वपूर्ण है, हर कदम महत्वपूर्ण है, हर संकल्प महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का ये परिवार आजादी के बाद पहली बार खुद कांग्रेस को ही वोट नहीं देगा। क्योंकि जहां वो रहते हैं, वहां कांग्रेस का उम्मीदवार ही नहीं है। जिस परिवार के भरोसे कांग्रेस चलती है, वो परिवार खुद कांग्रेस को वोट नहीं दे पाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को कहा, आज परभणी के 12 लाख से ज्यादा गरीबों को बिना भेदभाव मुफ्त राशन मिल रहा है, ताकि उनके घर का चूल्हा जलता रहे और ये सुविधा आने वाले 5 वर्षों में भी जारी रहेगी। आज परभणी में 17 जनऔषधि केंद्रों से सभी को 80 फीसदी छूट पर दवाएं मिल रही हैं। यहां बिना भेदभाव सवा लाख से ज्यादा महिलाओं को उज्ज्वला गैस कनेक्शन दिया गया है। पीएम मोदी ने कहा कि 2014 में जब मैं पहली बार लोकसभा का चुनाव लड़ रहा था उस समय चुनाव में क्या बातें होती थीं। अखबार किन बातों से छाए रहते थे। टीवी पर किन बातों की चर्चा होती थी। तब बात आतंकी हमलों के डर की होती थी। आए दिन बम धमाकों की खबरें और हमारे वीर जवानों की शहादत की पीड़ा यही छाया रहता था। उन्होंने कहा, 5 साल बाद 2019 में सीमापार से होने वाले हमलों की चर्चा बंद हो गई और सर्जिकल स्ट्राइक और ये तो मोदी है घर में घुस कर मारता है की चर्चा होने लगी। पीएम मोदी ने कहा, कांग्रेस का ये परिवार आजादी के बाद पहली बार खुद कांग्रेस को ही वोट नहीं देगा। क्योंकि जहां वो रहते हैं, वहां कांग्रेस का उम्मीदवार ही नहीं है। जिस परिवार के भरोसे कांग्रेस चलती है, वो परिवार खुद कांग्रेस को वोट नहीं दे पाएगा।

## अमरीका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की बढ़ी मुश्किलें

### ● एडल्ट स्टार को धन देने के मामले की होगी सुनवाई

**न्यूयॉर्क (एजेंसी)।** न्यूयॉर्क की एक अपीली अदालत ने अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा एक एडल्ट स्टार को गुप्त रूप से धन देने संबंधी मामले की सुनवाई रोके जाने की आखिरी समय में की गई कोशिश को शुक्रवार को खारिज कर दिया। ट्रंप ने जूरी के चयन में अनुचित जल्दबाजी की बचाव पक्ष की शिकायतों के मद्देनजर यह अनुरोध किया था। न्यायमूर्ति मार्शा



माइकल ने संक्षिप्त सुनवाई के कुछ ही मिनट बाद फैसला सुनाया। सुनवाई रोके जाने के अनुरोध पर मध्य-स्तरीय अपीली अदालत में दलीलें उस समय पेश की गई जब कुछ ही घंटों पहले इस मामले की सुनवाई के लिए जूरी चयन प्रक्रिया पूरी हुई थी। अदालत के इस फैसले के बाद ट्रंप के खिलाफ आपराधिक मुकदमे में सोमवार से बहस शुरू हो सकेगी। ट्रंप की ओर से एडल्ट स्टार स्टॉर्मी डेनियल्स को धन दिए जाने का यह मामला 2016 का है।

# सरकार बनी तो जल्द ही खत्म कर देंगे अग्निवीर योजना: राहुल गांधी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भागलपुर में एक सार्वजनिक रैली को संबोधित करते हुए कांग्रेस राहुल गांधी ने कहा की बीजेपी 150 सीटों से ज्यादा नही जीतेगी। उन्होंने कहा कि वे लोग अपने लिये खुद ही बढ़ा चढ़ाकर बता रहे हैं, लेकिन जनता उनको इस बात मौका नहीं देगी। राहुल गांधी ने कहा कि इंडिया गुट की सरकार बनीं तो वे पांच तरह की गारंटी फौरन देंगे। ये योजना युवा,

### ● महिलाओं को देंगे एक लाख, राहुल गांधी ने भागलपुर में किए कई वादे

किसान, महिला, मजदूर, आशा वर्कर्स और सेना जुड़ा है। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार आते ही गरीबों की लिस्ट बनाई जाएगी और हर परिवार की एक महिला के खाते में आठ हजार से ज्यादा रुपये हर महीने डाले जाएंगे। बिहार के भागलपुर में अपनी पहली चुनावी रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा, ''देश के गरीबों, दलितों और आदिवासियों को जो कुछ भी मिला है, वह संविधान के कारण है।

अगर संविधान को खत्म कर दिया गया, तो सभी चीजें खत्म हो जाएंगी।'' केंद्र में सत्तारूढ़ भाजपा पर संविधान को ''खत्म'' करने की कोशिश करने का आरोप लगाते हुए शनिवार को कहा कि 'इंडिया' गठबंधन उसके इस प्रयास को विफल कर देगा। राहुल गांधी ने कहा कि पूरा देश बेरोजगारों का सेंटर बन गया है। युवा वर्ग दिनभर में से 8 घंटे इंस्टाग्राम और फेसबुक पर लगे रहते हैं।

राहुल गांधी ने साफ किया कि उनकी सरकार ग्रेजुएट, डिप्लोमा होल्ड को अप्रेंटिसशिप का अधिकार देगी। इससे



हर युवा के लिए पहली नौकरी का अधिकार मिल जाएगा। उन्हें हर महीने प्रशिक्षण के दौरान करीब साढ़े 8 हजार रुपये मिलेंगे। आगे नौकरी पक्की होने की पूरी संभावना होगी। खास बात यह है कि यह व्यवस्था निजी और सरकारी दोनों सेक्टर में होगी। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार बनने पर अग्निवीर योजना को खत्म कर सेना में पुरानी भर्ती व्यवस्था को लागू किया जाएगा तथा मोदी सरकार द्वारा किसानों के खिलाफ लाए गए गलत कानून को रद्द कर उनके उत्पाद के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य तय किया जाएगा और किसानों का कर्ज माफ कर दिया जाएगा।

## सलमान केस में अब अनमोल बिश्नोई भी आरोपी

### पुलिस ने बताया-होली पर ट्रेनिंग के लिए बिहार गए थे शूटर्स

**मुंबई (एजेंसी)।** सलमान खान केस में मुंबई क्राइम ब्रांच ने अब तक दो शूटरों-विक्की गुप्ता और सागर पाल को आरोपी बनाया था जिन्हें मंगलवार को गिरफ्तार भी कर लिया गया। इस केस में अब आरोपी के रूप में अनमोल बिश्नोई का भी नाम जोड़ा गया है, जो जेल में बंद लॉरेंस बिश्नोई का भाई है। मुंबई पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने शुक्रवार को बातचीत में इस खबर की पुष्टि की। अधिकारी के अनुसार, अनमोल के खिलाफ



मुंबई में यह पहला केस दर्ज है। मंगलवार को विक्की और सागर की रिमांड अप्लीकेशन में मुंबई क्राइम ब्रांच ने एक वॉन्टेड आरोपी का जिक्र किया था, लेकिन उसका नाम नहीं लिखा था।

# मोदी सरकार के तीन 'आपराधिक' कानूनों से खुश हो गए सीजेआई

### ● बोले डीवाई चन्द्रचूड़-भारत बदल रहा है, नए युग की शुरुआत

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत के मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ ने शनिवार को देश में तीन नए आपराधिक कानून बनाए जाने की खूब तारीफ की। उन्होंने कहा कि यह भारत के बदलने का स्पष्ट संकेत है। सीजेआई के अनुसार, नए कानूनों ने क्रिमिनल जस्टिस को लेकर भारत के कानूनी ढांचे को एक नए युग में बदल दिया है। उन्होंने 'आपराधिक न्याय प्रणाली के प्रशासन में भारत का प्रगतिशील पथ' विषय पर यहां आयोजित एक सम्मेलन में कहा कि नए कानून तभी सफल होंगे यदि ''हम नागरिकों के रूप में उन्हें अपनाएं।'' प्रधान न्यायाधीश ने नए आपराधिक न्याय कानूनों के लागू होने को समाज के लिए ऐतिहासिक क्षण बताते हुए कहा कि भारत अपनी आपराधिक न्याय प्रणाली में महत्वपूर्ण बदलाव के लिए तैयार है। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने कहा कि नए अधिनियमित



कानूनों ने आपराधिक न्याय पर भारत के कानूनी ढांचे को एक नए युग में बदल दिया है। उन्होंने कहा कि पीड़ितों के हितों की रक्षा करने और अपराधों की जांच एवं अभियोजन में कुशलता के लिए अत्यावश्यक सुधार किए गए हैं। सीजेआई ने कहा, ''संसद द्वारा इन कानूनों को पास किया जाना इस बात का स्पष्ट संकेत है कि भारत बदल रहा है एवं आगे बढ़ रहा है और मौजूदा चुनौतियों से निपटने के लिए नए कानूनी उपकरणों की जरूरत है।'' चंद्रचूड़ के मुताबिक, नए कानून तभी सफल होंगे जब इन्हें लागू करने की जिम्मेदारी संभालने वाले लोग इन्हें अपनाएंगे। इस सम्मेलन में केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल, अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणी और सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता भी मौजूद थे। देश की आपराधिक न्याय प्रणाली को पूरी तरह से बदलने के लिए नए बनाए गए कानून 'भारतीय न्याय संहिता', 'भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता' और 'भारतीय साक्ष्य अधिनियम' एक जुलाई से लागू होंगे। हालांकि, 'हिट-एंड-रन' के मामलों से संबंधित प्रावधान को तुरंत लागू नहीं किया जाएगा। तीनों कानूनों को पिछले साल 21 दिसंबर को संसद की मंजूरी मिली थी।

## नाबालिग रेप-विक्टिम ने अबॉर्शन की इजाजत मांगी

### ● 28 हफ्ते की है प्रेग्नेंट, सुप्रीम कोर्ट ने अर्जेंट सुनवाई की ● मेडिकल कराने का आदेश

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** महाराष्ट्र की 14 साल की रेप पीड़ित ने सुप्रीम कोर्ट से अबॉर्शन की इजाजत मांगी है। पीड़ित 28 हफ्ते की प्रेग्नेंट है। सुप्रीम कोर्ट ने मामले पर शुक्रवार 19 अप्रैल को शाम 4.30 बजे अर्जेंट सुनवाई की। शीर्ष कोर्ट ने पीड़ित का मेडिकल कराने का आदेश दिया है। पीड़ित का कल यानी 20 अप्रैल को महाराष्ट्र के हॉस्पिटल में मेडिकल होगा। इसमें ये देखा जाएगा कि अबॉर्शन का नाबालिग पर शारीरिक और मानसिक रूप से क्या असर होगा। सीजेआई चंद्रचूड़ और जस्टिस जेबी पारदीवाला की बेंच ने इस मामले पर विशेष सुनवाई की। इस मामले में जस्टिस ऐश्वर्या भाटी भी बेंच की मदद के लिए मौजूद रहीं। नाबालिग की मां ने जो याचिका दायर की है कि उनमें बॉम्बे हाईकोर्ट के 4 अप्रैल 2024 के आदेश को चुनौती दी गई है।

## कर्नाटक में कांग्रेस पार्षद की बेटी की हत्या को लेकर संग्राम

### ● लड़की के पिता और बीजेपी ने लव जिहाद बताया, सिद्धारमैया बोले-हत्या निजी कारणों से की गई

**बेंगलुरु (एजेंसी)।** कर्नाटक के हुबली में कांग्रेस पार्षद निरंजन हिरेमथ की बेटी के मर्डर केस को भाजपा ने लव जिहाद का मामला बताया है। केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी ने कहा कि इस घटना के पीछे लव जिहाद का एंगल है। कांग्रेस के शासन में कानून व्यवस्था पूरी तरह से खराब हो गई है। उधर, लड़की के पिता ने भी घटना को लव जिहाद का मामला बताया। उन्होंने दावा किया कि आरोपी ने उनकी बेटी को फंसाने की योजना बनाई थी। वे उसे धमकी दे रहे थे, लेकिन हमारी लड़की ने इस पर ध्यान नहीं दिया। इस बीच राज्य के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने लव जिहाद के दावों को खारिज कर दिया है। उन्होंने कहा कि यह हत्या निजी कारणों से



की गई है और राज्य में कानून व्यवस्था बिल्कुल दुरुस्त है। दरअसल, कर्नाटक के हुबली स्थित बीवीबी कॉलेज कैंपस में गुरुवार को कांग्रेस पार्षद निरंजन हिरेमथ की 23 साल की बेटी नेहा हिरेमथ की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। नेहा बीए फर्स्ट ईयर की स्टूडेंट थी। उसी कॉलेज के एक ड्रॉपआउट स्टूडेंट फैयाज खोंडुनाईक (23) ने नेहा के गले, पेट सहित शरीर पर चाकू से 7 वार किए।

## शत्रुघ्न सिन्हा बोले- इस चुनाव में टीएमसी का परचम लहराएगा और बीजेपी की भारी हार होगी

**आसनसोल/कोलकाता,एजेन्सी।** अभिनेता से नेता बने शत्रुघ्न सिन्हा , जिन्हें सत्तारूढ़ टीएमसी ने आसनसोल लोकसभा सीट से दोबारा उम्मीदवार बनाया है, ने शुक्रवार को कहा कि एनडीए 150-175 पर सिमट जाएगा। 2024 के लोकसभा चुनाव में सीटें. सिन्हा ने कहा, इस चुनाव में टीएमसी का परचम लहराएगा और बीजेपी की भारी हार होगी। जो लोग 400 पार का नारा दे रहे हैं, उन्हें इस बार 2004 का नतीजा याद आ सकता है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर हमला बोलते हुए कहा, पीएम ने अपनी ऊर्जा का इस्तेमाल सही दिशा में नहीं किया है. उन्होंने आगे कहा कि आज देश का कर्ज चार गुना बढ़ गया है. पीएम मोदी अपनी विश्वसनीयता खो चुके हैं. वे प्रचार मंत्री बन गये हैं. चुनावी बांड के घोटाले पर बोलते हुए उन्होंने कहा, इस मामले की उचित जांच होनी चाहिए लेकिन अभी तक कोई जांच नहीं की गई है। प्रमुख मुद्दों को संबोधित नहीं करने के लिए भारतीय जनता पार्टी ( भाजपा ) की आलोचना करते हुए उन्होंने कहा, विभिन्न पहलुओं को उनके ( भाजपा ) द्वारा दबा दिया गया है। वे रोजगार, मुद्रास्फीति और पेट्रोल और डीजल की बढ़ती कीमतों के बारे में बात नहीं कर रहे हैं; बिना किसी मुद्दे के, हमारे सीएम ममता बनर्जी पर बार-बार हमला किया गया है। इस बार हम भाजपा को करारा जवाब देंगे , ऐसा जवाब न तो पहले देखा गया और न ही भविष्य में देखा जाएगा। टीएमसी सांसद ने आगे कहा, हम एक चीज के लिए मशहूर हैं और कुछ लोगों के बीच बदनाम भी हैं, हम जो भी कहते हैं वो करते हैं और जो भी करते हैं वो कहते हैं ( हम जो कहते हैं वो करते हैं, और जो करते हैं वही करते हैं)। इससे पहले गुरुवार को टीएमसी नेता कुणाल घोष ने मजबूत विश्वास जताते हुए कहा था कि आगामी आम चुनाव में बीजेपी की हार होगी और ममता बनर्जी और उनकी पार्टी अगली सरकार में अहम भूमिका निभाएगी.

# स्थानीय बाहुबलियों के कारण काम नहीं कर पा रहे, छह दिन से भूख हड़ताल पर तृणमूल पार्षद

**कोलकाता,एजेन्सी।** शहर के उत्तरी हिस्से से एक तृणमूल कांग्रेस पार्षद छह दिनों से भूख हड़ताल पर हैं और आरोप लगाया है कि एक अन्य नेता ने उनके क्षेत्र में एक पार्टी चुनाव कार्यालय खोला है और उन्हें काम करने से रोक दिया है।

कलकत्ता नगर निगम (सीएमसी) के वार्ड नंबर 49 की पार्षद मोनालिसा बनर्जी ने अपने क्षेत्र में देबाशीष बनर्जी के नेतृत्व वाले पार्टी के दूसरे गुट द्वारा एक और पार्टी चुनाव कराए जाने के बाद रविवार को अपने कार्यालय के सामने भूख हड़ताल शुरू कर दी। 2020 में कांग्रेस से टीएमसी में शामिल हुई मोनालिसा ने आरोप लगाया कि बनर्जी ने उन्हें सूचित नहीं किया कि वह उनके वार्ड में पुराना चुनाव कार्यालय होने के बावजूद नया चुनाव कार्यालय स्थापित कर रहे हैं।

पार्षद की कुर्सी संभालने के बाद पहले दिन से ही मुझे कई समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। देबाशीष बनर्जी मेरे पीछे



पड़े हैं। अब, उन्होंने मुझे बताए बिना मेरे वार्ड में एक चुनाव कार्यालय खोला है। और मुझे विश्वास है कि उन्हें समर्थन मिल रहा है कोई है जो इस महत्वपूर्ण लोकसभा चुनाव के दौरान पार्टी में तोड़फोड़ करने की कोशिश कर रहा है, मोनालिसा ने पीटीआई से कहा।

वार्ड संख्या 49 कोलकाता उत्तर लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आता है जहां टीएमसी ने पार्टी के वरिष्ठ नेता और मौजूदा सांसद सुदीप बंद्योपाध्याय को मैदान में उतारा है। मोनालिसा ने इस संबंध में पिछले हफ्ते मध्य कोलकाता में हिंद सिनेमा के पास बंद्योपाध्याय के कार्यालय के सामने एक और प्रदर्शन किया था, जब सियालदह में सुरेंद्रनाथ कॉलेज के पास उनके वार्ड कार्यालय के सामने एक सीसीटीवी लगाया गया था।

सुदीप दा वहां आए जहां मैंने पिछले सप्ताह प्रदर्शन किया था और मुझसे वादा किया था कि ऐसा कोई चुनाव कार्यालय नहीं खोला जाएगा और पुराने कार्यालय का ही उपयोग किया जाएगा। उन्होंने मुझे यह भी आश्वासन दिया कि किसी की ओर से कोई गड़बड़ी नहीं होगी और मैं ऐसा कर सकूंगा। काम... , उसने कहा। टीएमसी पार्षद ने आरोप लगाया कि तमाम वादों के बावजूद नया चुनाव कार्यालय खोला गया और इसके उद्घाटन के मौके पर पार्टी सांसद के लोग मौजूद थे. यह पूछे जाने पर कि वह अपनी भूख हड़ताल कब तक जारी रखेंगी, मोनालिसा ने कहा, जब तक समस्या का समाधान नहीं हो जाता।

उन्होंने कहा, मामला सुलझने तक मैं जारी रहूंगी। पार्टी के शीर्ष नेतृत्व से किसी ने भी आज तक मुझसे संपर्क नहीं किया है। मैं पार्टी के वरिष्ठ नेताओं का ध्यान आकर्षित करूंगी। संपर्क करने पर देबाशीष बनर्जी ने आरोपों को खारिज कर दिया और कहा कि उन्हें ऐसी किसी भूख हड़ताल की जानकारी नहीं है और वह इस मामले पर कुछ भी टिप्पणी नहीं करेंगे। उन्होंने कहा कि बेहतर होगा कि पार्टी नेतृत्व प्रतिक्रिया दे. बनर्जी ने कहा, मुझे नहीं पता कि कोई भूख हड़ताल कर रहा है। मैंने उसके आरोप सुने हैं, लेकिन सभी निराधार और सरासर झूठ हैं। मैं इस मामले पर प्रतिक्रिया नहीं दूंगी और पार्टी नेतृत्व से हस्तक्षेप करने की मांग करूंगी। बंद्योपाध्याय को बार-बार कॉल करने पर कोई जवाब नहीं मिला।

# आठ किमी पैदल चले, नाव से शारदा नदी पारकर डाला वोट

**कलीनगर/कोलकाता,एजेन्सी।** लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए मतदान में भागीदारी हर मतदाता के लिए जरूरी है, लेकिन लंबी दूरी और कई अन्य दुश्वारियों के बावजूद वोट डालने का उत्साह शारदा नदी के पार बसे परिवारों से ही सीखा जा सकता है। पीलीभीत में मतदान करने के लिए इन परिवारों ने आठ किलोमीटर की दूरी पैदल तय की। बाद में नाव से नदी को पारकर मतदान किया। कलीनगर तहसील में ढकिया ताल्लुके महाराजपुर के मौजा गोरख डिब्बी, थारू पट्टी और गुन्हान क्षेत्र में करीब 170 परिवार रहते हैं। इनमें मतदाओं की संख्या करीब पांच सौ है। इन्हें वोट डालने के लिए गांव से पांच किमी की दूरी तय कर नदी पर आना पड़ता है। बाद में नाव से नदी को पार कर फिर तीन किमी की दूरी पैदल तय कर नगरिया खुर्द और रमनगरा क्षेत्र के बूथों पर आकर वोट डाल पाते हैं।



शुक्रवार को लोकसभा चुनाव के प्रथम चरण में जनपद में मतदान को लेकर सुबह से वोट डालने के लिए आने वाले इन परिवारों की भीड़ नदी पर देखने को मिली। पुरुषों के साथ महिलाओं और युवाओं में जबरदस्त उत्साह देखा गया। चरन राणा ने बताया कि हर बार वोट जरूर डालते हैं। बंदो देवी, भानडु राणा व अशोक राणा ने भी ऐसी ही बात कही। धूप से बचने के लिए सुबह जल्दी किया मतदान तेज धूप और हवा के थपेड़ों से बचने के लिए शारदा पार के मतदाताओं ने शुक्रवार को सुबह जल्द ही मतदान केंद्र पर पहुंचना शुरू कर दिया था। क्षेत्रीय लोगों का कहना है कि अधिकतर मतदाताओं ने सुबह से 11 बजे तक अपने मतों का प्रयोग कर लिया था।

मतदान और धूप से बचाव भी जरूरी मझोला के नेहरु इंटर कॉलेज के मतदान केंद्र पर भी मतदाताओं का उत्साह दिखा। जोशी कॉलोनी के मतदान केंद्र पर सुबह से ही मतदाताओं की लाइन दिखी। युवा, महिला-पुरुष और बुजुर्ग सभी ने बढ़-चढ़कर मतदान किया। उच्च प्राथमिक विद्यालय बहरुआ कालोनी में मतदाताओं ने धूप और हवा की परवाह न करते हुए मतदान किया। यहां मतदान करने पहुंचे निरंजन कुमार अपने साथ छाता भी लाए थे। उन्होंने, मतदान के साथ सेहत का भी ध्यान रखा।

## केंद्रीय बलों का इस्तेमाल बीजेपी कैडर की तरह कर रहे-ममता बनर्जी

**जंगीपुर/कोलकाता,एजेन्सी।** शुक्रवार को चुनाव आयोग पर निशाना साधते हुए, बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने दावा किया कि केंद्रीय बल पार्टी कैडर की तरह काम कर रहे थे जो चुनाव लाइनों को नियंत्रित कर रहे थे और मतदाताओं को धमकी दे रहे थे। मुर्शिदाबाद के जंगीपुर में एक रैली में बनर्जी ने कहा, मैं केंद्रीय बलों से प्यार करती हूं। मैं उनके खिलाफ नहीं हूं। लेकिन यह पहली बार है जब मैं केंद्रीय बलों को उनके (भाजपा) पार्टी कैडर के रूप में इस्तेमाल होते देख रही हूं।

मैं अब अंग्रेजी में बोलूंगा ताकि यह भाजपा आयोग के कानों तक पहुंच सके। अपने विनम्र अभिवादन के साथ, क्या मैं भाजपा आयोग के ज्ञान को सामने ला सकता हूं और उनसे पूछ सकता हूं कि कूच बिहार चुनावों में केवल केंद्रीय बल ही क्यों काम कर रहे हैं... चार सशस्त्र सीएएफ जवान तैनात हैं और राज्य पुलिस का प्रतिनिधित्व केवल एक होमगार्ड द्वारा किया जाता है . क्यों? उसने कहा. आप निष्पक्ष चुनाव की उम्मीद कैसे करते हैं? सीएम ने जोड़ा. बनर्जी ने आरोप लगाया कि कनिष्ठ केंद्रीय गृह मंत्री निसिथ प्रमाणिक अपने उद्देश्यों के लिए केंद्रीय बलों का इस्तेमाल कर रहे हैं। उनका नाम बताए बिना उन्होंने कहा, जो शादी करा रहा है वह पुजारी बन गया है।

आज, चोटो ( जूनियर ) गृह मंत्री के यहां चुनाव हो रहे हैं। और लाइन को नियंत्रित करने से लेकर, बूथ क्षेत्र में गश्त करने और मतदाताओं को धमकाने तक, सीएएफ अपना काम कर रहा है... क्या मैं भाजपा आयोग से पूछ सकता हूं, क्या ऐसा नहीं है यह सच है कि पुलिस की तैनाती राज्य के हाथ में है? बनर्जी ने कहा, मंत्री सीएएफ का इस्तेमाल कर रहे हैं। क्या यह अनैतिक नहीं है? मुझे पता चला है कि उन्होंने ( भाजपा ) स्थानीय लोगों से यह कहते हुए कागजात पर हस्ताक्षर कराए कि वे सीएएफ की तैनाती चाहते हैं क्योंकि अतीत में गड़बड़ी हुई थी।

सीएम ने कहा, भाजपा वोट लूटने के लिए केंद्रीय बलों का दुरुपयोग कर रही है। अगर भाजपा लगातार तीसरी बार सत्ता में लौटी, तो संविधान का अस्तित्व खत्म हो जाएगा, लोकतंत्र खत्म हो जाएगा। यह चुनाव आजादी की दूसरी लड़ाई से कम नहीं है। उन्होंने कहा कि उनके पास अपने दावों को साबित करने के लिए सबूत हैं। हरिहरपारा में एक रैली में टीएमसी प्रमुख ने आरोप लगाया कि बीजेपी जीत के लिए दंगों का सहारा ले रही है। भाजपा अपने राजनीतिक उद्देश्य की पूर्ति के लिए केवल रक्तपात और हिंसा में विश्वास करती है... भाजपा नेताओं ने हथियारों के साथ जुलूस क्यों निकाला और अदालत के आदेशों का उल्लंघन क्यों किया? उसने कहा। उन्होंने धार्मिक स्थलों को क्यों जलाया और हमला क्यों किया? वे अल्पसंख्यकों के घरों में एनआईए क्यों भेज रहे हैं? सीएम ने जोड़ा.

बनर्जी ने गुरुवार को इंडिया ब्लॉक के साझेदार सीपीएम और कांग्रेस पर बंगाल में बीजेपी से हाथ मिलाने का आरोप लगाया था। उन्होंने कहा, बंगाल में कोई भारतीय गठबंधन नहीं है। मैंने विपक्षी गुट के गठन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई... लेकिन यहां बंगाल में सीपीएम और कांग्रेस बीजेपी के लिए काम कर रही हैं।

## कोलकाता वोट डालने के लिए मतदान केंद्रों के बाहर कतार में खड़े

**कोलकाता,एजेन्सी।** सात दशकों तक, वे अपनी पहचान और अधिकारों को पहचाने बिना असमंजस की स्थिति में रहे। लेकिन 2015 में ईपीआईसी कार्ड के साथ सब कुछ बदल गया, जब ऐतिहासिक भारत-बांग्लादेश भूमि-अदला-बदली समझौते के बाद दिनहाटा में नो-मैन्स लैंड के निवासियों को नागरिकता की पेशकश की गई। शुक्रवार को, उत्साह स्पष्ट था क्योंकि वे वोट डालने के लिए मतदान केंद्रों के बाहर कतार में खड़े थे, एक संवैधानिक अधिकार जिसका प्रयोग करने के लिए उन्हें वर्षों तक इंतजार करना पड़ता था।

पिछले नौ वर्षों में जीवन अच्छे के लिए बदल गया है। पहले हमारे गांव में बिजली नहीं थी. अगर हम अपने गांव से बाहर निकलते थे तो अक्सर पुलिस हमें हिरासत में ले लेती थी। लेकिन अब, हमारे गांव में बिजली है और हम पूरे देश में काम के लिए जाते हैं, दक्षिण मशालडांगा गांव के कॉलेज के द्वितीय वर्ष के छात्र बापी बर्मन ने कहा। उन्होंने कहा, पहले, मेरे माता-पिता चुनाव के दिनों में खुद को उपेक्षित महसूस करते थे। उन्हें वोट देने का अधिकार नहीं था। लेकिन शुक्रवार को, हम सभी बेहद उत्साहित थे। यह मेरा तीसरा वोट था।

एक किसान दिलीप बर्मन ने कहा, हमारे पास घर थे लेकिन कोई पहचान नहीं थी। लेकिन अब हम सम्मान के साथ रहते हैं। इस चुनाव में हमें एक स्कूल, एक अस्पताल और नौकरी के अधिक अवसर मिलने की उम्मीद है। पहली बार मतदाता बने अल अमीन इस्लाम (18) भी उतने ही उत्साहित थे, जिनके परिवार को दिनहाटा के छितमहल पुनर्वास केंद्र में 1,200 वर्ग फुट का घर दिया गया था। कॉलेज के प्रथम वर्ष के छात्र अमीन ने कहा, अब मेरे पास एक देश है जिसे मैं अपनी मातृभूमि कह सकता हूं। शुक्रवार को मैंने पहली बार मतदान किया।

जैसा कि सीएए पर अटकलें राजनीतिक चर्चा पर हावी हैं, यहां रहने वाले लोगों ने कहा कि उन्हें सीएए या एनआरसी का डर नहीं है। एमडी सरौल ने कहा, हम भारत और बांग्लादेश के बीच एक द्विपक्षीय समझौते के माध्यम से आए हैं। लेकिन हमें परेशान करने वाली बात यह है कि हमें अभी तक फ्लैटों का स्वामित्व नहीं मिला है और नौ साल पहले छोड़ी गई जमीन के बदले में हमें जो पैसा देने का वादा किया गया था, वह नहीं मिला है। , जो एक छोटा सा कपड़ा व्यवसाय चलाता है। परिक्षेत्रों का हस्तांतरण 31 जुलाई, 2015 को लागू किया गया था। परिणामस्वरूप, चार बांग्लादेशी जिलों में 111 भारतीय परिक्षेत्रों को बांग्लादेश में विलय कर दिया गया, जबकि कूच बिहार में 51 बांग्लादेशी परिक्षेत्रों को भारत में एकीकृत किया गया। 111 परिक्षेत्र लगभग 34,000 व्यक्तियों के घर थे। जब भारत में स्थानांतरित होने का विकल्प प्रस्तुत किया गया, तो 922 लोगों ने अपना नाम पंजीकृत कराया और यह कदम उठाया। वर्तमान में, ये व्यक्ति कूच बिहार के भीतर तीन बस्तियों में रहते हैं, विशेष रूप से दिनहाटा, हल्दीबाड़ी और मेखलीगंज में।

## बंगाल में पहले चरण के चुनाव में हिंसा के बाद चुनाव आयोग सख्त, दूसरे फेज के लिए केंद्रीय बल की 303 कंपनियां होंगी तैनात


**कोलकाता,एजेन्सी।** लोकसभा चुनाव के पहले चरण में कूचबिहार सहित उत्तर बंगाल की तीन सीटों पर मतदान के दौरान हुई छिटपुट हिंसा से सबक लेते हुए अब निर्वाचन आयोग ने दूसरे चरण के चुनाव के लिए राज्य में केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) की तैनाती बढ़ाने का फैसला किया है। दूसरे चरण का चुनाव आगामी 26 अप्रैल को होगा। राज्य के मुख्य चुनाव अधिकारी (सीइओ) आरिज आफताब ने कहा कि दूसरे चरण के अंतर्गत रायगंज, दार्जिलिंग और बालुरघाट जिलों में चुनाव होगा। इसके लिए निर्वाचन आयोग ने इन जिलों में सीएपीएफ की 303 कंपनियों को तैनात करने का फैसला किया है, ताकि चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से हो और राज्य में किसी भी प्रकार की अप्रिय स्थिति पैदा ना हो। चुनाव को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के मकसद से राज्य में सीएपीएफ की 273 कंपनियां पहले से ही है और 30 अन्य कंपनियां रविवार तक राज्य में पहुंच जाएगी। इस तरह राज्य में 303 कंपनियों



को तैनात कर दिया जाएगा। 30 अतिरिक्त कंपनियां सिक्किम और मेघालय से आएंगी। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की नाराजगी के बीच राज्य में केंद्रीय बलों की अतिरिक्त कंपनियों की तैनाती की जा रही है। इससे पहले शुक्रवार को ममता ने सीएपीएफ के संदर्भ में लिखे गए पत्र को लेकर निर्वाचन आयोग पर निशाना साधा था। एक चुनावी रैली में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सवाल किया था कि आखिर आप राज्य पुलिस को दरकिनार कर कैसे चुनाव संपन्न करा सकते हैं?

## भारत, इसके संविधान और लोकतांत्रिक व्यवस्था को बचाने के लिए बीजेपी को हराएं : लेफ्ट की बंगाल से अपील

**कोलकाता,एजेन्सी।** वाम मोर्चा ने गुरुवार को राज्य के लोगों से दो अपीलें जारी कीं - कथित तौर पर संविधान को नष्ट करने की कोशिश कर रही भाजपा के नेतृत्व वाली दक्षिणपंथी ताकतों और इसी तरह, भ्रष्ट तृणमूल कांग्रेस को हराएं।



वाम मोर्चा के अध्यक्ष बिमान बोस ने बंगाल में लोकसभा चुनाव के पहले चरण की पूर्व संध्या पर मीडिया के सामने कहा, भारत, इसके संविधान और लोकतांत्रिक व्यवस्था को बचाने के लिए, भाजपा को हराएं। राज्य को बचाने के लिए, तृणमूल कांग्रेस को हराएं। . इस भावपूर्ण अपील के कारणों को सूचीबद्ध करने वाली एक पुस्तिका जारी करते हुए बोस ने कहा कि भाजपा ने देश की लोकतांत्रिक विरासत पर अभूतपूर्व हमला किया है।

नरेंद्र मोदी सरकार ने अपने कार्यकाल के 10 वर्षों के दौरान लोकतांत्रिक मूल्यों और संस्थानों को कैसे नष्ट कर दिया, इस पर बोलते हुए बोस ने कहा कि संसद सत्र कम कर दिए गए हैं और राजनीतिक विरोधियों से लेकर पत्रकारों तक असहमति की हर आवाज को दबा दिया गया है। दो दिनों में, 146 सांसदों को निलंबित कर दिया गया। यह अभूतपूर्व है। बिना किसी चर्चा की गुंजाइश के विधेयक पारित किए गए... देश को असहमति से मुक्त करने के लिए, यूएपीए (गैरकानूनी गतिविधियां रोकथाम अधिनियम), एनएसए (राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम) और पीएमएलए (धन शोधन निवारण अधिनियम) को और अधिक कठोर बना दिया गया है, जबकि सरकार का विरोध करने वाले राजनीतिक नेताओं को जेल में डाल दिया गया है, वाम मोर्चा के सहयोगियों के नेताओं के साथ सीपीएम के दिग्गज ने कहा। चुनावी बांड का मुद्दा उठाते हुए बोस ने कहा कि गलत कमाई के पैसे का इस्तेमाल निर्वाचित विधायकों को खरीदने और विपक्षी दलों द्वारा संचालित सरकारों को गिराने के लिए किया गया। सुप्रीम कोर्ट द्वारा मतदाताओं के सूचना के अधिकार का उल्लंघन करने के लिए चुनावी बांड योजना को असंवैधानिक ठहराए जाने के बाद अर्थशास्त्री परकला प्रभाकर के एक हालिया साक्षात्कार का जिक्र करते हुए बोस ने कहा, यहां तक कि केंद्रीय वित्त मंत्री के पति ने भी चुनावी बांड को अब तक का सबसे बड़ा घोटाला करार दिया है। . वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के पति प्रभाकर ने चुनावी बांड मुद्दे को न केवल भारत का बल्कि दुनिया का सबसे बड़ा घोटाला करार दिया है।

मनुवादी दर्शन के पालन और दलितों पर हमलों के लिए भाजपा पर निशाना साधते हुए बोस ने मतदाताओं को याद दिलाया कि यह देश को बचाने और संविधान की रक्षा के लिए चुनाव है। साथ ही, वामपंथी नेता ने तृणमूल कांग्रेस की आलोचना करते हुए उसे भ्रष्टाचार का केंद्र बताया। लोगों को भाजपा की सहयोगी और अटल बिहारी वाजपेयी की कैबिनेट में मंत्री के रूप में ममता बनर्जी की पिछली भूमिका के बारे में याद दिलाते हुए उन्होंने कहा कि जिस तृणमूल ने जुलू (सत्यब्रत) मुखर्जी और तपन सिकदर जैसे भाजपा नेताओं के लिए संसद का रास्ता आसान किया था।

# पश्चिम बंगाल के लिए गंभीर लू की चेतावनी

**कोलकाता,एजेन्सी।** भारत के कई हिस्सों में गर्मी की तीव्रता बढ़ने के बीच, ओडिशा में शुक्रवार को सनस्ट्रोक के कारण पहली मौत की सूचना मिली। समाचार एजेंसी पीटीआई ने विशेष राहत आयुक्त कार्यालय के एक अधिकारी के हवाले से बताया कि बालासोर जिले के महेशपुर के 62 वर्षीय लक्ष्मीकांत साहू की 15 अप्रैल को सनस्ट्रोक से मौत हो गई। पश्चिमी ओडिशा के बौध शहर में राज्य का उच्चतम तापमान 44.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, इसके बाद उत्तरी शहर बारीपदा में 44.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। सार्वजनिक स्वास्थ्य निदेशक निरंजन मिश्रा के अनुसार, लू से संबंधित बीमारियों के कारण राज्य भर में 71 लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इनमें सुंदरगढ़ से 35 मामले सामने आए, जबकि मयूरभंज और अंगुल में सात-सात मामले दर्ज किए गए।

भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने शुक्रवार को ओडिशा के अलग-अलग इलाकों में और 22 अप्रैल तक गंगीय पश्चिम बंगाल में गंभीर लू की स्थिति की भविष्यवाणी की है। आईएमडी के अनुसार, राष्ट्रीय राजधानी में शुक्रवार को अधिकतम तापमान 39.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो मौसमी औसत से तीन डिग्री अधिक है। यह इस गर्मी में दिल्ली में अब तक का सबसे अधिक तापमान दर्ज किया गया है। आईएमडी ने शनिवार को तेलंगाना के 20 जिलों के अलग-अलग इलाकों में हीट वेव की स्थिति की भी भविष्यवाणी की। पीली गर्मी की लहर की



चेतावनी जारी होने के बाद, तेलंगाना स्वास्थ्य विभाग ने एक सलाह जारी कर जनता से बाहरी गतिविधियों से परहेज करने का आग्रह किया, खासकर दोपहर 12 बजे से 3 बजे के बीच।

भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने शुक्रवार को ओडिशा के अलग-अलग इलाकों में और 22 अप्रैल तक गंगीय पश्चिम बंगाल में गंभीर लू की स्थिति की भविष्यवाणी की है। आईएमडी के अनुसार, राष्ट्रीय राजधानी में शुक्रवार को अधिकतम तापमान 39.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो मौसमी औसत से तीन डिग्री अधिक है। यह इस गर्मी में दिल्ली में अब तक का सबसे अधिक तापमान दर्ज किया गया है। तेलंगाना के सार्वजनिक स्वास्थ्य और परिवार कल्याण निदेशक ने राज्य में भीषण गर्मी की चेतावनी के बीच गर्मी से बचाव के लिए एक सलाह जारी की। सलाह में हाइड्रेटेड रहने, घर के अंदर आश्रय लेने और सतर्क रहने पर जोर दिया गया है।

शुक्रवार को, विदर्भ, मराठवाड़ा और रायलसीमा के कई इलाकों के साथ-साथ मध्य महाराष्ट्र, तेलंगाना, छत्तीसगढ़, ओडिशा, उत्तरी मध्य प्रदेश और गंगीय पश्चिम बंगाल के कुछ हिस्सों में अधिकतम तापमान 42-44 डिग्री सेल्सियस के बीच बढ़ गया।- पूर्वी मध्य प्रदेश, पूर्वी उत्तर प्रदेश, तमिलनाडु, पुडुचेरी और कराईकल के कुछ क्षेत्रों और बिहार और पश्चिम मध्य प्रदेश के अलग-अलग इलाकों में तापमान 40-42 डिग्री सेल्सियस के बीच रहा। शनिवार और रविवार को ओडिशा के अलग-अलग हिस्सों में और बिहार, झारखंड और गंगीय पश्चिम बंगाल में 24 अप्रैल तक लू चलने की संभावना है।

- तेलंगाना में शनिवार और रविवार को, तटीय आंध्र प्रदेश, यनम और रायलसीमा में 22 अप्रैल तक और केरल, माहे, उप-हिमालयी पश्चिम बंगाल और सिक्किम में 24 अप्रैल तक गर्म और आर्द्र मौसम का अनुमान है। स्ब्ध ने इन राज्यों में बारिश की भविष्यवाणी की है

- मौसम विभाग ने अरुणाचल प्रदेश, असम, मेघालय, नागालैंड, मणिपुर, मिजोरम और त्रिपुरा सहित पूर्वोत्तर राज्यों में शनिवार से 24 अप्रैल तक व्यापक रूप से हल्की से मध्यम वर्षा की भविष्यवाणी की है।

- उप-हिमालयी पश्चिम बंगाल और सिक्किम में भी शुक्रवार को छिटपुट गरज, बिजली और तेज़ हवाओं (30-40 किमी प्रति घंटे) के साथ हल्की से मध्यम वर्षा/बर्फबारी होने की संभावना है।

- शुक्रवार से 22 अप्रैल तक मध्य महाराष्ट्र और मराठवाड़ा में भी हल्की बारिश होने की संभावना है, जबकि कोंकण और गोवा में शनिवार और रविवार को भी ऐसा ही होगा। विदर्भ और छत्तीसगढ़ में भी शनिवार से 22 अप्रैल तक और मध्य प्रदेश में 21 और 22 अप्रैल को बारिश होने की संभावना है.

- तटीय आंध्र प्रदेश और यनम, रायलसीमा, कर्नाटक, तेलंगाना, तमिलनाडु, पुदुचेरी और कराईकल- शनिवार से 23 अप्रैल तक गरज, बिजली और तेज़ हवाओं (30-40 किमी प्रति घंटे) के साथ छिटपुट बारिश की उम्मीद है।

## संक्षिप्त समाचार

### तीसरे दिन नमक सत्याग्रह गौरव यात्रा समिति का क्रमिक अन्न सत्याग्रह जारी



**गढ़पुरा, एजेंसी।** गढ़पुरा नमक सत्याग्रह स्थल पर पदयात्रियों के क्रमिक अन्न सत्याग्रह तीसरे दिन शुक्रवार को भी जारी रहा। निर्धारित समय के अनुसार कार्यक्रम में उपस्थित संस्था के संस्थापक सह राष्ट्रीय महासचिव राजीव कुमार ने बताया कि श्री बाबू की कर्मभूमि की उपेक्षा को लेकर प्रति वर्ष प्रखंड से लेकर जिला तक स्मारपत्र दिया जाता रहा है। बावजूद यह ऐतिहासिक धरोहर अपेक्षित पड़ा है। आज तक एक इंच जमीन अधिग्रहण नहीं किया जा सका है। ठेकेदार के द्वारा अवैध तरीके से दान में मिले जमीन के एक टुकडे पर ही त्रुटिपूर्ण भवन बना दिया गया। उन्होंने कहा कि बिहार केसरी की कर्मभूमि-गढ़पुरा के ऐतिहासिक नमक सत्याग्रह स्थल के विकास में हो रहे व्यवधान पर बेगूसराय जिले के जनप्रतिनिधियों व राजनीतिक दलों के नेताओं की चुप्पी आश्चर्यजनक और चिन्ता जनक है। आश्चर्यजनक तो यह है कि इतना होने के बाबजूद इस पावन व ऐतिहासिक महत्व के स्थान को उचित सम्मान और पहचान नहीं है। इस स्थल की उपेक्षा सामाजिक स्तर पर कुठाराघात है। आगे कहा कि बिहार के दांडी पर प्रस्तावित नमक सत्याग्रह स्मारक को मुख्यमंत्री के द्वारा किये गए शिलान्यास, नक्शा और डिजाइन के अनुसार फिर उससे और बेहतर रूप से निर्मित किया जाना चाहिए। मौके पर संस्था के उपाध्यक्ष अर्जुन प्रसाद सिंह, विनोद यादव, राजेश यादव, सुरेश पासवान, संगीता देवी, विभा देवी आदि उपस्थित थे।

### सुल्तानगंज स्टेशन का एडीआरएम ने लिया जायजा

**भागलपुर/सुल्तानगंज, एजेंसी।** अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत सुल्तानगंज रेलवे स्टेशन पर चल रहे कार्यों का निरीक्षण शुक्रवार को मालदा मंडल के एडीआरएम शिव कुमार सहित साथ चल रहे डीईएन गति शक्ति यूनिट, पंकज कुमार सहित डिविजनल स्तर के कई अधिकारी ने किया। इस दौरान स्टेशन अधिक्षक गिरिश प्रसाद सिंह मौजूद थे। इन अधिकारियों ने अमृत सुल्तानगंज स्टेशन के सौदर्यीकरण व यात्री सुविधा को लेकर स्टेशन परिसर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया। कहा गया कि हर हाल में श्रावणी मेला के पूर्व कार्य पूरा कर लिया जाये। वहीं बढ़ती गर्मी को लेकर स्टेशन पर चार वाटर कूलर लगाने का भी निर्देश दिया गया। इस दौरान प्लेटफार्म संख्या 1 से 4 तक जाने के लिए 12 मीटर चौड़ा फुट ओवर ब्रिज भी बनकर तैयार हो जाएगा।

### डिप्टी सीएम का हेलीकॉप्टर उतरा सुल्तानगंज


**भागलपुर/सुल्तानगंज, एजेंसी।** उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी का हेलीकॉप्टर शुक्रवार सुबह कृष्णानंद स्टेडियम सुल्तानगंज में उतरा। यहां से अधिकारी उन्हें कड़ी सुरक्षा के बीच लखनपुर स्थित मतदान केंद्र ले गए। जहां डिप्टी सीएम ने अपना मतदान किया तथा वापस सुल्तानगंज पहुंच हेलीकॉप्टर से गंतव्य की ओर प्रस्थान कर गए। मौके पर उपस्थित नगर परिषद के मुख्य पार्षद बांका लोकसभा कोर कमेटी के सदस्य राजकुमार गुड्डू, नगर अध्यक्ष नवीन कुमार बन्नी, मंडल अध्यक्ष संजय कुमार चौधरी, वरीय भाजपा नेता अरुण कुमार चौधरी, विकास कर्ण इत्यादि ने उनका स्वागत बुके और अंगवस्त्र देकर किया। सभापति ने बताया कि हेलीपैड स्थल पर उपस्थित कार्यकर्ता से मिलने के दौरान उन्होंने कहा कि 40 में से 40 सीट लाकर बिहार की जनता मोदीजी का हाथ मजबूत करेंगी। मतदाताओं पर मुझे पूर्ण भरोसा है। चुनाव के बाद सुल्तानगंज आने का आश्वासन दिया।

### दहेज देने जा रहे पिता को अपराधियों ने मारी गोली

**सीतामढ़ी, एजेंसी।** सीतामढ़ी में दहेज का रुपया देने जा रहे पिता को अपराधियों ने गोली मार कर एक लाख रुपए लूट लिया। घटना मेजरगंज थाना क्षेत्र के सोनौल महादेव पावर सब स्टेशन के पास की बताई जा रही है। घायल की पहचान नेपाल के सरलाही जिला निवासी प्रमोद महतो के रूप में किया गया है। फिलहाल घायल का इलाज शहर के निजी अस्पताल में चल रहा है। है।

## सबसे ज्यादा गया और कम नवादा में वोटिंग

# बिहार में पहले चरण की 4 सीटों पर 48.37 फीसदी मतदान



**नवादा, एजेंसी।** बिहार में लोकसभा चुनाव के पहले चरण की चार सीटों पर आज वोटिंग खत्म हो गई। पहले फेज में बिहार में 6,097 पोलिंग बूथ पर वोट डाले गए। पहले चरण की 4 सीटों पर शाम 6 बजे तक कुल 48.37 फीसदी मतदान हुआ। गया में सबसे ज्यादा 52 और नवादा में सबसे कम 41.50 प्रतिशत मतदान हुआ। वहीं, औरंगाबाद और जमुई में 50 प्रतिशत मतदान हुआ है। इससे पहले 2019 के लोकसभा चुनाव में औरंगाबाद में 53.63, गया में 56.16, नवादा में 49.33 और जमुई में 55.21 प्रतिशत मतदान हुआ था।

**2019 के मुकाबले 5 फीसदी कम वोटिंग :** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी एचआर श्रीनावास ने कहा कि 2019 के लोकसभा चुनाव के मतदान की तुलना में इस बार 5 फीसदी कम वोटिंग हुई है। पोलिंग के दौरान 21 बैलेट यूनिट खराब हुए। सात मतदान केंद्र पर वोट बहिष्कार हुआ है। इन केंद्रों पर दस से कम वोट डाले गए।

**शांतिपूर्ण संपन्न हुआ मतदान :** एडीजी एस गंगवार ने जानकारी देते हुए बताया कि पहले फेज के लिए बिहार में मतदान शांतिपूर्ण संपन्न हुआ। बिहार पुलिस के साथ अर्द्ध सैनिक बल लगाए गए थे। सैटेलाइट फोन का इस्तेमाल किया गया। बम निरोधक दस्ता भी लगाए गए। चुनावी घोषणा के बाद गहन छापेमारी की गई। नक्सल प्रभावित क्षेत्र में पैरा मिलिट्री फोर्सेज की तैनात किए गए थे। 55 हजार जवान लगाए। जिसमें 40 हजार हथियारबंद जवान थे।

**सिपाही की एसएलआर रायफल और 20 गोलियां चोरी :** मतदान के दौरान नवादा में बूथ संख्या 234 से एक सिपाही की एसएलआर रायफल और 20 गोलियां चोरी हो गई। जिसके बाद उसे सस्पेंड कर दिया गया।

### विदाई से पहले वोट करने पहुंची दुल्हन

जमुई में शादी के बाद विदाई से पहले दुल्हन अपने दूल्हे के साथ वोट करने पहुंची थीं। कहा कि लोकतंत्र के इस महापर्व में हिस्सा लेना हम सभी का कर्तव्य है। इस कारण शादी के बाद हमलोग मतदान करने सीधे बूथ पर पहुंचे। लोगों से अपील है कि अपने घरों से बाहर निकले और वोट करें।

### औरंगाबाद में ग्रामीणों ने चुनाव का किया बहिष्कार

औरंगाबाद लोकसभा सीट के नक्सल प्रभावित प्रखंड कोच के धनछुहा गांव में लोगों ने वोट बहिष्कार किया है। गांव के लोगों ने पोस्टर लगाया था.. रोड नहीं तो वोट नहीं। इसके साथ ही पोस्टर पर लिखा था- गांव में सभी नेताओं का प्रवेश वर्जित है। दूसरी तरफ, पोलिंग अफसर वोटर्स का इंतजार करते रह गए।

### चारों सीट पर एनडीए के मुकाबले आरजेडी के कैंडिडेट

एनडीए की तरफ से बीजेपी औरंगाबाद और नवादा सीट पर लड़ रही है, जबकि गया से हम के कैंडिडेट पूर्व सीएम जीतन राम मांझी मैदान में हैं। जमुई सीट पर चिराग के बहनोई अरूण भारती किस्मत आजमा रहे हैं। वहीं, चारों सीट पर इंडिया ब्लॉक की तरफ से आरजेडी के कैंडिडेट हैं।

## केके पाठक की बड़ी कार्रवाई, समस्तीपुर समेत बिहार भर के 67 बीईओ की सैलरी बंद करने का दिया आदेश



**पटना, एजेंसी।** शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव केके पाठक ने राज्य के 25 जिलों के 67 प्रखंड शिक्षा पदाधिकारियों (बीईओ) का वेतन भुगतान बंद करने का आदेश दिया है। इसको लेकर विभाग ने संबंधित जिला शिक्षा पदाधिकारियों को शुक्रवार को पत्र भेजा है। विभाग ने कहा है तत्काल इनका वेतन बंद करते हुए स्पष्टीकरण पूछिए की कमांड एंड कंट्रोल सेंटर का फोन ये क्यों नहीं रिसीव करते हैं। इन्हें बार-बार फोन करने पर भी ये पदाधिकारी बात नहीं करते हैं।

शिक्षा विभाग ने कहा है कि कमांड एंड कंट्रोल सेंटर में आई शिकायतों के संबंध में फोन कर प्रखंड शिक्षा पदाधिकारियों से जानकारी ली जाती है। इसी क्रम में कई पदाधिकारी फोन ही नहीं उठाते हैं। यह खेदजनक है।

विभाग ने कहा है कि अगर पहले से इनका वेतन बंद है तो इनके विरुद्ध आरोप पत्र गठित करें। अगर पहले से कोई निलंबित है या आरोप पत्र गठित है तो पूरक आरोप पत्र गठित करते हुए कठोर कार्रवाई की अनुशंसा करें। जिन जिलों के ये बीईओ हैं, उनमें अररिया, औरंगबाद, बांका, बेगूसराय, भागलपुर, भोजपुर, बक्सर, पूर्वी चंपारण, गोपालगंज, किशनगंज, मधुबनी, मुजफ्फरपुर, नालंदा, पटना, पूर्णिया, रोहतास, सहरसा, समस्तीपुर, सारण, सीतामढ़ी, सीवान, शेखपुरा, सुपौल, वैशाली और पश्चिम चंपारण शामिल हैं।

## प्रेम–प्रसंग में नवादा के युवक की हत्या : अज्ञात अपराधियों पर दर्ज हुआ मामला

### परिजन बोले-किसी लड़की से वीडियो-ऑडियो कॉल करता था



**नालंदा, एजेंसी।** नालंदा के कतरीसराय थाना क्षेत्र अंतर्गत छाछू बीघा गांव के पास शुक्रवार की सुबह नवादा के मुफस्सिल थाना क्षेत्र अंतर्गत मंझानपुर गांव निवासी हीरा यादव के बेटे संदीप कुमार(24) का शव पुलिस ने बरामद किया था। इस मामले में संदीप के पिता हीरा यादव द्वारा कतरीसराय थाना में अज्ञात अपराधियों के विरुद्ध हत्या का मामला दर्ज कराया गया है। इसमें उन्होंने बताया कि किसी लड़की से उनके बेटे का प्रेम प्रसंग चल रहा था, जो छाछू बीघा गांव की रहने वाली है। परिजनों ने बताया कि संदीप अक्सर वीडियो ऑडियो कॉल पर किसी लड़की से बात किया करता था। परिजन आशंका व्यक्त कर रहे हैं कि लड़की के ही बुलावे पर संदीप छाछू बीघा मेला देखने पहुंचा था।

जहां उसकी हत्या कर दी गई है। वह गिरियक प्रखंड के घोषरामा स्थित कॉलेज से ग्रेजुएशन कर रहा था। कतरीसराय थाना अध्यक्ष सत्यम तिवारी ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस मामले की अनुसंधान में जुट गई है। वहीं, युवक के मोबाइल का भी पता लगाया जा रहा है। शव को पोस्टमॉर्टम कराकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया गया है। लाठी-डंडे या रॉड से उसकी पिटाई की गई। पुलिस सभी बिंदुओं पर जांच कर रही है। जल्द ही मामले का खुलासा कर लिया जाएगा। दरअसल, संदीप मेला देखने की बात कह कर घर से निकला था। इसके बाद शुक्रवार की रात करीब 2 बजे उसने अपने भाई को कॉल कर बताया कि उसके साथ मारपीट की जा रही है। इसके बाद उसका मोबाइल स्विच ऑफ हो गया। सुबह हत्या की बात परिवार वालों को पता लगी।



## खाना बनाते समय सिलेंडर से निकली चिनगारी, घर जलकर राख

**जमुई, एजेंसी।** जमुई के खैरा थाना क्षेत्र में आग लगने से एक घर में मौजूद 7 लाख का सामान जलकर राख हो गया। जानकारी के अनुसार घटना अमारी गांव की है और शुक्रवार की रात खाना बनाने के दौरान गैस सिलेंडर से निकली चिनगारी से आग लगी थी। घर के मालिक राजेंद्र तांती के बेटे उदय तांती ने बताया कि उनकी पत्नी किचन में खाना बना रही थी। इस दौरान चूल्हे से चिनगारी निकली और आग लग गई। जब तक उसको बुझाने के लिए कोशिश की तब तक आग बहुत फैल गई। इससे घर में रखा पांच लाख रुपए नगद, सोने-चांदी के गहने, कपड़ा और बर्तन सहित सारा अनाज जलकर राख हो गया। पीड़ित ने बताया कि वह कमेटी चलता है इसलिए घर में 5 लाख रुपए कैश मौजूद था। जिला प्रशासन से मदद की गुहार लगाते हुए मुआवजा की मांग की। वहीं घटना की जानकारी के बाद खैरा थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। थानाध्यक्ष शशि भूषण झा ने बताया कि घर में खाना बनाने के दौरान आग लगी। नुकसान का अनुमान लगाया जा रहा है और साथ ही जांच की जा रही है।

## पूर्णिया में मायके आई एक्स-गर्लफ्रेंड की हत्या

### 4 महीने पहले घरवालों की मर्जी से की थी शादी; घर में अकेली थी, गला दबाकर मार डाला



**पूर्णिया, एजेंसी।** पूर्णिया में प्रेमी ने अपनी एक्स-गर्लफ्रेंड की गला दबाकर हत्या कर दी। 4 महीने पहले ही प्रेमिका ने घर वालों की रजामंदी से बंगाल के एक लड़के से शादी की थी। इसी बात से प्रेमी नाराज चल रहा था। गुरुवार रात प्रेमिका के घर के सभी लोग गांव में नाच देखने चले गए। जिसका फायदा उठाकर प्रेमी ने प्रेमिका की गला दबाकर हत्या कर दी। हत्या को आत्महत्या में बदलने के लिए शव को फंदे से लटकाकर फरार हो गया। लड़की का गला दबाने और खरोंच के गहरे निशान देख घर वालों को हत्या का शक हुआ। जिसके बाद लड़की की हत्या का राज खुला। मामला कसबा के कालीबाड़ी गांव की है। मृतका की पहचान कसबा थाना क्षेत्र के वार्ड-2 के कालीबाड़ी गांव निवासी वंदना कुमारी (19) के रूप में हुई है। शुक्रवार सुबह लड़की की उसके कमरे में लाश मिली।

### दरवाजा अंदर से बंद था

लड़की की मां ने जैसे कमरा खोला फंदे से लटकती उसकी लाश देखकर उसके होश ही उड़ गए। घर के दूसरे सदस्य और आसपास के लोग मौके पर जुटे। जिसके बाद पुलिस को जानकारी दी गई। घर वालों की शिकायत पर पुलिस ने लड़के को उसके घर से पकड़ा। पुलिस की पूछताछ में आरोपी प्रेमी ने हत्या की बात कबूल ली। जिसके बाद पुलिस ने प्रेमी को गिरफ्तार कर लिया है। मृतका की मां सरस्वती देवी ने कहा कि दरवाजा अंदर से लगा था। हम सरिया से दरवाजे को खोले। तब देखा मेरी बेटी साड़ी से बने फंदे से लटकी थी। आरोपी कमरे में वेंटिलेटर से आया था।

### दिसंबर में शादी हुई थी

मृतका वंदना कुमारी का गांव के ही सोलेन्ट कुमार (24) से पिछले 4 महीने पहले तक लव अफेयर चल रहा था। दिसंबर में बंगाल के रहने वाले एक लड़के से बेटी की शादी कर दी गई थी। शादी के बाद से ही प्रेमी नाराज चल रहा था और वो लगातार परेशान कर रहा था।

### ससुराल में भी किया था हंगामा

इससे पहले भी प्रेमी ने ससुराल जाकर बखेड़ा खड़ा किया था। जिसके बाद गांव में पंचायत बैठी। फिर जाकर किसी तरह मामला शांत हुआ था। इन्हीं सब बातों से लड़का नाराज चल रहा था। गुरुवार रात घर के सभी सदस्य गांव में ही नाच देखने गए थे। लड़की घर में अकेली थी। मौका पाकर प्रेमी घर में घुसा और हत्या कर दी।

### लड़की ने अपने आप को बचाने की कोशिश की थी

इस दौरान लड़की ने खुद को बचाने की काफी कोशिश की। जिससे उसके शरीर पर नोचने के भी निशान थे। इसी के बाद उन्हें लड़के पर शक हुआ। कॉल कर पुलिस को घटना की जानकारी दी और फिर लड़के के ऊपर मामला दर्ज कराया।

### प्रेमी ने अपना गुनाह स्वीकार किया

कसबा थानाध्यक्ष अजय कुमार अजनबी ने बताया कि परिजनों की लिखित शिकायत पर मामला दर्ज करते हुए लड़के को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की गई। जिसके बाद प्रेमी ने प्रेमिका की हत्या का जुर्म कबूल लिया। फिलहाल लड़के को गिरफ्तार कर लिया गया है और जेल भेजा जा रहा है।

## बिहार के 13 जिलों में लू का यलो अलर्ट: पारा पहुंचा 43 डिग्री के करीब

### 22 अप्रैल के बाद मिल सकती है राहत



**पटना, एजेंसी।** बिहार के कई जिलों में आज भी मौसम शुष्क बना रहेगा। मौसम विभाग की ओर से प्रदेश के 13 जिलों में आज लू का यलो अलर्ट जारी किया गया है। अगले 48 घंटे में अधिकतम तापमान में 2-3 डिग्री की बढ़ोतरी का पूर्वानुमान है। शुक्रवार को शेखपुरा जिला सबसे गर्म राजा का अधिकतम तापमान 43 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। प्रदेश में 11 जिलों का तापमान 43 डिग्री के करीब पहुंच गया है।

### राजस्थान से आ रही गर्म हवा के कारण बढ़ रही गर्मी

पटना मौसम विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक एसके पटेल ने बताया कि राजस्थान से आ रही उत्तरी-पश्चिमी शुष्क हवा, वायुमंडल में आर्द्रता की कमी और कड़ी धूप होने से अधिकतम तापमान में बढ़ोतरी हो रही है। हवा 25 किमी प्रतिघंटे की रफ्तार से चल रही है। यह स्थिति तीन दिन से है। अगर हवा की यही रफ्तार और पहले से रहती तो तापमान 45 डिग्री तक पहुंच जाता।

### आज इन जिलों में लू को लेकर अलर्ट

मौसम विभाग की और से आज प्रदेश के 13 जिलों में लू चलने को लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है। जिसमे बेगूसराय,गोपालगंज, सीवान, बक्सर, कैमूर, शेखपुरा, नवादा, औरंगाबाद, खगड़िया, रोहतास, गया, लखीसराय और जमुई शामिल है।

### बिहार में दो तरह का मौसम देखने को मिल रहा

मौसम विभाग द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार बिहार में इन दिनों दो तरह का मौसम है। दक्षिण बिहार में तापमान बढ़ रहा है, वहीं सीमांचल और इससे सटे इलाके में नहीं। सीमांचल और इससे सटे इलाके में अधिकतम तापमान नहीं बढ़ने की वजह साइक्लोनिक सर्कुलेशन है।

## ट्रेन के चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत

**भागलपुर/सुल्तानगंज, एजेंसी।** सुल्तानगंज-भागलपुर रेलखंड पर महेशी रेलवे स्टेशन के पास पोल संख्या 323/7 के समीप डाउन लाइन पर मालगाड़ी की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक की पहचान पुरानी मोतीचक निवासी 30 वर्षीय संजय कुमार मंडल के रूप में हुई है। शुक्रवार की दोपहर घटी घटना की जानकारी सुल्तानगंज थाना की पुलिस जीआरपी को सूचना दी। जीआरपी ने क्षत-विक्षत शव को कब्जे में लिया। घटना के संबंध में मृतक के भाई जलधर मंडल ने बताया कि भाई संजय मंडल महेशी से ट्रेन से भागलपुर जाने के लिए महेशी स्टेशन आया था। वो कम सुनता था। मालगाड़ी की चपेट में आने से उसकी मौत हो गई। घटना के बाद मृतक के संबंध में चर्चा का बाजार गर्म है। लोग तरह तरह की बातें कर रहे हैं। चर्चा है कि कर्ज की वजह से मृतक परेशान था। जिससे वह दबाव में था। वहीं गांव में कुछ लोग ये भी बता रहे हैं कि मृतक की पत्नी भांजे के साथ दो दिन पहले से फरार थी। लोग आशंका जता रहे हैं कि उसने आत्महत्या की नीयत से ट्रेन के सामने कूद गया। इस मामले में थानाध्यक्ष प्रियरंजन ने बताया कि मृतक के बड़े भाई के आवेदन यूडी कांड दर्ज किया गया है। शनिवार को शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा जाएगा। इधर मृतक के परिजन का रोते बुरा हाल है। मृतक की पत्नी कंचन देवी के दो पुत्र व एक बेटी है।

## सर्प दंश से 6 वर्षीय बच्ची की मौत



**रांची एक्सप्रेस संवाददाता** चंदवारा प्रखण्ड के बेंदी पंचायत के राजेश घटवार की 6 वर्षीय पुत्री किरण कुमारी की मौत सर्पदंश के बाद इलाज के दौरान हो गया। घटना 17 अप्रैल की है। दरअसल,मृतिका किरण अपनी माँ के साथ बेंदी तालाब से देर शाम लौट रही थी। तालाब से घर आने के दौरान रास्ते मे सांप काट लिया।आनन फानन में सदर अस्पताल लाया गया, जहां से रिम्स रेफर कर दिया गया। रिम्स में ईलाज के दौरान शुक्रवार की रात मौत हो गयी। शनिवार को मृतक का दाह संस्कार बेंदी में किया गया।

## जी. एस. पब्लिक स्कूल में अग्निशमन अधिकारी द्वारा किया गया बच्चों को किया गया सम्मानित




**रांची एक्सप्रेस संवाददाता** डोमचांच जी.एस. पब्लिक स्कूल, डोमचांच के विद्यालय सभागार में शनिवार को बच्चों को झारखंड सरकार द्वारा आयोजित अग्निशमन सेवा सप्ताह के बैनर तले सम्मानित किया गया। बतादें की स्कूली छात्र-छात्राओं ने एक से बढ़कर एक पोस्टर व बैनर बनाकर बच्चों ने समाज को संदेश देने का कार्य किया जिसमें बच्चों के द्वारा अग्नि पर कैसे काबू पाया जाए, संयम से कैसे काम किया जाए, आग से खुद को बिना हानी पहुचायें कैसे बचाया जाए साथ ही उनके द्वारा फायर सेफ्टी को लेकर विभिन्न मुद्दों की बात दर्शायी गयीं।सभी बच्चों ने एक से बढ़कर एक पोस्टर बनाया जिसमे प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले तीनों बच्चे सुजल कुमार, प्रेम कुमार व अनन्या गुप्ता को अग्निशमन अधिकारी बिमल चंद मांझी व उनके सहयोगी द्वारा मोमेंटो व प्रस्सति पत्र देकर सम्मानित किया गया। मौके पर विद्यालय के निदेशक नितेश कुमार ने बच्चों की सराहना करते हुए ढेरों शुभकामनाएं दी साथ ही कहा इस तरह के कार्यक्रम से बच्चों को आग से बचाव के बारे में भी जानकारी दी। कार्यक्रम में विद्यालय के उपनिदेशक नीरज सिंह, प्राचार्य प्रतिमा कुमारी, कोऑर्डिनेटर सोनी चंदन तथा सभी शिक्षक और बच्चे उपस्थित हुए।

## फ्यूचर केयर स्कूल काराखुट, डोमचांच के सभी छात्र-छात्राएं प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण



**रांची एक्सप्रेस संवाददाता**
डोमचांच -झारखण्ड अधिविध परिषद, रांची द्वारा घोषित माध्यमिक परीक्षा में डोमचांच प्रखंड अंतर्गत काराकुट में संचालित फ्यूचर केयर स्कूल काराखुट के सभी छात्र छात्राओं ने प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण कर विद्यालय और अपने माता पिता के साथ समाज का नाम रोशन किया। वही विद्यालय के निदेशक ने सभी बच्चों को ढेरों शुभकामनाएं देते हुए अपने आशीर्वचन दिए और कहा की प्रोत्साहन विद्यार्थियों के आत्मविश्वास को मजबूत बनाने में मदद करता है, जो किसी के व्यक्तिगत और शैक्षणिक विकास के लिए महत्वपूर्ण हो सकता है। विद्यालय के सभी शिक्षक, शिक्षिका ने परिणाम में शानदार प्रदर्शन से उत्साहित बच्चों को ढेर सारी शुभकामनाएं दिये। साथ ही उन्होंने कहा की अच्छे रिजल्ट के साथ परीक्षा पास करना, किसी के भी करियर में होने वाली सबसे अच्छी चीजों में से एक होती है। परीक्षा पास करना सफलता का एक क्षण है जो अच्छे से पढाई करने के बाद मिलती है। आपकी कड़ी मेहनत और दृढ़ संकल्प ने आपको परीक्षा में टॉप करने में मदद की। अभिभावकों को आग्रह करते हुए बच्चों को पढ़ाई के प्रति रुचि लाने व एकाग्र होकर आगे के वर्ग में पढ़ने की सलाह दिए।

## चास में जमीन कारोबारी के घर पर तीन राउंड हुई फायरिंग,चास पुलिस को मिला खोखा

**चास-** चास थाना क्षेत्र के सरस्वती नगर इलाके में बाइक सवार दो अपराधियों ने जमीन कारोबारी विनोद सिंह के घर के बाहर तीन राउंड फायरिंग की है। जांच के दौरान पुलिस को मौके से दो खोखा और एक जिंदा कारतूस मिला है।इस घटना को लेकर पीड़ित जमीन कारोबारी विनोद सिंह ने बताया कि वे जमीन का कारोबार करते हैं। जमीन विवाद के कारण इस घटना को अंजाम दिया गया है। विनोद सिंह ने बताया कि एक जमीन के मामले को लेकर उनका विवाद चल रहा है।पीड़ित बिनोद सिंह ने पुलिस से न्याय की गुहार लगाई है और कहा कि जिस तरह से अपराधी घर पहुंचकर ऐसी घटना को अंजाम दे रहे हैं। ऐसे में पूरा परिवार दहशत में है। वहीं इस घटना को लेकर चास थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर खुर्शीद आलम का कहना है कि जिस वक्त फायरिंग की घटना को अंजाम दिया गया, उस समय घर में लगा हुआ सीसीटीवी बंद था, इसीलिए मामले की जांच की जा रही है।

## प्रखंड विकास पदाधिकारी ने मतदान की तैयारियों को लेकर बैठक की

बलियापुर - जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त धनबाद के निदेशानुसार आज 20 अप्रैल को आसन्न लोकसभा आम चुनाव 2024 के निमित्त कार्यालय कक्ष में प्रखंड विकास पदाधिकारी बलियापुर राजेश कुमार सिन्हा द्वारा बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी, सभी महिला पर्यवेक्षिका तथा सभी बीपीएम जेएसएलपीएस के साथ बैठक किया गया। बैठक में आगामी लोकसभा चुनाव हेतु दिव्यांग मतदाताओं के लिए उपलब्ध व्हीलचेयर, मतदान दिवस को मतदान केंद्रों की सब साफ सफाई तथा स्वीप कार्यक्रम के बारे में समीक्षा किया गया। प्रखंड विकास पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि प्रखंड में 195 मतदान केंद्र के लिए 99 भवन चिन्हित है, जिसमें सभी में कम से कम एक-एक व्हीलचेयर अवश्य उपलब्ध होना चाहिए। मतदान दिवस के दिन ऐसे दिव्यांग मतदाता जो स्वयं या परिवार के सदस्यों के साथ मतदान केंद्र पर आने में असमर्थ है, उन्हें छोटे वाहनों से मतदान केंद्रों पर लाने हेतु ऐसे मतदाताओं को चिन्हित करने का निर्देश दिया गया। बैठक में यह भी जानकारी दिया गया कि मतदान दिवस के दिन मतदान केंद्रों पर मतदाताओं को कतार में व्यवस्थित करने, पानी पिलाने, सिइनेज लगाने आदि की तैयारी के लिए प्रत्येक बीएलओ को एक-एक हजार रुपया दिया जा रहा है।

# राजकुमार मेहता के अध्यक्षता में आजसू पार्टी की बैठक संपन्न

**रांची एक्सप्रेस संवाददाता**
**कोडरमा** -आजसू पार्टी जिला कमिटी की बैठक 20 /4 2024 को जिला अध्यक्ष राजकुमार मेहता की अध्यक्षता में 2024 की लोकसभा चुनाव को लेकर जिला कार्यालय दूधी माटी कोडरमा में किया गया इस बैठक में आजसू पार्टी के लोकसभा चुनाव प्रभारी सह केंद्रीय महासचिव संतोष सहाय एवं केंद्रीय सचिव अजीत बरनवाल केंद्रीय कमेटी सदस्य बाल गोविंद मोदी विशेष रूप से उपस्थित हुए। बैठक के संचालन केंद्रीय कमेटी सदस्य मनोज कुमार यादव तथा धन्यवाद ज्ञापन शंभू कुमार बर्णवाल ने किया।बैठक को संबोधन करते हुए मुख्य अतिथि आजसू पार्टी के लोकसभा चुनाव प्रभारी ने कहा कि राज्य में हम एनडीए घटक दल का एक अंग है इसलिए कोडरमा में भी हम बीजेपी के द्वारा दिए गए प्रत्याशी श्रीमती अन्नपूर्णा देवी को जीतने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ेंगे ।इसके लिए हमें जिस प्रकार लोकसभा में 3 लोकसभा प्रभारी बनाए गए हैं। हम भी इसी तर्ज पर चुनाव जीतने के लिए ग्राम स्तर पर तीन-तीन चुनाव प्रभारी की नियुक्ति करने की



प्रक्रिया को तेज कर दिया है इसको लेकर आज सभी प्रखंडों और नगरों को चुनाव प्रभारी बनाए गए हैं ।निश्चित हमारे एनडीए प्रत्याशी बेहतर और भारी मतों से जितेगी। हमारा प्रयास है कि हम और बीजेपी के लोग समन्वयम बनाकर क्षेत्र में अपने यशस्वी प्रधानमंत्री की उपलब्धियों को बेहतर तरीके से बात करेंगे और भविष्य में भी योजनाओं को लाभ देने का प्रयास करेंगे। अजीत बर्णवाल ने कहा कि आशु पार्टी के सभी कार्यकर्ता समर्पित होकर के पार्टी के समर्थित उम्मीदवार के लिए राष्ट्रवाद और देश के विकास के लिए खुलकर कम करें ऐसी सरकार बनती है तो निश्चित देश और क्षेत्र का कल्याण होगा और पुनः सरकार बनना है।इसलिए हर हाल में अन्नपूर्णा देवी को जिताना है। मेहता ने कहा हमारी पार्टी क्षेत्रीय विचारधाराओं को जोड़कर काम करने के लिए कृत-संकल्पित है। क्षेत्र की जन्नमुद्दों जन-समस्याओं को हम इस बार बेहतर तरीके से निदान करने का प्रयास करेंगे।बैठक में जिला सचिव प्रकाश कुमार ,जिला उपाध्यक्ष विकास कुमार,जीतेंद्र कुमार मेहता,अम्बुज पटेल, सुरेन्द्र कुमार मेहता,नीतेश कुमार सिन्हा, अवनीश कुमार,ने भी बातें रखीं। बेहतर चुनाव प्रबंधन खातिर कोडरमा बाल गोविंद मोदी, बृजनंदन यादव एवं शंभू बरनवाल; डोमचांच रोहित कुमार मेहता जितेंद्र मेहता एवं सूरज कुमार शर्मा; सतगावां भोलाशंकर प्रसाद ऊर्फ मंटू कुमार गुप्ता, सतीश यादव,प्रवीण कुमार एवं पंकज कुमार गुप्ता; मरकच्चो शंकर साव तथा रामचंद्र राणा; जयनगर मनोज कुमार यादव,कफिल अहमद तथा चंदवारा मनोज ठाकुर को प्रखंड चुनाव प्रभारी बनाया गया है।

## जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त की अध्यक्षता में बीएलओ के साथ बैठक संपन्न

**नये मतदान केंद्रों के बारे में मतदाताओं को जानकारी दें : उपायुक्त**





**रांची एक्सप्रेस संवाददाता कोडरमा**
लोकसभा आम चुनाव 2024 के निमित जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मेघा भारद्वाज की अध्यक्षता में बिरसा सांस्कृतिक भवन में बैठक संपन्न हुआ। बैठक में कोडरमा प्रखंड के सभी बीएलओ शामिल हुई। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बीएलओ को संबोधित करते हुए कहा कि 23 अप्रैल 2024 तक मतदाता पंजीकरण फार्म 6 भरा जा सकता है, अभी भी अगर मतदाताओं का नाम मतदाता सूची से वंचित हैं, उन छुटे हुए मतदाताओं का नाम मतदाता सूची से जोड़े। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बीएलओ से बूथ अवेयरनेस ग्रुप के बारे में जानकारी प्राप्त की और कहा कि आगामी 20 मई 2024 को लेकर मतदाताओं को नैतिक मतदान करने के लिए प्रेरित करें। साथ ही बूथ अवेयरनेस ग्रुप के सदस्यों के साथ बैठक करें और मतदाता जागरूकता कार्यक्रम चलायें। उपायुक्त ने सभी बीएलओ से होम वोटिंग मतदाताओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। दिव्यांग व 80 वर्ष से अधिक आयु के मतदाताओं के सर्वे की जानकारी ली, उन्होंने कहा कि उक्त मतदाताओं को मतदान करने के लिए वाहन की व्यवस्था का आकलन कर लेंगे। कोडरमा प्रखंड अंतर्गत सभी मतदान केन्द्रों में मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि कोडरमा प्रखंड अंतर्गत जितने भी नये मतदान केंद्र बनाये गायें हैं, उन मतदान केंद्रों के बारे में मतदाताओं को जानकारी दें। सभी बीएलओ को अपने अपने मतदान केंद्र अंतर्गत वॉलिंटियर्स को चिन्हित करने को कहा गया। बैठक में मुख्य रूप से अपर समाहर्ता पूनम कुजुर, उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रिंस कुजुर, प्रखंड विकास पदाधिकारी सुमन गुप्ता, अंचलाधिकारी गिरेंद्र टुटी व बीएलओ मौजूद रहे।

# शिव तारा सरस्वती विद्या मंदिर में भगवान महावीर की जयंती मनाई गई

**रांची एक्सप्रेस संवाददाता**
झुमरी तिलैया स्थानीय शिव तारा सरस्वती विद्या मंदिर में दिनांक 20. 4 .2024 को महावीर जयंती की पूर्व संध्या पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य रमेश कुमार उपाध्याय तथा वरिष्ठ आचार्य आनंद प्रकाश ने संयुक्त रूप से भगवान महावीर की तस्वीर पर पुष्पार्जन कर दीप प्रज्वलन से कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम का संचालन आचार्या रिंकी सिंह के द्वारा किया गया। कार्यक्रम की भूमिका में आचार्य आनंद प्रकाश ने भगवान महावीर की जीवनी को बड़ा ही सरल ढंग से प्रस्तुत किया। प्रधानाचार्य ने इस अवसर पर अपने वक्तव्य ने कहा कि भगवान महावीर जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर थे। उनका जन्म छठवीं शताब्दी ईसा पूर्व बिहार में हुआ था। भगवान महावीर का जन्म



रानी त्रिशला और राजा सिद्धार्थ के घर हुआ था ।महावीर स्वामी ने 30 वर्ष की आयु में सब कुछ छोड़कर आध्यात्मिक मार्ग अपना लिया था। इस वर्ष 21 अप्रैल को महावीर जयंती मनाई जाएगी। भगवान महावीर ने कहा है कि जो धर्मात्मा है, जिसके मन में सदा धर्म रहता है उसे देवता भी नमस्कार करते हैं ।भगवान महावीर ने अपने प्रवचन में धर्म ,सत्य ,अहिंसा, ब्रह्मचर्य और अपरिग्रह, क्षमा पर सबसे अधिक जोर दिया है। त्याग और संयम, प्रेम और करुणा, शील और सदाचार ही उनके प्रवचनों का सार था। विद्यालय के भैया बहनों ने भी भगवान महावीर की जीवनी पर प्रकाश डालें और उनके प्रवचनों के सार को अपनाकर अपने जीवन में सही मार्ग प्रशस्त करने के लिए प्रतिबद्ध हुए। इस कार्यक्रम में उपस्थित आचार्य आचार्याओं में रविता उपाध्याय, अरुण कुमार, कृष्ण चन्द्र कन्हैया ,सिद्धि प्रसाद, ब्रजेश कुमार अनल, राजेश्वर सिंह, नागेश चन्द्र सिन्हा, आनंद कुमार सिन्हा, उमेश कुमार, श्वेता कुमारी, रिंकी सिंह ,अल्पा कुमारी, सोनम कुमारी, श्रुति शालू ,रुबिता सिन्हा, आनंद प्रकाश, प्रभात कुमार, बहादुर साव, दुष्यंत पांडे, राकेश कुमार, सूरज कुमार,नीतू पांडे , विक्रम पांडेय,सुप्रिया कुमारी, प्रियंका कुमारी, राजू सिंह, रवि रंजन ,बबलू प्रजापति, निलम कुमारी इत्यादि।

## कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय के छात्राओं ने विद्यालय का नाम किया रोशन

**केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने दी बधाई**

**रांची एक्सप्रेस संवाददाता**
जयनगर कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय के सभी छात्राओं प्रतिशत अंक लाकर विद्यालय के साथ-साथ अपने माता-पिता और क्षेत्र का नाम रोशन किया। कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय से 69 छात्राओं ने मैट्रिक परीक्षा बोर्ड में एग्जाम दी थी जिसमें से 61 छात्राएं फर्स्ट डिवीजन और 8 सेकंड डिवीजन लाकर विद्यालय के साथ-साथ अपने माता-पिता एवं विद्यालय के सभी अध्यापिका का नाम रोशन किया। छात्राओं के सफलता पर केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री सह कोडरमा सांसद अन्नपूर्णा देवी, कोडरमा विधायक नीरा यादव, विधायक अमित कुमार यादव, उपायुक्त मेघा भारद्वाज, पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव, जिप अध्यक्ष रामधन यादव, प्रमुख अंजू देवी, प्रखंड विकास पदाधिकारी गौतम कुमार, जिला परिषद सदस्य केदारनाथ यादव जिला परिषद सदस्य प्रीति कुमारी, भाजपा जिला उपाध्यक्ष बिंदेश्वरी प्रसाद बिहारी पूर्व प्रमुख जयप्रकाश राम देवनारायण यादव, शिक्षाविद डॉक्टर बैजनाथ प्रसाद बरनवाल, रूपायडीह पंचायत के मुखिया गणपत यादव ,विद्यालय के प्राचार्य दशरथ प्रसाद राणा, कन्हाई चंद्र यादव ,हीरामन मिस्त्री, अर्जुन चौधरी, नीलकंठ बरनवाल ,वासुदेव गोप नेशनल पब्लिक उच्च विद्यालय के डायरेक्टर,मुस्ताक खान, बीएसभी स्कूल का डायरेक्टर सह प्रिंसिपल विवेकानंद कश्यप, ज्ञान भारती उच्च विद्यालय के डायरेक्टर अरुण यादव, अप्रिशिएबल स्कूल का डायरेक्टर मुंशी यादव बिरसा प्लस टू उच्च विद्यालय के डायरेक्टर रामनारायण यादव पुनीत यादव तथा विद्यालय के सभी शिक्षकों ने विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना किया है।

## हाथियों के उत्पात से ग्रामीण हो रहे भयभीत घरों को कर रहे नुकसान

**रांची एक्सप्रेस संवाददाता**
जयनगर के मध्य रात्रि एक हाथी घरोंजा पंचायत के टोला कर्माटांड़ में पहुंच कर लोगों को शारीरिक क्षति एवं खेती-बाड़ी की काफी क्षति की। जिला परिषद सदस्य केदारनाथ यादव क्षति का जायजा गांव पहुंचकर लिए एवं घायल परिवार से मुलाकात की ।जिसमें राजवीर सिंह पिता बिरजू सिंह एवं कलावती देवी पति कारू सिंह हाथी को घर तोड़ते समय ईट गिरने से सो रहे लोग गंभीर रूप से घायल हो गए और इस मकान को क्षतिग्रस्त कर खाने-पीने का सामान चट गया । उसके बाद राजू पंडित पिता सहदेव पंडित एवं हरिचरण पंडित पिता जयनाथ पंडित का दिवाला पक्का का लगभग 50 फीट तोड़कर गिरा दिया, उसे 50000 की क्षति का





अनुमान है। उसके बाद प्रसादी पंडित पिता भवानी पंडित का प्याज की खेती एवं लगा हुआ केला को नष्ट कर दिया तथा दशरथ पंडित पिता लखेन्दर पंडित का प्याज, टमाटर, मिर्ची और केला की खेती नष्ट कर दिया।इस गांव में 1 वर्ष के अंदर तीन बार हाथियों का झुंड आकर लाखों की क्षति ग्रामीणों को की है तथा लक्ष्मण यादव का मकान ध्वस्त किया था जिसका आज तक कोई मुआवजा नहीं दिया गया। इस समस्या को लेकर जिप सदस्य केदारनाथ यादव ने वन विभाग के अधिकारियों से मुलाकात कर मुआवजा दिलाने का प्रयास किया, परंतु वन विभाग के अधिकारी इतना शिथिल हैं कि गरीबों का काम नहीं करते हैं यहां तक कि हाथियों के आने की सूचना देने के लिए मोबाइल भी नहीं उठाते हैं। आने वाले समय में इस पर जोरदार तरीके से उचित जगह बात रखकर शिकायत करेंगे।मौके पर भाजपा

# विवेकानंद कॉन्वेंट में स्कूल हेड बॉय व हेड गर्ल का हुआ चुनाव

**रांची एक्सप्रेस संवाददाता कोडरमा** - चेचई, चाराडीह स्थित विवेकानंद कॉन्वेंट स्कूल में सत्र 2024-2025 के लिए स्कूल हेड बॉय व हेड गर्ल का चुनाव करवाया गया गया। दो दिन पूर्व बच्चों के बीच चुनाव प्रक्रिया प्रारंभ किया गया था। जिसमे नामांकन दाखिला से लेकर नाम वापसी व चुनाव प्रचार की प्रक्रिया शामिल था। जिसमें हेड बॉय के लिए कक्षा दशम के राहुल कुमार तुरी, अंशुमान साव व रौशन कुमार शर्मा और हेड गर्ल के लिए कक्षा दशम की लिली गुप्ता, कक्षा नवम की सलोनी कुमारी व कक्षा नवम की सोना कुमारी ने नामांकन पत्र दाखिल कर चुनाव लड़ा। वोटर के रूप में कक्षा एक से दशम तक के सभी छात्र-छात्राओं ने बारी-बारी से वोटिंग किया। चुनाव पूरी लोकतांत्रिक प्रणाली से सम्पन्न करवाया गया। चुनाव के उपरांत शिक्षकों ने मतों की गिनती कर रिजल्ट की घोषणा किए। जिसमे हेड बॉय के लिए राहुल कुमार तुरी ने कुल 213 मत लाकर अपने निकटतम प्रतिद्वंदी रौशन कुमार शर्मा को 88 वोटों से हराकर हेड बॉय बना। वही हेड गर्ल के रूप मे लिली गुप्ता ने








सर्वाधिक 154 मत लाकर अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी सोना कुमारी को 18 वोटों से हराकर हेड गर्ल बनी। विद्यालय प्रबंधन ने विजेता बने हेड बॉय व हेड गर्ल को माला पहनाकर व चुनाव सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया। तथा उन्हें बधाई देते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना किए। चुनाव संपन्न करवाने में शिक्षक चंदन कुमार व राहत अली ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाया। वही चुनाव पदाधिकारी के रूप में रानी शर्मा व आरती गुप्ता व सहायक पदाधिकारी के रूप में उत्तम कुमार व अनूपम दास तथा राजीव रंजन ने अपना-अपना भूमिका निभाया। चुनाव उपरांत बच्चों को संबोधित करते हुए निदेशक अनिल कुमार ने कहा कि विद्यालय में चुनाव करवाने का मुख्य वजह बच्चों के अंदर लोकतांत्रिक मूल्यों व अधिकारो के प्रति जागरूक करना, बच्चों के अंदर नेतृत्व क्षमता का विकास करना तथा चुनाव की प्रक्रिया को समझकर अपने अधिकारों व दायित्वों के निर्वहन करने के लिए सजग करना है। ताकि बच्चे भविष्य में आगे भी समाज व देश का प्रतिनिधित्व करने के लिए सजग व तैयार रहे। मौके पर सह निदेशिका खुशबू गुप्ता शिक्षक चेतन कुमार शिक्षिका सुचित्रा सिन्हा, द्रक्षा प्रवीन, रिंकी देवी व मनीषा कुमारी इत्यादि उपस्थित थे।

## संक्षिप्त समाचार

### कारोबारी के खाते से निकले 41.83 लाख, बैंक पर केस

**गाजियाबाद।** कारोबारी राकेश कुमार मोदी के फर्म के खाते से 41.83 लाख रुपये निकल गए। उनकी फर्म का खाता दिल्ली की स्टैंडर्ड चार्टर्ड बैंक की शाखा में है। उनका कहना है कि उन्होंने बैंक से संपर्क किया तो अधिकारियों ने संतोषजनक जवाब नहीं दिया। आरोप है कि बैंक अधिकारी ने कहा कि आपके द्वारा रिक्वेस्ट भेजने पर ही भुगतान किया गया है लेकिन राकेश कुमार का कहना है कि उन्होंने कोई भुगतान के लिए रिक्वेस्ट नहीं भेजी थी। मामले में उन्होंने बैंक के खिलाफ साइबर अपराध थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। एडीसीपी अपराध का कहना है कि मामले में जांच की जा रही है।

### शेयर ट्रेडिंग के नाम पर महिला से 19.97 लाख ठगे

**गाजियाबाद।** विजयनगर के प्रताप विहार की रहने वाली शैली भाटिया से साइबर अपराधियों ने शेयर ट्रेडिंग के नाम पर 19.97 लाख रुपये ठग लिए। ठगों ने रुपये निवेश करने पर अच्छी कमाई का झांसा देकर रुपये निवेश कराए। शैली का कहना है कि उन्होंने रुपये निवेश किए तो उनके बनाए गए वॉलेट में मुनाफे समेत रकम दिखाई देने लगी। धीरे-धीरे शातिरों ने मोटी रकम निवेश करा ली। उन्होंने उन्हें निकालने का प्रयास किया तो ठगों निवेश की गई रकम को निकालने के और रुपये निवेश करने का नियम बताकर ठगी की। ऐसा करके कई बार में 19.97 लाख रुपये निवेश करा लिए। जब रकम वापस नहीं मिली तो उन्हें ठगी का एहसास हुआ। मामले में उन्होंने साइबर अपराध थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। एडीसीपी अपराध सच्चिदानंद का कहना है कि ठगी गई रकम को फ्रिज कराकर वापस कराने का प्रयास किया जा रहा है। शातिरों को ट्रेस करने के लिए टीम लगी है।

### डीएम की अनूठी पहल, चुनाव ड्यूटी करने वाली महिलाओं के लिए रहेगी विशेष व्यवस्था

**गोंडा।** यूपी के गोंडा जिले में डीएम नेहा शर्मा ने लोकसभा चुनाव 2024 में ड्यूटी कर रही महिला कर्मचारियों के लिए एक अनूठी पहल की है। पोलिंग पार्टी में सम्मिलित ऐसी महिला कर्मचारी जिसके बच्चे छोटे हैं। उनको संभालने की जिम्मेदारी अब जिला प्रशासन उठाएगा। इसके लिए जिले और तहसील मुख्यालयों पर क्रेश की व्यवस्था की जा रही है। यह व्यवस्था 19 और 20 मई के लिए की गई है। खास बात यह है कि इन क्रेश में बच्चों के लिए रात में रुकने की भी व्यवस्था की जाएगी। यह पहली बार है। जब जिले में इस तरह की पहल की गई है। जिलाधिकारी की ओर से गुरुवार को इस संबंध में आदेश जारी कर दिए गए हैं।

गोंडा जिले में आगामी 20 मई को लोक सभा के लिए मतदान सम्पन्न होना है। इस दौरान 15 हजार से ज्यादा कर्मचारी मतदान कराने की जिम्मेदारी संभालेंगे। समस्त पोलिंग पार्टी अपने अपने बूथ पर 19 मई को पहुंच जाएंगी। मतदान के उपरान्त 20 मई को सांयकाल रात्रि में मुख्यालय वापस पहुंचेंगी। जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने बताया कि पोलिंग पार्टी में कई ऐसी महिला कर्मचारी भी सम्मिलित हैं। जिनके बच्चे छोटे हैं। निर्वाचन ड्यूटी के दौरान उनके बच्चों की देखरेख के लिए जिला मुख्यालय और तहसील मुख्यालय पर 19 और 20 मई के लिए पालन घर स्थापित करने का निर्णय लिया गया। इन क्रेश में छोटे बच्चों को रखने, उनकी देखभाल से लेकर खानपान से संबंधित सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएंगी। उन्होंने बताया कि क्रेश को ऐसी जगह पर स्थापित कराया जाएगा, जहां पेयजल, विद्युत, प्रसाधन आदि संबंधित मूलभूत सुविधाएं अच्छी स्थिति में हों। प्राइवेट स्कूल को इसमें शामिल किया जा सकता है। यहां एक चतुर्थी श्रेणी महिला कर्मचारी के साथ आंगनबाड़ी सहायिकाओं की तैनाती किया जाएगा। उन्होंने बताया कि बाल विकास विभाग के सुपरवाइजर्स एवं बेसिक शिक्षा विभाग से निर्वाचन दायित्व से मुक्त महिला टीचर्स इसकी देखरेख करेंगी।

# रोडवेज बस की स्टेयरिंग हुई जाम, खड़े टैंकर से टकराई, 10 सवारियां घायल




**कानपुर देहात , एजेंसी।** इटावा-चकेरी हाईवे पर बारा टोल प्लाजा के आगे उरई जा रही रोडवेज बस की स्टेयरिंग अचानक से जाम हो गई। बेकाबू बस हाईवे किनारे खड़े टैंकर में पीछे से जा टकराई। हादसे में चालक समेत 10 लोग घायल हो गए। घायलों को जिला अस्पताल अकबरपुर में भर्ती कराया गया है।

उरई डिपो की बस सवारियां लेकर कानपुर से उरई जा रही थी। बस में करीब 25 लोग सवार थे। बारा टोल प्लाजा पार करने के बाद जैसे ही बस बारा गांव के पास एक कोल्डस्टोरेज के सामने पहुंची। अचानक से चालक ने संतुलन खो दिया और बस सड़क किनारे खड़े टैंकर से जा टकराई। हादसे में चालक सुनील कुमार सचान निवासी गोपालपुर थाना घाटमपुर, परिचालक भैरव समेत रूबी बानो (45) पत्नी फैयाज खान निवासी मछरिया कानपुर, उनका बेटा हमजा (10), आकाश (20) पुत्र रामशंकर निवासी हलधरपुर भोगनीपुर, ब्रजनाथ (60) निवासी बीजापुर जालौन, नीराज पांडेय (26) निवासी दुंदवा फतेहपुर, राशिद (26) पुत्र हामिद अंसारी निवासी मऊरानीपुर झांसी, शहबीन बेगम (50) निवासी अफसरिया कानपुर देहात, सुनील कुमार (33) निवासी भरगवान हमीपुर घायल हो गए।

घायल चालक ने बताया कि स्टेरिंग का पंप खराब था। क्लच से पैर हटाते ही स्टयिरिंग जाम हो रही थी। हादसे के वक्त बस की रफ्तार भी 40 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से थी। अचानक से स्टेयरिंग जाम होने पर हादसा हुआ। इधर दुर्घटना की जानकारी पर सीएमओ डॉ. एके सिंह घायलों की जानकारी लेने अस्पताल पहुंचे। पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। सभी घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## बेटी ने अपने चचेरे भाई के साथ मिलकर मां को संपत्ति के लिए बंधक बनाकर कई दिनों तक भूखा रखा

**कानपुर एजेंसी।** नौबस्ता थाना क्षेत्र की एक बेटी ने अपने चचेरे भाई के साथ मिलकर मां को संपत्ति के लिए बंधक बनाने के साथ कई दिनों तक भूखा रखा। यही नहीं दोनों ने मिलकर उन्हें फंदा लगाकर जान से मारने का भी प्रयास किया। पीड़ित मां थाने के चक्कर लगाती रही, मगर सुनवाई नहीं हुई। शुक्रवार को अदालत के आदेश पर बेटी और चचेरे भाई के खिलाफ मारपीट, बंधक बनाने, हत्या का प्रयास, धमकी आदि धाराओं में मुकदमा दर्ज हुआ।

नौबस्ता थाना क्षेत्र निवासी महिला के अनुसार, उनकी चार बेटियों की शादी हो चुकी है। तीन बेटियां ससुराल में पति बच्चों संग रह रही हैं। जबकि छोटी बेटी का वर्ष 2016 में पति से तलाक होने पर वर्ष 2020 में दूसरे युवक से शादी कराई थी लेकिन, छोटी बेटी के झगड़ालु स्वभाव के चलते वहां भी रिश्ता नहीं चला और मायके आकर रहने लगी। महिला का आरोप है कि छोटी बेटी उनके मकान पर कब्जा करना चाहती है।

अक्टूबर 2023 में पति का निधन होने के बाद से बेटी ने उनका जीना दुश्वार कर दिया। बेटी ने बिना उनकी अनुमति के चचेरे भाई को भी घर पर रख लिया। दोनों उन पर मकान अपने नाम लिखवाने का दबाव बनाने लगे। विरोध करने पर मारपीट करने के साथ कमरे में कई दिन तक बंद रखा। इस दौरान मां को दोनों ने भूखा भी रखा।

इसी बीच 25 फरवरी को बेटी और चचेरे भाई को आपत्तिजनक स्थिति में देखने पर मां ने विरोध किया तो उन लोगों ने गले में रस्सी बांधकर पंखे से लटकाकर जान से मारने का प्रयास भी किया। मां के चीखने चिल्लाने पर मुहल्ले वाले व पास में रहने वाली दूसरी बेटी व दामाद पहुंचे और उन्हें बचाया। थाना प्रभारी जगदीश पांडेय ने बताया कि संपत्ति को लेकर मां-बेटी में विवाद है। थाने कोई नहीं आया। कोर्ट के आदेश पर मुकदमा दर्ज किया गया है। जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## रील बनाने के लिए करने लगा स्टंट, इतने में टूटा खंभा, मच गया कोहराम

**बांदा।** बांदा जिले से सामने आया है। यहां एक युवक इंस्टाग्राम पर रील बनाने के लिए खंभे से लटका ओर एक्सरसाइज करने लगा। युवक के पास उसका दोस्त भी खड़ा तो जो वीडियो बना रहा था। एक्सराइज कर रहा युवक अचानक सिर के बल फर्श पर गिर गया और उसकी मौत हो गई। इस घटना की जानकारी जब घर वालों को लगी तो कोहराम मच गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

घटना मटौंध थाना क्षेत्र खैराडा गांव की है। पुलिस के अनुसार यहां के रहने वाले वरदानी के 21 साल के बेटे शिवम को रील बनाने का शौक था। आए दिन वह रील बनाकर सोशल मीडिया पर पोस्ट करता रहता था। शिवम के पिता ने बताया कि शुक्रवार सुबह गांव के एक सरकारी स्कूल में जिम करने के लिए उसका बेटा गया हुआ था। शिव यहां स्कूल की छत पर बने पोल से हाथों में ईंट लेकर उल्टा लटक कर कसरत कर रहा था और पास में खड़ा उसका दोस्त रील बना रहा था। इसी दौरान अचानक से पोल टूट गया, जिससे शिव सिर के बल जमीन पर गिर गया। शिव के बाद पोल और ईंटे भी गिर गईं। शिवम की उन ईंटों के नीचे दबकर मौत हो गई। वरदानी ने बताया कि शिवम दो भाइयों में सबसे छोटा था। एक बहन है। वारदानी बाहर जाकर मजदूरी करता है जबकि उसका बेटा शिवम रिक्शे से पानी के पाउच की सप्लाई करता था। उसकी कमाई से परिवार का खर्च चल रहा था। ग्रामीणों के अनुसार शिवम को रील बनाने का भी काफी शौक था। वह अक्सर तरह-तरह के वीडियो बनाया करता था।

## डेढ़ साल की मासूम की हत्या के मामले में सनसनीखेज खुलासा, पड़ोसी युवक ने जमीन पर पटककर ली थी जान

**प्रयागराज , एजेंसी।** मंगलवार की रात घर में मां के साथ चारपाई पर सो रही डेढ़ साल की मासूम की हत्या के मामले में चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। मामले की छानबीन में जुटी पुलिस के हाथ अहम साक्ष्य लगे हैं। सूत्रों की मानें तो पड़ोस में रहने वाला युवक मां के साथ सो रही मासूम रात में उठा ले गया था। कुछ दूर पर तालाब के पास मासूम को जमीन पर पटक कर मार डाला। इसके बाद बच्ची को झाड़ियों के बीच फेंककर फरार हो गया।

पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। इस मामले में पुलिस कुछ देर में आधिकारिक रूप से खुलासा कर सकती है। पुलिस के अनुसार युवक का बच्ची के पिता से एक दिन पहले किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। इसी खुन्नस में उसने बच्ची की जान ले ली। जमीन पर पटकने से पहले उसने बच्ची के मुंह में कपड़ा ठूंस दिया था।

### क्या था पूरा मामला

हंडिया के मंदर गांव में मंगलवार रात मां के साथ सो रही डेढ़ साल की मासूम की हत्या कर दी गई थी। शव घर से 200 मीटर दूर स्थित सूखे तालाब की झाड़ियों में मिला। परिजनों ने किसी पर शक नहीं जताया था। अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर पुलिस मामले में जांच में जुटी थी।

मंदर गांव निवासी महेंद्र मुसहर और उसकी पत्नी रानी देवी मजदूरी करके परिवार का पालन-पोषण करते हैं। महेंद्र ने बताया कि मंगलवार शाम को वह पड़ोस के गांव में मड़ाई करने चला गया था। रात में उसकी पत्नी रानी डेढ़ साल की बिटिया रंजना के साथ चारपाई पर सो रही थी। बगल की चारपाई पर दो अन्य बेटियां आस्था (5) और अंजलि (3) थीं। रानी की रात 11 के करीब नींद खुली तो मासूम रंजना गायब थी। उसने आसपास खोजबीन की लेकिन कुछ पता नहीं चला। सूचना पर पति महेंद्र भी आ गया और फिर माता-पिता व अन्य परिजन टॉर्च लेकर बेटी की तलाश में जुट गए थे।

तलाश करते हुए परिजन घर के पीछे स्थित सूखे तालाब के पास गए तो वहां मासूम बेटी मृत पड़ी मिली। सूचना पाकर एसीपी भी फोर्स लेकर पहुंच गए। मौके पर डीसीपी गंगानगर भी पहुंचे। फॉरेंसिक टीम व डॉग स्क्वॉयड को भी बुलाया गया। मृत बच्ची के बाबा पप्पू की तहरीर पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज की है। उधर, बुधवार दोपहर बाद वीडियोग्राफी के बीच डॉक्टरों के पैनल से पोस्टमार्टम कराया गया। बच्ची के सिर व नाक के अलावा जांघ पर भी चोट के निशान हैं। डॉक्टरों ने दुष्कर्म की आशंका पर वैजाइनल स्वैब की स्लाइड भी सुरक्षित रखवाई है।

## अपना दल कमेरावादी को हाई कोर्ट से झटका, लोकसभा चुनाव में प्रत्याशी उतारने के लिए पार्टी हैरान





**लखनऊ, एजेंसी।** इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने अपना दल कमेरावादी को लिफाफा चुनाव चिह्न आवंटित करने की मांग वाली एक याचिका को खारिज कर दिया है। कोर्ट ने याचिका को पोषणीयता के आधार पर खारिज किया। न्यायमूर्ति संगीता चंद्रा व जस्टिस बृजराज सिंह की पीठ ने अपना दल कमेरावादी की ओर से अध्यक्ष कृष्णा पटेल की दाखिल याचिका पर यह आदेश पारित किया है।

याचिका में मांग की गयी थी कि कोर्ट चुनाव आयोग को आदेश दे कि वह याची को लिफाफा चुनाव चिह्न आवंटित करे। कोर्ट ने कहा कि आचार संहिता लागू हो जाने के बाद चुनाव प्रक्रिया आरंभ हो चुकी है, लिहाजा सर्वोच्च न्यायालय के निर्णयों व संविधान के अनुच्छेद 329 बी के तहत रिट याचिका पोषणीय नहीं है।

याचिका में कहा गया था कि याची की पार्टी चुनाव आयोग में पंजीकृत है। हालांकि यह एक गैरमान्यता प्राप्त राजनीतिक दल है। 22 दिसम्बर 2023 को याची की पार्टी की ओर से चुनाव चिन्ह आवंटित करने संबंधी प्रार्थना पत्र आयोग को दिया गया था।

इस पर संयुक्त निर्वाचन अधिकारी ने रिपोर्ट दी कि पार्टी की ओर से योगदान रिपोर्ट और वार्षिक आय-व्यय ब्यौरा नहीं दिया है। इस आधार पर पार्टी के प्रार्थना पत्र पर विचार नहीं किया गया।

**चुनाव चिह्न के बिना नहीं बन रहे प्रत्याशी-** याचिका में कहा गया कि चुनाव चिह्न का आवंटन न होने के कारण पार्टी आम चुनावों में अपने प्रत्याशी नहीं उतार पा रही है। याचिका का चुनाव आयोग की ओर से विरोध करते हुए कहा गया कि पार्टी की ओर से भेजा गया प्रार्थना पत्र अपूर्ण होने के कारण खारिज किया गया है।

यह भी दलील दी गई कि अनुच्छेद 329 बी के तहत चुनाव प्रक्रिया शुरू होने के बाद रिट क्षेत्राधिकार के तहत हाईकोर्ट के पास हस्तक्षेप करने की गुंजाइश बहुत सीमित होती है। दोनों पक्षों की बहस सुनने व सुप्रीम कोर्ट के अशोक कुमार व मोहिन्दर सिंह मामले में प्रतिपादित सिद्धांतों को देखते हुए पीठ ने याचिका को पोषणीय नहीं माना।

## सपा विधायक इरफान सोलंकी के मुकदमे में फिर टला फैसला, 26 को दाखिल होगी लिखित बहस, जेल में हैं बंद



**कानपुर एजेंसी।** सपा विधायक इरफान सोलंकी के खिलाफ दर्ज आगजनी के मुकदमे में शनिवार को सातवीं बार फिर फैसला टल गया है। एमपीएमएलए सेशन कोर्ट के विशेष न्यायाधीश सत्येंद्र नाथ त्रिपाठी ने अब 26 अप्रैल को लिखित बहस दाखिल करने का आदेश है।

जाजमऊ की डिफेंस कॉलोनी में स्थित एक प्लाट में रहने वाली नजीर फातिमा के घर में 7 नवंबर 2022 को आग लग गई थी। मामले में इरफान, रिजवान, मो. शरीफ, शौकत अली व इजराइल आटे वाला के खिलाफ मुकदमे की सुनवाई चल रही थी। इरफान के अलावा रिजवान, शौकत अली व इसराइल आटे वाला कानपुर जेल में ही बंद हैं।

जमानत मिलने के बाद मोहम्मद शरीफ की जेल से रिहाई हो चुकी है। अभियोजन और बचाव पक्ष की बहस एक मार्च को पूरी हो गई थी। कोर्ट ने 20 अप्रैल की तारीख फैसले के लिए नियत की थी। जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी दिलीप अवस्थी ने बताया कि कोर्ट ने लिखित बहस दाखिल करने के लिए 26 अप्रैल की तारीख नियत कर दी है।

महाराजगंज जेल में बंद इरफान को कोर्ट नहीं लाया गया, जिस कारण वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से इरफान की पेशी की गई जबकि रिजवान व अन्य आरोपी कोर्ट में पेश हुए और जमानत पर जेल से बाहर शरीफ भी फैसला सुनाने के लिए कोर्ट पहुंचा।

# यूपी में भीषण गर्मी के बीच पश्चिम क्षेत्र के लिए अच्छी खबर, आईएमडी का अलर्ट, लखनऊ में बिजली की बड़ी किल्लत

**लखनऊ/कानपुर एजेंसी।** समेत प्रदेश का ज्यादातर जिलों में भीषण गर्मी ने दस्तक दे दी है। लखनऊ में शुक्रवार को दिन का तापमान करीब 2.5 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोत्तरी के साथ इस माह पहली बार 41 डिग्री तक पहुंच गया। आलम यह था कि सुबह दस बजे से ही चिलचिलाती धूप ने लोगों को परेशान किया। रात का पारा भी तेज 4.7 डिग्री उछाल के साथ रिकार्ड 26.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के मुताबिक, अगले एक सप्ताह तक राज्य के अधिकतर इलाकों में मौसम शुष्क बना रहेगा। धूप और तेज गर्म हवा की थपेड़े से लोगों की परेशानी बढ़ सकती है। इस माह के आखिरी में तापमान 45 डिग्री सेल्सियस पार हो सकता है।

**तेज हवा चलने का अनुमान-** मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि अकले 6-7 दिनों तक बारिश के कोई आसार नहीं दिख रहे हैं। मौसम शुष्क रहने के कारण किसानों को फसल कटाई के लिए चिंता नहीं करनी पड़ेगी। फिलहाल, गेहूं की फसल की कटाई शुरू हो चुकी है। इस बीच करीब 30-35 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से तेज हवा चलने की संभावना है। यह सिलसिला अगले चार-पांच दिनों तक रहेगा।




मौसम विभाग का कहना है कि पश्चिमी विक्षोभ की वजह से उत्तर प्रदेश के पश्चिमी क्षेत्र में हल्की बूंदाबांदी हो सकती है, लेकिन लखनऊ समेत पूर्वांचल के किसी भी जिले में बरसात नहीं होगी।

**कानपुर में 40 पार तापमान-** पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने के बाद कानपुर और आसपास के क्षेत्रों में ऊंचाई पर बादल छाए हुए हैं लेकिन वर्षा या बूंदाबांदी नहीं हुई। मौसम शुष्क रहने से शुक्रवार को दिन का अधिकतम तापमान 40.2 डिग्री पर पहुंच गया। गुरुवार को अधिकतम तापमान 40 डिग्री रहा है।

**तापमान बढ़ने के साथ ही बिजली कटौती आज भी रहेगी-** जानकीपुमर के इंजीनियरिंग कालेज बिजली घर से पोषित क्षेत्र में एरियल बंच केबल से जुड़ा काम 20 अप्रैल को किया जाएगा। इसके कारण सुबह नौ बजे से शाम चार बजे तक जानकीपुरम में सेक्टर एच के पास सुंदरम पार्क जानकीपुरम, शिव विहार, सेक्टर एम व आई के अलावा सुलतानपुर गांव में बिजली संकट रहेगा। हुसैनगंज बिजली घर से पोषित क्षेत्र में सुबह नौ बजे से शाम पांच बजे तक बिजली संकट रहेगा। हु

सैनगंज के नहर का बाग आइना, बीबी माता सुग्गा देवी मार्ग, तिलपुरवा राम मंदिर लेन व छितवापुर भुईयां में बिजली संकट रहेगा। विकास नगर बिजली घर से पोषित नगर निगम कालोनी कल्याणपुर, वृद्धाश्रम कल्याणपुर में बिजली 20 अप्रैल को सुबह नौ बजे से शाम चार बजे तक रहेगा।

## यूपी बोर्ड का रिजल्ट जारी, 10वीं का 89.55 प्रतिशत और 12वीं का 82.60 प्रतिशत परिणाम रहा

**प्रयागराज , एजेंसी।** यूपी बोर्ड के दसवीं और 12वीं का परिणाम जारी हो गया है। माध्यमिक शिक्षा परिषद (यूपी बोर्ड) के सचिव दिब्यकांत शुक्ला ने प्रयागराज स्थित मुख्यालय में इसकी घोषणा की।

**हाईस्कूल के टॉपर**

प्राची निगम- 98.50 प्रतिशत, सीतापुर
दीपिका सोनकर- 98.33 प्रतिशत फ़तेहपुर
नव्या सिंह- 98 प्रतिशत, सीतापुर ने तीसरा स्थान हासिल किया है।
स्वाति सिंह- 98 प्रतिशत, सीतापुर

**कक्षा 12वीं में शुभम के सर बंधा टॉपर का ताज**

शुभम वर्मा- 97.80 प्रतिशत,सीतापुर
विशु चौधरी- 97.60 प्रतिशत बागपत
काजल सिंह- 97.60 प्रतिशत,अमरोहा

### भाजपा नेता की बेटी ने किया टॉप

वर्ष 2023 की तुलना में इंटर के कुल परीक्षार्थियों की संख्या में 190173 की कमी हुई है। प्राची निगम के पिता चन्द्रप्रकाश निगम भाजपा नेता हैं। हाईस्कूल परीक्षा में जेल में बंद 115 में से 91 अभ्यर्थी शामिल हुए, उसमें से 89 ने परीक्षा उत्तीर्ण की है। इसी तरह इंटरमीडिएट में कुल 135 अभ्यर्थी ऐसे रहे जो जेल में बंद थे उसमें से 105 ने परीक्षा दी और 87 उत्तीर्ण हुए माध्यमिक शिक्षा परिषद ने शनिवार को यूपी बोर्ड परीक्षा का परिणाम जारी कर दिया। प्रदेश में हाईस्कूल की परीक्षा में महमूदाबाद के सीता बाल विद्या मंदिर के छात्र शुभम वर्मा ने 97.80 प्रतिशत अको के साथ प्रदेश में परचम लहराया है।

संपादकीय

# नक्सलियों के खिलाफ बड़ी कामयाबी

छत्तीसगढ़ में सुरक्षा बलों ने लोकसभा चुनाव के लिए मतदान के पहले नक्सलियों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करने में सफलता पाई है। इससे स्थानीय नागरिकों में सही संदेश जाएगा तथा नक्सलियों को झटका लगा है। पुलिस के मुताबिक खुफिया जानकारी के आधार पर उसने नक्सलियों के गढ़ पर जोरदार हमला किया, जिसमें 29 नक्सली मारे गए हैं, जिनमें तीन तो इनामी कमांडर हैं। नक्सलियों से भारी तादाद में आधुनिक हथियार भी बरामद हुए हैं। हालांकि इस कार्रवाई में तीन पुलिसकर्मी भी घायल हुए हैं, लेकिन उनकी हालत खतरे से बाहर बताई जाती है। पुलिस और नक्सलियों के बीच यह मुठभेड़ बस्तर में 19 अप्रैल को होने वाले मतदान के ठीक पहले कांकेर के छोटेबेटिया के जंगल में हुई। नक्सलियों ने स्थानीय नागरिकों से मतदान का बहिष्कार करने की अपील की थी। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने इस कार्रवाई पर सभी सुरक्षा कर्मियों को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि नक्सलवाद विकास, शांति और युवाओं के उज्ज्वल भविष्य का सबसे बड़ा दुश्मन है। सुरक्षा बलों का यह संयुक्त इंटेलिजेंस बेस, जिसमें बीएसएफ के साथ-साथ डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड की टीमें शामिल थीं। डीजीपी आलोक सिंह के अनुसार पुलिस ने इस ऑपरेशन के लिए नई रणनीति बनाते हुए उस तरफ से हमला किया, जिसके बारे में नक्सली सोच भी नहीं सकते थे। इसमें दो राय नहीं कि नक्सल विरोधी अभियान में पुलिस की यह अब तक की सबसे बड़ी सफलता है। छग के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मुताबिक नक्सली बस्तर और कांकेर में लोकसभा चुनाव को प्रभावित करने की फिराक में थे, पुलिस ने उनके मंसूबों को ध्वस्त कर दिया है। उन्होंने कहा कि हमारी प्राथमिकता बस्तर को नक्सल मुक्त करने की है। उल्लेखनीय है कि छग में इस माह तीन अप्रैल को बीजापुर में पुलिस ने 13 माओवादियों को मुठभेड़ में मार गिराया था। इसके बाद छह अप्रैल को बीजापुर के ही पुजारी कांकेर में पुलिस ने तीन माओवादी मारे गए थे। अकेले बस्तर में इस साल जनवरी से अब तक 50 से अधिक माओवादियों का सफाया किया जा चुका है।

## सभ्यता के उत्कृष्ट पुरुष है श्रीराम

राम मन्दिर निर्माण के पश्चात प्रथम बार आ रही इस रामनवमी को लेकर देश भर के श्रद्धालुओं में जबरदस्त आस्था और उमंग देखने को मिल रही है। राम भारतीय संस्कृति के आदर्श पुरूष है। रामराज्य की परिकल्पना का स्वरूप हमारी संस्कृति एवं परम्परा सदैव देखा जाता है। मर्यादाओं के राम का आगमन निश्चित ही शुभ संकेत है। राम की मर्यादा एक प्रमुख भारतीय सांस्कृतिक मूल्य है। इसका अर्थ है धर्म, नैतिकता, और सम्मान के प्रति पारंपरिक समर्पण। रामायण में भगवान राम के व्यवहार और व्यक्तित्व ने इस मर्यादा को परिभाषित किया है। उनका व्यवहार, उनकी सामर्थ्य, और उनका समाज में योगदान इस मर्यादा को महत्वपूर्ण बनाते हैं। उन्होंने अपने जीवन में न्याय, सत्य, और धर्म के प्रति स्थिरता का परिचय दिया। इसीलिए, राम की मर्यादा हमें सदैव सही रास्ते पर चलने का मार्गदर्शन करती है। राम, भारतीय साहित्य और धर्म के एक प्रमुख चरित्र हैं। उन्हें मर्यादा पुरुषोत्तम यानी सभ्यता के उत्कृष्ट पुरुष के रूप में जाना जाता है। उनका जीवन और उनकी विचारधारा धर्म, न्याय, और मानवता के प्रति अत्यंत समर्पित था। रामायण, उनके जीवन की कहानी, उनके परिवार और सम्प्रदाय के साथ उनके संघर्षों को विस्तृत रूप से वर्णित करता है। उनका प्रेम, विश्वास, और सहनशीलता हमें एक उत्तम मानवीय आदर्श के प्रति प्रेरित करती हैं। राम की कहानी हमें सच्चे धर्म और अध्यात्म की ओर दिशा प्रदान करती है। मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम भारतीय समाज में एक महत्वपूर्ण धार्मिक और सांस्कृतिक आदर्श हैं। उन्हें श्मर्यादा पुरुषोत्तमश् कहा जाता है क्योंकि वे मर्यादाओं का पालन करते हुए एक पूर्ण और आदर्श पुरुष थे। राम धर्म, कर्तव्य, नैतिकता, और सामाजिक संगठन के प्रतीक माने जाते हैं। उनकी विवेकपूर्ण और साधारण जीवनशैली, मित्रता, और धैर्य हर व्यक्ति को प्रेरित करती है। उनके जीवन की कहानी हमें कर्तव्यनिष्ठा, सहानुभूति, और सामर्थ्य की प्रेरणा देती है। मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम हिंदू धर्म के प्रमुख देवता माने जाते हैं। उन्हें श्रामायणश् के प्रमुख पात्र के रूप में जाना जाता है, जो धर्म, नैतिकता, और शिक्षा के प्रतीक हैं। उनकी मर्यादा, धर्म और विवेक की प्रशंसा हमें सबक सिखाती है। उनका जीवन उत्कृष्ट आदर्शों और महानता का प्रतीक है।

# भारत की बेमिसाल विरासत से दुनिया अचंभित

ललित गर्ग

मानव सभ्यता के इतिहास और विरासत को एक साथ सम्मान देने के लिए हर साल 18 अप्रैल को विश्व विरासत दिवस मनाया जाता है। यह दिन दुनिया भर की विभिन्न संस्कृतियों को प्रोत्साहित करने, सांस्कृतिक, धार्मिक, ऐतिहासिक स्मारकों और स्थलों के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए मनाया जाता है। दुनिया भर के लोग त्योहारों, परंपराओं और स्मारकों के माध्यम से अपनी संस्कृति और विरासत का जश्न मनाते हैं। इस दिवस को मनाते हुए यूनेस्को असाधारण मूल्य के सांस्कृतिक, धार्मिक, ऐतिहासिक और प्राकृतिक स्थलों की सुरक्षा में अंतर्राष्ट्रीय सहयोग के विकास के साथ जुड़े एक समृद्ध इतिहास को बढ़ावा देता है। पहला विश्व धरोहर दिवस ट्यूनीशिया में मनाया गया था। विश्व धरोहर दिवस की शुरुआत 1982 में इंटरनेशनल काउंसिल ऑन मॉन्यूमेंट्स एंड साइट्स (आईसीओएमओएस) ने की थी। इसके बाद 1983 में इसे 'यूनेस्को' की मंजूरी मिली। 1983 के बाद से हर साल अलग-अलग थीम के साथ विश्व धरोहर दिवस दुनियाभर में मनाया जाता है। 2024 की आधिकारिक थीम ÷हमारे वैश्विक विरासत की रक्षा करना÷ है। यूनेस्को किसी स्मारक या स्थल को धरोहर घोषित करता है तो उसके बाद उस जगह का नाम विश्व में काफी मशहूर हो जाता है। जिससे वहां विदेशी पर्यटकों का आवागमन भी काफी बढ़ जाता है, जिसका लाभ सीधा देश की अर्थव्यवस्था एवं वहां के पर्यटन व्यवसाय को मिलता है। विश्व धरोहर घोषित होने के बाद उस जगह का खास ध्यान रखा जाता है और उसकी सुरक्षा भी बढ़ा दी जाती है। यदि ये स्मारक ऐसे देश में है, जिसकी आर्थिक स्थिति सही नहीं है, तो यूनेस्को ही स्मारक की देखभाल और सुरक्षा की जिम्मेदारी उठाता है। अंतरराष्ट्रीय स्मारक एवं स्थल परिषद और विश्व संरक्षण संघ ये दो संगठन है, जो इस बात का आकलन करते हैं कि स्थल विश्व धरोहर बनने लायक है या नहीं। साल में एक बार इस विषय के लिए समिति की बैठक होती है और फिर उन जगहों का चयन करती है, उसके बाद दोनों संगठन इसकी सिफारिश विश्व धरोहर समिति से करते हैं। फिर ये फैसला लिया जाता है कि उस जगह को विश्व धरोहर बनाना है या नहीं। विश्व विरासत दिवस की इसलिए अपने आप में एक वैश्विक महत्ता है, क्योंकि इसके जरिए दुनिया में सांस्कृतिक समझ को बढ़ावा देने में सहूलियत मिल रही है। विश्व की विरासतें मानव को सतत रूप से प्रेरित करती हैं। सिर्फ किसी समाज की विरासत उसी समाज को प्रेरित नहीं करती बल्कि विश्व के दूसरे समाजों को भी विरासत अच्छी तरह से प्रेरित करती है। विरासत दिवस के चलते पर्यावरण और जागरूकता को बढ़ावा मिलता है। विरासतें विभिन्न समुदायों के बीच रिश्तों को आत्मीय और सम्मानजनक बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं और मानवीय उपलब्धियों का जश्न मनाने के लिए महत्वपूर्ण आधार होती हैं। यही वजह है कि विश्व विरासत को दुनियाभर के मानव समाज के लिए महत्वपूर्ण माना गया है। विश्व विरासत दिवस सिर्फ हमारे जीवन में खुशियों के पलों को लाने में ही मदद नहीं करता बल्कि यह देश के सामाजिक, सांस्कृतिक, राजनैतिक और आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका का माध्यम भी है। यह पर्यटन को प्रोत्साहन देने का सशक्त माध्यम है। भारत की अर्थव्यवस्था पर्यटन-उद्योग के इर्द-गिर्द घूमती रही है। राजस्थान भारत का एक राज्य है जो विश्व विरासत का समृद्ध केन्द्र है, यह पर्यटन के लिए सबसे समृद्ध राज्य माना जाता है। राजस्थान की पुरातात्विक विरासत या सांस्कृतिक धरोहर केवल दार्शनिक, धार्मिक, सांस्कृतिक स्थल के लिए नहीं है बल्कि यह राजस्व प्राप्ति का भी स्रोत है। यूं तो भारत के सभी राज्यों में समृद्ध विरासत देखने को मिलती है। पर्यटन क्षेत्रों से कई लोगों की रोजी-रोटी भी जुड़ी है। प्राकृतिक सुंदरता और महान इतिहास से संपन्न राजस्थान में पर्यटन उद्योग समृद्धिशाली है। राजस्थान देशीय और अंतर्राष्ट्रीय पर्यटकों, दोनों के लिए एक सर्वाधिक आकर्षक पर्यटन स्थल है। भारत की सैर करने वाला हर तीसरा विदेशी सैलानी राजस्थान देखने ज़रूर आता है। जयपुर के महल, उदयपुर की झीलें और जोधपुर, बीकानेर तथा जैसलमेर के भव्य दुर्ग भारतीय और विदेशी सैलानियों के लिए सबसे पसंदीदा जगहों में से एक हैं। इन प्रसिद्ध विरासत स्थलों को देखने के लिए यहाँ हजारों पर्यटक आते हैं। जयपुर का हवामहल, जोधपुर, बीकानेर और जैसलमेर के धोरे काफी प्रसिद्ध हैं। जोधपुर का मेहरानगढ़ दुर्ग, सवाई माधोपुर का रणथम्भोर दुर्ग एवं चित्तौड़गढ़ दुर्ग काफी प्रसिद्ध है। यहाँ शेखावटी की कई पुरानी हवेलियाँ भी हैं जो वर्तमान में हैरिटेज होटलें बन चुकी हैं। पर्यटन ने यहाँ आतिथ्य क्षेत्र में भी रोज़गार को बढ़ावा दिया है। यहाँ की मुख्य मिठाई 'घेवर' है। राजस्थान असंख्य पर्यटन अनुभवों, व्यंजनों और मोहक स्थलों का प्रांत है। चाहे भव्य स्मारक हों, प्राचीन मंदिर या मकबरे हों, नदी-झरने, प्राकृतिक मनोरम स्थल हो, इसके चमकीले रंगों और समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का प्रौद्योगिकी से चलने वाले इसके वर्तमान से अटूट संबंध है। यहां सभी प्रकार के पर्यटकों को चाहे वे साहसिक यात्रा पर हों, सांस्कृतिक यात्रा पर या वह तीर्थयात्रा करने आए हों, सबके लिए खूबसूरत जगहें हैं। यह राजस्थान पल-पल परिवर्तित, नितनूतन, बहुआयामी और इन्द्रजाल की हद तक चमत्कारी यथार्थ से परिपूर्ण समृद्ध विरासत का खजाना है। इस राजस्थान की समग्र विविधताओं, नित नवीनताओं और अंतर्विरोधों से साक्षात्कार करना सचमुच अलौकिक एवं विलक्षण अनुभव है। देश-दुनिया में हमारे पूर्वजों ने विभिन्न शिल्प-कलाओं में जो शानदार कृतियां (स्मारक, ग्रंथ, मंदिर, किले, महल या मकबरे आदि के रूप में) उकेरीं, वो आज हम सभी के सामने महान सांस्कृतिक धरोहरों के रूप में मौजूद हैं। ये हमारे गौरवशाली अतीत की याद दिलाते हैं, साथ ही आर्थिक लाभ का जरिया भी बनते हैं। भारतीय संस्कृति में हरे-भरे पेड़, पवित्र नदियां, पहाड़, झरनों, पशु-पक्षियों की रक्षा करने का संदेश हमें विरासत में मिला है। ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं धार्मिक दृष्टि से केवल स्मारक एवं स्थल हीं नहीं, प्रभु श्रीराम जैसे महानायकों का जीवन भी दुनिया के लिये प्रेरणास्रोत रहा है। स्वयं भगवान श्रीराम व माता सीता 14 वर्षों तक वन में रहकर प्रकृति को प्रदूषण से बचाने का संदेश दिया।

> *ऋषि-मुनियों के हवन-यज्ञ के जरिए निकलने वाले ऑक्सीजन को अवरोध पहुंचाने वाले दैत्यों का वध करके प्रकृति की रक्षा की। जब श्रीराम ने हमें प्रकृति के साथ जुड़कर रहने का संदेश दिया है तो हम वर्तमान में क्यों प्रकृति के साथ खिलवाड़ करने में लगे हैं। हमारा कर्तव्य है कि हम प्रकृति की रक्षा करें। गोस्वामी तुलसीदास ने 550 साल पहले रामचरित मानस की रचना करके श्रीराम के चरित्र से दुनिया को श्रेष्ठ पुत्र, श्रेष्ठ पति, श्रेष्ठ राजा, श्रेष्ठ भाई, प्रकृति प्रेम और मर्यादा का पालन करने का संदेश दिया है।*

# डॉन-माफियाओं को भी रास आती थी 'लखनऊ' की सरजमीं

(विवेक मिश्रा)

अपराध और राजनीति ही नहीं, बल्कि माल कमाने के लिए भी लखनऊ मुफीद जगह होती थी। सबसे ज्यादा पैसा ठेकों की कमाई में बहता था और ठेका उनको ही मिलता था, जिनका सरपरस्त कोई बाहुबली होता था। लखनऊ में एक समय में जो भी सरकारी ठेके उठाए गए थे। उनमें से कई ठेके उन लोगों को मिले, जिन पर बाहुबली धनंजय सिंह या फिर अभय सिंह का हाथ हुआ करता था, जो अब एक दूसरे के जानी दुश्मन बन बैठे हैं। देश की राजधानी दिल्ली का रास्ता यूपी से होकर जाता है, इसलिए जरूरी है कि अपने आपको पहले क्षेत्रीय राजनीति से ऊपर उठकर लखनऊ में स्थापित किया जाए। लखनऊ राजनीति का मुख्य केंद्र है। लखनऊ को पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी की कर्मभूमि भी कहा जाता है। लखनऊ ने अगर एक से बढ़कर एक नेताओं को दिया है तो वहीं माफिया से नेता बने बाहुबलियों की भी लखनऊ पहली पसंद थी। लखनऊ बाहुबली नेताओं को खूब रास आती थी। इसके कई प्रमुख वजहें भी थीं। लखनऊ में रेल के ठेके से लेकर कॉम्प्लेक्स के व्यवसाय बाहुबली नेताओं की आंखों में चमक पैदा करते थे। एक समय में बाहुबली नेता मानते थे कि जिसने लखनऊ में अपनी पकड़ मजबूत बना ली, उसकी ताकत में चार चांद लग जाते थे। हजारों करोड़ रुपये के कारोबारों से कौन परहेज कर सकता था एक समय ऐसा था कि सदन के सम्मानित सदस्य होने के बावजूद ऐसे कई माननीय थे, जो उस वक्त आपराधिक गतिविधियों पर नजर रखते थे। साथ ही लखनऊ के भीतर और बाहर अपराधों को अंजाम तक पहुंचाने के गुरेज नहीं करते थे। जिसके चलते माफिया भी आपस में टकराते रहते थे। लखनऊ में रेल के ठेके से लेकर निर्माण गतिविधियां, आवास परियोजनाएं, टेलीफोन के ठेके, बहुमंजिला इमारतों और कॉम्पलेक्स का व्यवसाय बाहुबली नेताओं की आंखों में चमक पैदा करता रहा है। हजारों करोड़ रुपये के इन कारोबार पर काबिज होने के लिए गैंगवार चलती रही है। माफिया डॉन की पसंद बन चुका था लखनऊ गुनाह के सौदागारों को यूपी की राजधानी हमेशा रास आती थी। उन्होंने इस धरती का इस्तेमाल न सिर्फ 'ठौर' के रूप में किया, बल्कि संसाधन हासिल करने में भी खूब किया था। माफिया बृजेश सिंह, बबलू श्रीवास्तव, श्रीप्रकाश शुक्ला, मुन्ना बजरंगी, कृपाशंकर, सत्यप्रकाश उर्फ सत्तू पाण्डेय, पवन पाण्डेय जैसे लोगों ने अण्डरवर्ल्ड की राजधानी मुम्बई से रिश्तों का जो नाता जोड़ा था, उसी का छोर थामकर आईएसआई एजेंटों, आतंकियों और माफियाओं ने लखनऊ में डेरा जमा लिया था। लाल किले पर हमला हो या फिर अयोध्या हमले की साजिश, अपराधियों ने इस सरजमी का इस्तेमाल किया था। लाल किले पर हमला करने वालों में शामिल था लखनऊ का युवक इसको लेकर उस समय पुलिस का भी मानना था कि बृजेश सिंह और बबलू श्रीवास्तव ने सबसे पहले मुम्बई अण्डरवर्ल्ड से रिश्तों की बुनियाद डाली थी। इसके बाद श्रीप्रकाश शुक्ला, सत्तू पाण्डेय ने इस पर अपराध की इमारत खड़ी की थी। अपराधियों ने वसूली, हवाला, मादक पदार्थों, असलहों की तस्करी का धंधा भी यहां से संचालित किया। माफियाओं को सहज पनाह मिलने और अपराध के लिए आवश्यक संसाधन उपलब्ध होते देख आईएसआई समर्थक आतंकियों ने भी शहर पर काली निगाह डाली और आतंकी तैयार करने का काम भी शुरू कर दिया था। वरिष्ठ पत्रकार एवं स्थानीय निवासी नवल कांत सिन्हा बताते हैं कि सिर्फ इतना ही नहीं, इसी शहर के चौपटिया इलाके में जन्मा युवक लश्कर-ए-तैयबा के इशारे पर लाल किला पर हमला करने वालों में शामिल हुआ था। इसका जिक्र उन्होंने अपनी किताब में भी किया है। इसके बाद सुरक्षा एजेंसियों को नजर में बेनकाब होने के बाद वह फिर लखनऊ आ गया एसटीएफ ने उस पर हाथ डाला तो कुछ लोगों ने शहर को साम्प्रदायिक उन्माद की आग में झोंकने का प्रयास कर दिया था।

# आज का राशिफल

### मेष
व्यापार में नया प्रयोग करने से आपको बचना चाहिये। विद्यार्थियों को पढ़ाई में कुछ समस्या होगी। वैवाहिक जीवन में थोड़ी अशान्ति हो सकती है। नजदीकी लोगों को लेकर थोड़ा परेशान रहेंगे। गुप्त शत्रु खुलकर आपको नुकसान पहुँचाने की कोशिश कर सकते हैं।

### वृष
विद्यार्थियों के लिये दिन बहुत अच्छा है। जीवनसाथी के प्रति मन में सम्मान भाव बढ़ेगा। कार्यक्षेत्र में काम क दबाव कम होगा। दोस्ती प्रेम सम्बन्धों में बदल सकती है। आपको कुछ शुभ समाचार मिल सकते हैं। धन के लेन-देन में सावधानी रखें। आर्थिक स्थिति उत्तम रहने वाली है।

### मिथुन
सन्तान के जिद्दी व्यवहार के कारण परेशानी होगी। बाहर का तला भुना व गरिष्ठ भोजन न करें। पेट में जलन की शिकायत हो सकती है। आपको अपने मान-सम्मान की चिन्ता रहेगी। जीवनसाथी से वैचारिक तनाव दूर होगा। प्रेमी जन से झगड़ा हो सकता है।

### तुला
अनावश्यक कार्यों से आपको बचना चाहिये। पुराने उधार के कारण समस्या हो सकती है। आपका स्वास्थ्य थोड़ा कमजोर रहेगा। युवाओं को वैवाहिक जीवन में मनमुटाव से बचना चाहिये। स्वार्थी प्रवृत्ति के लोगों से आपको नुकसान हो सकता है।

### वृश्चिक
सरकारी कार्यों की रुकावटें दूर होंगी। आज मन काफी चञ्चल रहेगा। लेकिन फिर भी आपके विचारों को लोग काफी महत्व देंगे। पुराने सामान को बेचकर धन कमा सकते हैं। छोटे व्यापारियों की आय में अचानक वृद्धि हो सकती है।

### धनु
आज आपके सभी कार्य तय समय पर पूर्ण हो जायेंगे। व्यवसाय को लेकर कड़े निर्णय लेने के लिये दिन उत्तम है। प्रेमी जन के साथ महत्वपूर्ण डेट्स पर जाने की योजना बना सकते हैं। सन्तान के करियर को लेकर चिन्ता दूर होगी। तकनीकी शिक्षा ले रहे विद्यार्थियों को जॉब के अवसर मिलने की सम्भावना बन रही है।

### कर्क
पारिवारिक जीवन में थोड़ी परेशानी होगी। आज का दिन आपके लिये काफी खर्चीला रहेगा। दोस्तों से अपने मन की बातें शेयर करने से अच्छा लगेगा। यात्रा कर रहे हैं तो सामान और धन की स्थिति का ध्यान रखें। पुराने कर्ज को उतारने के लिये दिन बहुत अच्छा है।

### सिंह
आपकी आर्थिक स्थिति अच्छी रहेगी। नया व्यवसाय शुरू कर सकते हैं। व्यवसाय में बिक्री बढ़ने से मन प्रसन्न रहेगा। प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता मिलने की सम्भावना बन रही है। आज रिश्तेदारों और मित्रों के साथ अच्छा समय बिता सकते हैं।

### कन्या
आपके मन में कुछ नया करने की इच्छा जागृत होगी। किन्तु आपके चलते हुये कार्यों में किसी कारण बाधा आ सकती है। सर्द-गर्म के कारण बुखार की समस्या होगी। अपने खर्चों पर नियन्त्रण रखें। बीमार लोगों को अपनी सेहत को लेकर लापरवाह नहीं होना चाहिये।

### मकर
आज आपको घुटनों और पेट दर्द की शिकायत हो सकती है। व्यवसाय में टीमवर्क की भावना ध्यान रखें। दूसरों की कही-सुनी बातों को ज्यादा महत्व न दें। इससे आपके काम बिगड़ सकते हैं। आज शान्त होकर परिस्थितियों का आकलन करें। नया काम शुरू न करें।

### कुंभ
आज आप काफी प्रसन्न रहने वाले हैं। टीमवर्क में काम करने से काम शीघ्र सफल होंगे। काफी समय से रुका हुआ धन आपको वापस मिल सकता है। व्यापारिक सम्बन्ध और सुदृढ़ होंगे। कार्यक्षेत्र में बेहतरीन धन लाभ होगा।

### मीन
करियर को लेकर काफी आशावादी और प्रयत्नशील रहेंगे। लेखन आदि कार्यों में सफलता मिलेगी। जीवन के प्रति आपका दृष्टिकोण किसी कारणवश बदल सकता है। अपने स्वभाव में लचीलापन बनाये रखें। कार्यक्षेत्र में काम का दबाव बढ़ने की आशंका है।

## सुडोकू पहेली — क्रमांक- 5346

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | | 3 | | | | | | |
| 2 | | | 3 | | | | | |
| | 4 | | 7 | 1 | | 2 | | 3 |
| | | 5 | 4 | | | | 7 | 1 |
| | | 4 | 2 | | 1 | 8 | | |
| 6 | 8 | | | | 7 | 5 | | |
| 1 | | 7 | | 6 | 9 | | 3 | |
| | | | | | 4 | | | 6 |
| | | | | | | 9 | | 5 |

**नियम :** प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 5345

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | 3 | 1 | 7 | 4 | 8 | 6 | 5 |
| 5 | 1 | 8 | 6 | 2 | 3 | 4 | 7 | 9 |
| 6 | 7 | 4 | 9 | 8 | 5 | 2 | 3 | 1 |
| 3 | 8 | 5 | 2 | 9 | 6 | 1 | 4 | 7 |
| 1 | 6 | 9 | 8 | 4 | 7 | 5 | 2 | 3 |
| 7 | 4 | 2 | 5 | 3 | 1 | 9 | 8 | 6 |
| 4 | 5 | 1 | 7 | 6 | 8 | 3 | 9 | 2 |
| 8 | 2 | 6 | 3 | 5 | 9 | 7 | 1 | 4 |
| 9 | 3 | 7 | 4 | 1 | 2 | 6 | 5 | 8 |

## वर्ग पहेली 5346

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | ■ | ■ | 3 | | 4 | 5 |
| 6 | | 7 | ■ | | ■ | 8 | |
| | ■ | 9 | | | ■ | 10 | |
| 11 | 12 | | ■ | ■ | 13 | ■ | |
| ■ | 14 | | 15 | | | 16 | ■ |
| 17 | | ■ | | ■ | 18 | | 19 |
| | ■ | 20 | | | ■ | 21 | |
| | ■ | 22 | | ■ | 23 | | |

**संकेतः बाएं से दाएं**

1. 30 मई 1987 को इसे भारत के राज्य का दर्जा मिला यह भारत का 26 वां राज्य बना (2)
3. 30 मई 1981 को हमारे देश के इस पडोसी राष्ट्र के राष्ट्रपति की उनके 8 सहयोगियों के साथ हत्या की गई (4)
6. विवाह के समय वधू का वर की अंगीकार करना (3)
8. स्थिति, दशा, अवस्था (2)
9. कलंदर, बाजीगर (3)
10. दारचीनी जाति के पत्ते के मसाले जो तरकारी आदि में इस्तेमाल होते है (2)
11. मुस्लिमों की ईश प्रार्थना जो पांच वक्त की होती है (3)
14. निर्देशक महबूब खान की और नरगिस की यादगार भूमिका वाली फिल्म जिसमें सुनील दत्त, राजेंद्र कुमार भी थे (6)
17. षोषशी, किशोरी (2)
18. दक्षिणी अमेरिका का एक देश जिसकी राजधानी जॉर्ज टाउन है (3)
20. जल की बूंद, फुहार (3)
21. हिंदी व्याकरण में अन्य पुरूष (2)
22. नारी का अपभ्रंश (3)

**ऊपर से नीचे**

1. श्री वृंदावन का एक पर्वत के बारे में ऐसी प्रसिद्धि है कि एक बार बहुत अधिक वर्षा होने पर अपने भक्तों के रक्षार्थ श्रीकृष्ण ने इसे कनिष्ठिका उंगली पर उठाया था (4)
2. सप्ताह का दिन, प्रहार करने की क्रिया (2)
3. इस वाद्य का आविष्कार मतंग ने किया था (3)
4. ग्राम, गांव, ग्राम क्षेत्र (3)
7. किसी का नाम किसी बात आदि के लिए निश्चित कर लिया गया हो (4)
12. मुकदमा, माजरा, समस्या, घटना (3)
13. अविचल, जो हिल न सके (3)
15. समुद्र, रत्नखान (4)
16. खानाबदोश, पर्यटन प्रिय, घुमंतु (4)
17. भारत के प्रथम मुगल सम्राट (3)
19. वृथा, बेमतलब, व्यर्थ में (3)
20. सिलना, टांके लगाना, वक्षस्थल (2)

### वर्ग पहेली 5345 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ने | पा | न | ग | र | ■ | प | ना |
| क | ल | म | ल | ■ | भा | र | त |
| नी | ■ | क | त | र | ■ | वा | ■ |
| य | म | ■ | फ | त | ह | ना | मा |
| त | न | ख्वा | ह | ■ | व | ■ | या |
| ■ | मो | ■ | मी | जा | न | ■ | ■ |
| सा | ह | स | ■ | पा | ■ | शा | म |
| म | न | ही | म | न | ■ | ना | म |



# दूध दोहने का नया तरीका

**थन और अयन में पानी को छिड़काव, बांटे को दूध दोहने से पहले डालना, थनों को सहलाना और बछड़े/बछियों का चाटना सभी दूध दोहने में सहायक होते हैं। दूध दोहने वाले हारमोन को प्रभाव 5 से 8 मिनट तक रहता है। इसलिए दूध निकालने की प्रक्रिया तुरंत एवं तेजी से की जानी चाहिए।**

दूध, पशु के थन और अयन में उतरना एक विशिष्ट प्रक्रिया है। मस्तिष्क एवं तंत्रिका तंत्र इस पर प्रभाव डालते हैं। विभिन्न प्रकार के हारमोन निकलते हैं, जो थन एवं अयन में दूध उतारते हैं। थन और अयन में पानी को छिड़काव, बॉटे को दूध दोहने से पहले डालना, थनों को सहलाना और बछड़े/बछियों का चाटना सभी दूध दोहने में सहायक होते हैं। दूध दोहने वाले हरमोन को प्रभाव 5 से 8 मिनट तक रहता है। इसलिए दूध निकालने की प्रक्रिया तुरंत एवं तेजी से की जानी चाहिए। तभी पशु से पूरा दूध उत्पादन लिया जा सकता है। डर, दर्द एवं भावनात्मक विघ्न दूध रोकने में मदद करते हैं। इसलिए पशु दोहने के पहले बाहरी वातावरण खुश नुमा होना चाहिए। दूध दोहना एक बड़ा कार्य है। डेयरी में कुल मानव घंटों का 50-60 प्रतिशत दूध दोहने में निकलता है। एक अच्छा दूध निकालने वाला 10-15 गायों का दूध निकाल सकता है। दूध एक ऐसा पदार्थ है जो सभी प्रकार के दोषों को ग्रहण कर लेता है। थन एवं अयनों को अच्छी तरह से धोना चाहिए। ग्वालों के हाथ साफ होना चाहिए। नाखून भी साफ होना चाहिए। दूध की तीन विधियां हैं।

तर्जनी एवं अंगूठे की मदद से।
नाखून लगाकर दूध निकालना।

### पूर्ण हाथ पद्धति

सामान्य रूप से गायों में बायें तरफ से दूध निकाला जाता है। थनों का कोई क्रम नहीं रहता है। वह दूध भरने के ऊपर निर्भर रहता है।

### तर्जनी एवं अंगूठे की मदद से

नई जनने वाली केड़ियों और पाड़ियों के थन छोटे होने के कारण इस विधि से दूध निकाला जाता है। यह पशु को बहुत तकलीफदायक रहती है।

### नाखून लगाकर दूध निकालना

भैसों में तथा बड़े थन वाली गायों में यह विधि अपनाई जाती है परन्तु दूध दोहने में पशु को कष्ट होता है। चोट भी लग सकती है।

### पूर्ण हाथ विधि

यह विधि वैज्ञानिक विधि है। इसमें पूर्ण हाथ के द्वारा पूर्ण रूपेण दूध निकाला जा सकता है। कुछ दूध निकालने वाले ग्वाले थन को गीला करने के लिए दूध या लार लगाते हैं। यह स्वच्छ उत्पादन की दृष्टि से उपयुक्त है। इसके साथ-साथ ऐसा करने से थन फट सकते हैं। उपरोक्त विधियों के अतिरिक्त मशीन से भी दुहाई की जा सकती है, जहां पर अधिक दूध उत्पादन देने वाली गायें एवं भैंसें हैं जिनका दूध उत्पादन 20 लीटर प्रति दिन प्रति पशु है, वहां मशीन द्वारा दुहाई कराई जाती है। यह दबाव के सिद्धान्त पर काम करती है।



# आपके हाथ बाजरे का बम्पर उत्पादन



**निराई-गुड़ाई पौधे अधिक नजदीक न करें. बुवाई से 45 दिन तक खेत को खरपतवार रहित रखने से 20% तक उपज अधिक मिलती है। साथ ही जहां अधिक पौधे हों उन्हें उखाड़ कर वहां लगा देना चाहिये जहां पौधा नहीं उगा हो इसलिये यह कार्य उस दिन करना चाहिए जिस दिन खेत में पर्याप्त नमी हो।**

### खेत की तैयारी

खेत की तैयारी करते समय 10-15 टन सड़ी हुई गोबर खाद खेत में अच्छी तरह मिला देना चाहिये। इसके बाद हल या कल्टीवेटर से दो जुताई कर मिट्टी को भुरभुरा बनाकर पाटा चलाकर खेत को समतल कर लेना चाहिये जिससे खेत में पानी न भरे और जल निकास के माध्यम से वर्षा का अधिक पानी निकाला जा सके।

### बुवाई का समय व विधि

बुवाई वर्षा के आरंभ में जून के प्रथम सप्ताह से जुलाई के तृतीय सप्ताह तक बोई जाती है। बुवाई सीड ड्रिल द्वारा लाइन से लाइन की दूरी 45 सेमी तथा पौधे से पौधे की दूरी 10-15 सेमी तथा पौधे से पौधे की दूरी 10-15 सेमी तथा बीज को 2-3 सेमी की गहराई पर बोना चाहिए।

### भूमि व उसका उपचार

बाजरा के लिये दोमट व रेतीली दोमट भूमि सर्वोत्तम मानी जाती है जिसका जल निकास अच्छा हो यदि भूमि में दीमक की समस्या हो तो क्विनालफॉस 5% डस्ट का भुरकाव करें यदि पूर्व में बोई गई फसल में खरपतवारनाशी के लिये पेन्डीमिथालीन दवा उपयोग की गई हो तो वहां बाजरा की बोनी न करें क्योंकि उस खेत में बाजरे के बीज का अंकुरण प्रभावित होता है।

### बीज की मात्रा

बीज की मात्रा प्रति हेक्टर 7-8 किलोग्राम पर्याप्त होती है जिसे 3 ग्राम प्रति किलो बीज को थाइरम से उपचारित कर कल्चर से भी उपचारित करना लाभदायक होता है। प्रति हेक्टर पौधों की संख्या 1.70 से 2.00 लाख पर्याप्त मानी जाती है।

### विरलन एवं रिक्त स्थान की पूर्ति

बुवाई के तुरंत बाद यदि वर्षा हो जाती है तो बीज के ऊपर मिट्टी की पर्त जम जाती है जिससे अंकुरण कम हो जाता है ऐसी स्थिति कहीं-कहीं बाजरा का खाली स्थान रह जाता है इसमें जहां अधिक पौधे उगे हैं वहां से उखाड़ कर रोपाई करें।

### उर्वरक की मात्रा

130 किलोग्राम यूरिया, 175 किलोग्राम फास्फोरस और 50 किलोग्राम म्यूरेट ऑफ पोटाश तत्व आधार खाद के रूप में देना चाहिए और शेष 87 किलोग्राम यूरिया की मात्रा बुवाई के 25-30 दिन बाद छिड़कना चाहिए उस समय नमी होना अति आवश्यक है। अधिक उपज के लिये 25 किलोग्राम जिन्क सल्फेट का प्रति हेक्टर तीन वर्ष में एक बार उपयोग करें।

### निंदाई-गुड़ाई

बाजरा की फसल को खरपतवार रहित रखने के लिये बुवाई के तीसरे चौथे सप्ताह में निराई-गुड़ाई अति आवश्यक है अन्यथा अधिक खरपतवारों से 30-40 प्रतिशत तक उपज घट जाती है निराई-गुड़ाई पौधे अधिक नजदीक न करें। बुवाई से 45 दिन तक खेत को खरपतवार रहित रखने से 20% तक उपज अधिक मिलती है। साथ ही जहां अधिक पौधे हों उन्हें उखाड़ कर वहां लगा देना चाहिये जहां पौधा नहीं उगा हो इसलिये यह कार्य उस दिन करना चाहिए जिस दिन खेत में पर्याप्त नमी हो। खरपतवार नियंत्रण के लिये बुवाई के तुरन्त बाद आधा किलोग्राम एट्राजिन सक्रिय तत्व को पानी में घोल बनाकर छिड़कें। यदि चौड़ी पत्ती वाला खरपतवार अधिक हो तो बुवाई के 30 दिन बाद 2-4 डी दवा का 1.00 किलोग्राम सक्रिय तत्व 600 लीटर पानी में घोल बना कर छिड़क दें। सिंचाई- बालियां बनते समय या दाना भरते समय यदि वर्षा न हो तो सिंचाई की उपलब्धता की स्थिति में अवश्य देवें और ध्यान रहे कि फसल जललग्रता न हो यदि खेत में पानी भरे तो तुरन्त जल निकाल दें।

### उन्नत किस्में

बाजरा की अनुशंसित किस्म का चयन करना चाहिए जिसे प्रमाणित व विश्वस्तरीय श्रोत से क्रय करना चाहिए। संकर किस्में कम समय में पकती हैं तथा उपज की क्षमता अधिक होती है।

### संकर किस्में

एचएचबी-50,एचएचबी-60, एचएचबी-68, बीके 560, जेबीएच-1, जेबीएच-2, आयसीएमएच-356 एवं पीएसबी-25 इन किस्मों की उपज 25-30 क्विंटल प्रति हेक्टर होती है तथा ये 75 से 85 दिन में पक जाती है।
एचएचबी-67- यह किस्म सिंचित क्षेत्र के लिये सर्वोत्तम है जिसको पकने की अवधि 60-65 दिन है उपज 30 से 32 क्विंटल प्रति हेक्टर आती है।

### कम्पोजिट किस्में

राज 171, जेवीव्ही-2, जेवीव्ही-3 इन किस्मों की उपज 18 से 25 क्विंटल प्रति हेक्टर होती है।
एचसी-4- यह किस्म बारानी तथा सिंचित दोनों क्षेत्रों के लिये सर्वोत्तम है इसकी उपज 25 क्विंटल तक आती है।
डब्ल्यूसीसी-75 किस्म का दाना 20 से 22 क्विंटल होता है और डन्ठल की उपज 120 क्विंटल होती है।

### कटाई एवं गहाई

सितम्बर के अंत या अक्टूबर के मध्य तक पक जाता है जिसे जड़ के ऊपर से दराते से काट कर बंडल बनाकर खेत में सूखने के लिये खड़ा कर देते है।



# कोदो- कुटकी

## अतिरिक्त आमदनी का जरिया



**इनकी खेती अधिकतर हल्की रेतीली, कंकरीली, पथरीली, पहाड़ी, उबड़-खाबड़ व कम उपजाऊ भूमि में की जाती है। वर्तमान में इनका क्षेत्रफल प्रतिवर्ष कम होता जा रहा है, फिर भी लगभग 5.0 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में इन फसलों की खेती की जा रही, जिससे लगभग 2.0 लाख टन उत्पादन प्राप्त किया जाता है।**

कोदो और कुटकी की फसलें मुख्यतया लघु धान्य फसलों के अन्तर्गत आती हैं इन्हें मुख्य रूप से डिण्डोरी, मण्डला, छिन्दवाड़ा, सिवनी, शहडोल, बैतूल व झाबुआ जिलों में बोई जाती है। इनकी खेती अधिकतर हल्की रेतीली, कंकरीली, पथरीली, पहाड़ी, उबड़-खाबड़ व कम उपजाऊ भूमि में की जाती है। वर्तमान में इनका क्षेत्रफल प्रतिवर्ष कम होता जा रहा है, फिर भी लगभग 5.0 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में इन फसलों की खेती की जा रही जिससें लगभग 2.0 लाख टन उत्पादन प्राप्त किया जाता है। कोदो एवं कुटकी की दलहनी/ तिलहनी फसलों के साथ अंतरवर्तीय फसल लेकर कृषक बंधु अधिक लाभ प्राप्त कर सकते हैं।

### बोने का समय

इन फसलों की बुआई मानसूनी वर्षा प्रारंभ होते ही जून-जुलाई में कर देना चाहिए। समय पर बुआई करने से उपज अधिक प्राप्त होती है एवं रोग व कीट का प्रकोप भी कम होता है।

### भूमि का चुनाव

इन फसलों के लिए हल्की भूमि उपयुक्त होती है जिनमें पानी का निकास अच्छा होता है।

### उन्नत जातियां

जवाहर लाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय के अन्तर्गत कृषि अनुसंधान केन्द्र डिण्डौरी व रीवा द्वारा कोदो व कुटकी की अनेक उन्नतशील जातियां विकसित की गईं है जो कि स्थानीय जातियों की तुलना में 20-30 प्रतिशत अधिक उपज देती है। साथ ही कीट व रोग निरोधीत है। इन किस्मों को अपनाकर अधिक पैदावार ली जा सकती है।
(अ) कोदो :- जवाहर कोदो 41, जवाहर कोदो 364, जवाहर कोदो 62, जवाहर कोदो 439, जवाहर कोदो 48 .
(ब) कुटकी :-जवाहर कुटकी 2, जवाहर कुटकी 8 , को-2, को-3।



### सस्य विधियां-

कोदो एवं कुटकी की अंतरवर्तीय फसल

कोदो एवं कुटकी अंतरवर्तीय फसल लेकर कृषक बंधु अधिक लाभ प्राप्त कर सकते है। दलहनी फसलों के साथ अंतरवर्तीय फसल ली जा सकती है। जैसे- कोदो या कुटकी की दो कतारों के बीच एक कतार अरहर या मूंग /उड़द 2:1 की बुआई करने से प्रति इकाई क्षेत्र से अधिक लाभ प्राप्त किया जा सकता है। उसी प्रकार से तिलहनी फसलों जैसे सोयाबीन या रामतिल को कोदो एवं कुटकी के साथ 2:1 के अनुपात में कतार में बुआई करके अधिक लाभ प्राप्त किया जा सकता है।

### अंतरवर्तीय फसल से लाभ

1. दोनों फसलें भूमि के अलग-अलग स्तरों से पानी एवं पोषक तत्वों का उपयोग करते हैं। क्योंकि उनके जड़ों की गहराई अलग-अलग होती है।
2. कोदो एवं कुटकी की फसल सीधी होती है एवं दलहनी-तिलहनी फसल फैली होती है जिससे एक-दूसरे पर सूर्य की किरणों को प्रभावित नहीं करती।
3. दोनों फसलों की अवधि अलग होने से कटाई में परेशानी नहीं होती ।

इस प्रकार प्रति इकाई क्षेत्र से अधिक लाभ प्राप्त किया जा सकता है।

### (अ) बीज की मात्रा

शोध परिणामों के आधार पर कोदो, कुटकी आदि की बुआई कतारों में करने से 11 से 17 प्रतिशत तक अधिक उपज प्राप्त होती हैं कतारों में बुआई के लिये 8 से 10 कि.ग्रा. प्रति हे. तथा छिटक वा विधि से बुआई करने पर 25 कि.ग्रा.बीज/ हे. प्रर्याप्त होता है। बीज बोने के पहले बीज को 2.5 ग्राम दवा प्रति किलो बीज की दर से उपचारित अवश्य करना चाहिये।

### (ब) रसायनिक खाद की मात्रा

कुटकी के लिए 43 कि.ग्रा. यूरिया,125 सिंगल सुपर फास्फेट तथा कोदो के लिए 75 कि.ग्रा. स्फुर तथा 17 कि.ग्रा. पोटाश प्रति हैक्टेयर अवश्य देना चाहिए। यूरिया की आधी मात्रा तथा स्फुर व पोटाश की संपूर्ण मात्रा बोनी के समय व शेष यूरिया की मात्रा 25 दिन बाद देना चाहिए।

### (स) अंत :कर्षण क्रियाएं

बोनी के लगभग 30 वें एवं 45 वें दिन में निंदाई अवश्य करना चाहिये। जहां पौधे न लगे हों वहां अधिक घने वाले स्थान से पौधे उखाड़ कर बुवाई के 15-25 दिन के अंदर रिमझिम वर्षा की स्थिति में रोपाई करना चाहिए।





# लेखा संग अपने रिश्ते पर बोले इमरान

बॉलीवुड अभिनेता इमरान खान काफी लंबे समय से फिल्मों से दूर है। उनके चाहने वाले उन्हें बड़े पर्दे पर देखने के लिए तरस गए हैं। अभिनेता अपनी प्रोफेशनल लाइफ के अलावा अपनी निजी जिंदगी को लेकर भी काफी चर्चा में रहते हैं। इमरान अभिनेत्री लेखा वाशिंगटन को डेट कर रहे हैं। अब काफी दिनों के बाद अभिनेता ने अपने निजी रिश्ते पर खुलकर बात की है।

इमरान ने हाल ही में पुष्टि की है कि वह अभिनेत्री लेखा वाशिंगटन को डेट कर रहे हैं। इसके साथ ही अभिनेता उनके साथ अपने रिश्ते के बारे में खुलकर बात की है और बताया है कि एक कलाकार को डेट करना कैसा होता है। अपने हालिया साक्षात्कार में, अभिनेता ने खुलासा किया कि चूंकि वे दोनों फिल्म इंडस्ट्री से हैं, इसलिए उनकी बातचीत ज्यादातर फिल्मों के इर्द-गिर्द घूमती है। हालांकि, उनका यह भी मानना है कि एक ही इंडस्ट्री से आने वाले व्यक्ति के साथ रहने के अपने नुकसान हैं क्योंकि एक समय के बाद यह थका देने वाला हो जाता है क्योंकि बात करने के लिए और कुछ नहीं होता है।

इमरान ने स्वीकार किया कि जब दो कलाकार एक रिश्ते में होते हैं, तो वे एक-दूसरे के लिए पेशेवर बाउंसिंग बोर्ड बन जाते हैं। इमरान ने आगे कहा, फिल्मों के बारे में हमें चुप कराना मुश्किल है। मैं रुकता नहीं हूं। मैं हमेशा उनके साथ फिल्मों के बारे में बात करता रहता हूं और एक कलाकार होने के नाते वह हमेशा कुछ न कुछ विचार रखती हैं... इसलिए यह मजेदार और मनोरंजक है। खुद को फिल्मी कपल बताते हुए इमरान ने कहा, मैं कहूंगा यदि आप फिल्मी लोगों के साथ घूमने-फिरने में बहुत अधिक समय बिताते हैं, तो यह बहुत जल्दी थका देने वाला हो जाता है क्योंकि हम फिल्मों के अलावा किसी और चीज के बारे में बात नहीं करते हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, इमरान और लेखा ने मुंबई के बांद्रा में बॉलीवुड फिल्म निर्माता करण जौहर का अपार्टमेंट किराए पर लिया है और वे एक साथ रहने लगे हैं।



# शाहरुख के साथ रोमांटिक फिल्म करना चाहती हैं विद्या बालन

बॉलीवुड अभिनेत्री विद्या बालन अपनी फिल्म दो और दो प्यार को लेकर खूब सुर्खियां बटोर रही हैं। बोल्ड और बेबाक अंदाज के लिए प्रसिद्ध विद्या बालन की फिल्मों का फैंस बेसब्री से इंतजार करते हैं। उनकी फिल्म दो और दो प्यार रिलीज हो गई है। यह एक रोमांटिक फिल्म है, जिसका निर्देशन शीर्ष गुहाल ठाकुरता ने किया है। इस फिल्म को लेकर विद्या लागातार इंटरव्यू दे रही हैं। इसी दौरान विद्या ने अपनी एक दिली इच्छा जाहिर की है।

विद्या बालन ने अपने करियर में कई तरह की फिल्में की हैं। हमेशा से ही उनका यही मकसद रहा है कि वह अपनी फिल्मों के जरिए फैंस को ज्यादा से ज्यादा एंटरटेनमेंट, एंटरटेनमेंट और एंटरटेनमेंट दे सकें। हो सकता है कि यही वजह है कि विद्या अब शाहरुख के साथ एक रोमांटिक फिल्म करना चाहती हैं, ताकि वह अपने फैंस को और भी एंटरटेन कर सकें। साल 2007 में आई विद्या की फिल्म हे बेबी में शाहरुख खान ने कैमियो किया था। शाहरुख इस फिल्म के गाने मस्त कलंदर में नजर आए थे। इस फिल्म में उनके साथ अक्षय कुमार, रितेश देशमुख और फरदीन खान नजर आए थे। हालांकि यह बात और कि यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर कुछ खास कमाल नहीं दिखा पाई। लेकिन अब जबकि विद्या ने शाहरुख के साथ रोमांटिक फिल्म करने की इच्छा को जाहिर कर दिया है, ऐसे में देखना यह है कि इस पर शाहरुख का कोई रिएक्शन आता भी है या नहीं। विद्या बालन इन दिनों अपनी फिल्म दो और दो प्यार को लेकर काफी व्यस्त चल रही हैं। इसी फिल्म के लिए दिए हुए एक इंटरव्यू के दौरान जब विद्या से पूछा गया कि वह बॉलीवुड में किस अभिनेता के साथ काम करना चाहती हैं तो उन्होंने कहा, मेरा किरदार शाहरुख खान के साथ फिल्म ओम शांति ओम में बहुत ही कम समय के लिए था, लेकिन मैं शाहरुख के साथ एक अच्छी लव स्टोरी में काम करना चाहती हूं। हाल ही में एक और इंटरव्यू में विद्या ने कहा था कि वह कॉमेडी फिल्म करना चाहती हैं। इसपर विद्या ने कहा, बतौर अभिनेत्री में मुझे कभी कॉमेडी फिल्म करने का मौका नहीं मिला, लेकिन मैं करना चाहती हूं।





# एक बार फिर खिसकी मेट्रो इन दिनों की रिलीज की तारीख

भूषण कुमार और निर्देशक अनुराग बसु की अगली फिल्म मेट्रो इन दिनों का दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं, लेकिन फिल्म की रिलीज के लिए उन्हें काफी इंतजार करना पड़ रहा है। कुछ समय पहले ही निर्माताओं ने फिल्म की नई रिलीज की तारीख का खुलासा किया था, लेकिन एक बार फिर इसकी रिलीज आगे खिसक चुकी है। अब निर्माताओं ने फिल्म की नई रिलीज की तारीख से पर्दा उठाया है। अब यह फिल्म इस साल नवंबर में दर्शकों का मनोरंजन करने के लिए तैयार है। अनुराग बसु दिल को छू लेने वाली कहानियां पर्दे पर लाने के लिए जाने जाते हैं। एक बार फिर वे ऐसी ही कहानियां आगामी एंथोलॉजी फिल्म मेट्रो...इन दिनों के जरिए दर्शकों के सामने लाने के लिए तैयार हैं। निर्माताओं ने आज शुक्रवार को फिल्म की नई रिलीज की तारीख की घोषणा की। अनुराग बसु द्वारा निर्देशित यह फिल्म अब 29 नवंबर 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इससे पहले घोषणा की गई थी कि यह फिल्म 29 मार्च 2024 को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। हालांकि, फिल्म की रिलीज की तारीख को आगे खिसकाया गया और इसे 13 सितंबर 2024 को रिलीज करने की योजना बनाई गई। वहीं अब आखिरकार यह फिल्म इस साल 29 नवंबर को दस्तक देगी। मेट्रो...इन दिनों आदित्य रॉय कपूर और अनुराग बसु का दूसरा सहयोग है। दोनों ने पहली बार लूडो में साथ काम किया था।


# मैं और कैटरीना आज भी ज्यादा से ज्यादा समय एक साथ बिताते हैं

बॉलीवुड एक्टर विक्की कौशल ने वेलेंटाइन डे पर अपनी पत्नी कैटरीना कैफ के साथ बिताए पलों को याद किया। उन्होंने कहा कि जब वह डेटिंग कर रहे थे तो उनका लक्ष्य एक-दूसरे के साथ ज्यादा से ज्यादा समय बिताना रहता था। विक्की अपने भाई सनी कौशल के साथ द ग्रेट इंडियन कपिल शो के मंच पर नजर आए। मेजबान कपिल शर्मा ने शादी से पहले और बाद में वेलेंटाइन डे की योजना के बारे में बात की। जिस पर विक्की ने शेयर किया कि शादी से पहले, हमारा लक्ष्य एक साथ गुणवत्तापूर्ण समय बिताना था। शादी के बाद भी वही स्थिति है कि हमें एक-दूसरे के साथ अधिकतम समय बिताना है। विक्की से सहमति जताते हुए कपिल ने टिप्पणी की, मैं सहमत हूं। मेरे लिए वैलेंटाइन डे हर रोज है। अपने मजाकिया अंदाज से सनी को चिढ़ाते हुए, कपिल ने कहा, क्या आप मानते हैं कि वेलेंटाइन डे हर रोज होता है या यह केवल 14 फरवरी को होता है। सनी और शारवरी वाघ कथित तौर पर एक कथित तौर पर रिश्ते में हैं। यह एपिसोड नेटफ्लिक्स पर शनिवार रात 8 बजे प्रसारित होने वाला है।



# प्लास्टिक सर्जरी की अफवाहों पर राजकुमार राव ने चुप्पी तोड़ी

राजकुमार राव इन दिनों अपनी आगामी फिल्म श्रीकांत-आ रहा है सबकी आंखें खोलने को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं। इसी बीच अभिनेता, दिलजीत दोसांझ के हालिया कॉन्सर्ट से वायरल अपनी एक तस्वीर को लेकर भी सुर्खियों में घिर गए हैं। तस्वीर के सामने आते ही सोशल मीडिया पर चर्चा छिड़ गई कि राजकुमार राव ने प्लास्टिक सर्जरी कराई है। हालांकि, अब खुद अभिनेता ने अफवाहों पर चुप्पी तोड़ी है और फाइटर में खलनायक ऋषभ साहनी के साथ तुलना किए जाने पर भी प्रतिक्रिया देते नजर आए हैं। एक इंटरव्यू में, राजकुमार ने कहा कि उन्हें यह बहस बहुत मजेदार लगी। अभिनेता ने कहा, अगर आपने वह तस्वीर देखी है तो वह मेरी तरह बिल्कुल भी नहीं लग रही है। यह वाकई एक बहुत बड़ा मजाक था क्योंकि इसमें मैं नहीं हूं। मुझे लगता है किसी ने प्रैंक किया है। मैं यकीन से कहता हूं कि इस तस्वीर के साथ किसी ने छेड़खानी की है। ये तस्वीर नकली है। राजकुमार यहीं नहीं रुके और अपनी बात में जोड़ा, लोग प्लास्टिक सर्जरी जैसे बड़े शब्दों का इस्तेमाल कर रहे थे, लेकिन मैंने ऐसा नहीं किया है। हालांकि, जब मैंने इंडस्ट्री में शुरुआत की थी, तो लोग मेरे लुक्स पर कमेंट करते थे, तो 8-9 साल पहले, मैंने फिलर्स करवाया था। मैंने बेहतर दिखने और महसूस करने के लिए ऐसा किया था। जिससे मेरा चेहरा सही संतुलित नजर आए। और ये मैंने स्किन के डॉक्टर से सलाह के बाद किया था। मेरा मानना है कि अगर कोई ऐसा आत्मविश्वास पाने के लिए करना चाहता है तो क्यों नहीं, इसमें कोई बुराई नहीं है। अभिनेता ने वायरल तस्वीर को लेकर हो रही ट्रोलिंग पर कहा, उट्रोल्स का कोई असर नहीं पड़ा क्योंकि ये प्रैंक है। मैं जानता हूं कि ये नकली है। इसके अलावा ऐसे ट्रोल भी हैं, जो सिर्फ ध्यान खींचने के लिए ऐसा करते हैं। मुझे लगता है कि ये सबसे दुखद बात है, जो कोई भी ऐसा करता है। सितारों को अच्छा दिखने के लिए हमेशा दबाव का सामना करना पड़ता है, लेकिन उनके लिए हमेशा काम ही प्राथमिकता रहती है। राजकुमार राव ने अपनी वायरल तस्वीर की तुलना फाइटर (2024) के विलेन ऋषभ साहनी से किए जाने पर कहा, मुझे यह बहस बहुत मजेदार लगी, मैंने उस वायरल फोटो को भी देखा। वह छवि इतनी साफ-सुथरी दिखती है सच है, मेरी त्वचा उस तरह की बेदाग नहीं है। मुझे सच में विश्वास है कि मैं एक के पॉप स्टार की तरह दिखने लगा हूं।





# ये भ्रम है कि सिनेमा कमाल नहीं कर पा रहा और ओटीटी धमाल मचा रहा है

करीब 30 साल से भी ज्यादा वक्त से ऐक्टिंग इंडस्ट्री में सक्रिय मनोज बाजपेयी वक्त के साथ लगातार गाढ़े होते गए। पढ़ने-लिखने के शौक के साथ वह खुद भी एक जिम्मेदार व्यक्ति हैं। इसी वजह से दूसरे अपेक्षाएं रखें या ना रखें, लेकिन वह खुद से बहुत अपेक्षाएं रखते हैं। विलेन हो या हीरो, उन्होंने अपनी अदाकारी से हर किरदार को पर्दे पर घोलकर साकार किया है। इन दिनों उन्हें गुत्थियां सुलझाते हुए भी खूब देखा जा रहा है। अब मनोज बाजपेयी जल्द ही फिल्म साइलेंस-2 में एसीपी अविनाश के रूप में फिर से नई गुत्थी सुलझाते दिखेंगे।

## मेरा सपना पहाड़ों पर रहने का है

मैं 30 साल से ज्यादा वक्त से फिल्म इंडस्ट्री में हूं। अब मैं चीजें सीख-सीखकर बहुत गाढ़ा हो गया हूं। मुझे पढ़ाई-लिखाई का शौक है। गाढ़े होने की वजह से ही मैं जितना हो सके बेहतर निकालने की कोशिश करता हूं। अभिनय के साथ मुझे ज्ञान जुटाने का शौक है। मगर पहाड़ों पर घर का सपना बुनने का इससे कोई लेना देना नहीं। हां, कोरोना काल में पहाड़ों पर काफी रहना हुआ। आठ महीने वहां रहा था। उस वक्त वहीं शूटिंग चल रही थी, जिसे रोक दिया गया था।

## रंगमंच को मिले सरकार का सपोर्ट

रंगमंच पूरे तरीके से लोगों तक तभी पहुंच पाएगा, जब सरकार का सपोर्ट होगा। जगह-जगह पर कलाकारों को उस तरह की सुविधाएं दी जाएं कि वह शहर या राज्य के अलग-अलग कोनों पर जाकर सरकार की मदद से लगातार परफॉर्मे?स दें। ऐसी सांस्कृतिक गतिविधियां हर राज्य के कोने-कोने में होनी चाहिए, जहां पर ना सिर्फ थिएटर बल्कि वहां की लोक संस्कृतियां और लोक संगीत सब पनपे। ये सब थिएटर के एक्सटेंड वर्जन हैं। सरकार इसमें आगे आए तो रंगमंच का हर रंग जगह बिखरेगा।

## मशहूर लोगों की बायॉपिक याद रहती है

बायॉपिक के सवाल पर मनोज बाजपेयी कहते हैं, देखिए, मैंने भी की है लेकिन अफसोसजनक है कि सबको मशहूर लोगों की बायॉपिक ही याद रहती है या उसकी वो बात करते हैं। मैंने फिल्म अलीगढ़ की थी, जिसे बहुत नाम व सम्मान मिला। वह फिल्म किसी प्रफेसर की निजी जिंदगी की कहानी थी। उसको भी मैं बायॉपिक ही बोलता हूं। मेरे लिए जरूरी है कि किरदार मुझे उत्साहित कर रहा या चुनौती दे रहा है कि नहीं। मैं उन किरदारों को नहीं छोड़ता जो ये कहे कि अगर नहीं किया तो अभिनेता का जीवन असफल रह जाएगा। अगर आगे भी किसी की बायॉपिक मिलती है तो मैं उसे करने के लिए तैयार हूं।

## कहना गलत है कि सिनेमा कमाल नहीं कर पा रहा

यह कहना पूरी तरह से गलत होगा कि सिनेमा कमाल नहीं कर पा रहा और ओटीटी धमाल मचा रहा है। यह सिर्फ एक भ्रम है, जो लोगों के जेहन में उतर गया है। बहुत सारा ओटीटी का कॉन्टेंट, जिसमें फिल्में व सीरीज आती हैं, वे अच्छा नहीं भी कर पाती हैं। वैसे ही, थिएटर सिनेमा है। उसे बस जरा सा समय चाहिए। थिएटर को कोरोना की ऐसी बुरी मार पड़ी है कि लोग तो आ रहे लेकिन कुछेक चुनिंदा फिल्मों के लिए। हालांकि, अब उन्होंने फिर से जाना शुरू कर दिया है। मेरे खयाल से अगले एक साल में पूरा दर्शक समुदाए फिर से थिएटर की ओर लौट आएगा। बशर्ते, अगर कोई अनहोनी घटना नहीं घटती है तो।

## मैं खुद से बहुत अपेक्षाएं रखता हूं

अभिनेता के अतिरिक्त, मैं खुद में बहुत जिम्मेदार व्यक्ति हूं। मैं खुद से बहुत सी अपेक्षाएं रखता हूं इसलिए दर्शक मुझसे क्या उम्मीद रखते, इस तरह का बाहरी दबाव लेने की मुझे जरूरत नहीं पड़ती। मैं अपनी अपेक्षाओं और ऐक्टर की जिम्मेदारी से स्वयं में इतना दब जाता हूं कि पूरे समय उसके साथ ही न्याय करता रहता हूं। मुझे ऐक्टिंग में मजा आता है। बाहर से प्रेशर लेकर मैं काम नहीं कर पाऊंगा। जो प्रेशर है, वो भीतर से है। वही लेकर मैं पैदा हुआ हूं। बिना किसी समझौते के अच्छा काम करने की ख्वाहिश और उसे अंजाम तक लेकर जाना मेरी नस-नस में है।

संक्षिप्त समाचार

## वोडाफोन-आइडिया के एफपीओ ने पकड़ी रफ्तार



**नई दिल्ली, एजेंसी।** कर्ज में डूबी टेलीकॉम कंपनी वोडाफोन-आइडिया के 18,000 करोड़ रुपये के एफपीओ (फॉलो ऑन पब्लिक ऑफर) ने शुक्रवार को रफ्तार पकड़ी। इस दौरान मुख्य रूप से संस्थागत निवेशकों के आगे आने से इश्यू को करीब आधा सब्सक्रिप्शन मिल गया। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक एफपीओ के दूसरे दिन के अंत तक एंकर निवेशकों के 5,400 करोड़ रुपये सहित कुल 12,000 करोड़ रुपये से अधिक जुटाए गए हैं। बीएसई पर उपलब्ध जानकारी के मुताबिक पेशकश के तहत जारी 1,260 करोड़ शेयरों में से 617.46 करोड़ शेयरों को शुक्रवार तक सब्क्रिप्शन मिल चुका था। योग्य संस्थागत खरीदारों ने उनके लिए आरक्षित 360 करोड़ शेयरों में से 93 प्रतिशत के लिए बोली लगाई। गैर-संस्थागत निवेशकों ने उनके लिए तय 270 करोड़ शेयरों में से 75 प्रतिशत के लिए बोली लगाई। इश्यू पर खुदरा निवेशकों की प्रतिक्रिया धीमी रही और उनके लिए तय 630 करोड़ शेयरों में से केवल 13 प्रतिशत के लिए ही बोलियां मिलीं। इश्यू के लिए कीमत का दायरा 10-11 रुपये प्रति शेयर तय किया गया है। कंपनी का शेयर शुक्रवार को बीएसई पर 2.12 प्रतिशत टूटकर 12.92 रुपये के भाव पर बंद हुआ। एफपीओ 22 अप्रैल को बंद होगा। कंपनी इक्विटी शेयरों के नए इश्यू से प्राप्त आय का उपयोग अपने नेटवर्क बुनियादी ढांचे के विस्तार के लिए, दूरसंचार विभाग को स्पेक्ट्रम के लिए कुछ भुगतान करेगी। इसके अलावा जीएसटी के 2,175 करोड़ और शेष राशि सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्यों के लिए शामिल हैं।

## सोलर पैनल बनाने वाली कंपनी के शेयर ने रचा इतिहास, एक साल में बदला माहौल



**नई दिल्ली, एजेंसी।** शेयर बाजार में लिस्टेड एनर्जी सेक्टर से जुड़ी कंपनी वारी रिन्यूएबल टेक्नोलॉजीज लिमिटेड के लिए शुक्रवार का दिन खास रहा। दरअसल, ट्रेडिंग के दौरान इस सोलर पैनल निर्माता कंपनी का शेयर बीएसई पर 5 प्रतिशत चढ़कर 2386.10 रुपये के स्तर तक पहुंच गया। पिछले साल इसी तारीख को यानी 19 अप्रैल के दिन शेयर 181 रुपये के स्तर पर था। बता दें कि 23 मई, 2023 को यह शेयर 52-सप्ताह के निचले स्तर 157.02 रुपये पर फिसल गया था। यह शेयर एक साल में 1198 प्रतिशत रिटर्न दे चुका है तो सिर्फ इस साल 438 प्रतिशत बढ़ा है। बिजनेस टुडे से टिप्स2ट्रेड्स के अभिजीत ने कहा-वारी रिन्यूएबल्स 2400 रुपये पर मजबूत ब्रेकआउट के साथ डेली चार्ट पर मंदी और ओवरबॉट है। यह शेयर शॉर्ट टर्म में गिरकर 1720 रुपये के स्तर पर आ सकता है। मेहता इक्विटीज के एक्सपर्ट रियांक अरोड़ा ने कहा कि शेयर लगातार ऊपर जा रहा है। नई ऊंचाई बना रहा है लेकिन करेक्शन का अनुमान है। इस शेयर का ब्रेकआउट 2750 रुपये के स्तर के करीब रखा गया है। स्टॉकबॉक्स के अवधूत बागकर के मुताबिक पिछले तीन महीनों में स्टॉक तीन गुना हो गया है। अब हल्की मुनाफावसूली हो सकती है। वहीं, प्रभुदास लीलाधर के शिजू कूथुपालक्कल ने कहा- निवेशक इस शेयर के लिए सतर्क रुख बनाए रख सकते हैं।

# एफवाय24 में तेजी से बढ़ी ईपीएफओ मेंबर्स की संख्या, दर्ज की 19 प्रतिशत की ग्रोथ

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कर्मचारी भविष्य निधि संगठन ने वित्त वर्ष 2023-24 में नए रजिस्ट्रेशन में 19 प्रतिशत की ग्रोथ दर्ज की है। सालाना आधार पर दर्ज इस ग्रोथ के चलते अब ईपीएफओ मेंबर्स की संख्या बढ़कर 1.65 करोड़ हो गई है। इन आंकड़ों से देश में रोजगार की स्थित सुधरने के संकेत मिलते हैं। इस मामले में श्रम मंत्रालय के एक अधिकारी ने बताया कि पिछले साढ़े छह साल में ही 6.1 करोड़ से अधिक सदस्य ईपीएफओ (कर्मचारी भविष्य निधि संगठन) से जुड़े हैं।




**ह्रस्रद्दस्रद्धस्रद्धद्द**

ताजा आंकड़ों के अनुसार, ईपीएफओ ने 2018-19 में 61.12 लाख शुद्ध ग्राहक जोड़े थे, जो 2019-20 में बढ़कर 78.58 लाख हो गए। हालांकि, 2020-21 में यह घटकर 77.08 लाख हो गया, जिसका मुख्य कारण कोरोना महामारी थी। अधिकारी ने आगे बताया कि कोविड-19 महामारी के कारण देशव्यापी लॉकडाउन के चलते ईपीएफओ के सदस्यों की संख्या में गिरावट आई थी।

### श्रम भागीदारी दर और श्रमिक जनसंख्या अनुपात में सुधार

कुछ अन्य आंकड़े भी रोजगार की दिशा में भविष्य की बेहतर तस्वीर पेश कर रहे हैं। पिछले छह सालों के आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण के आंकड़ों के अनुसार, श्रम भागीदारी दर और श्रमिक जनसंख्या अनुपात में सुधार देखा जा रहा है। सालाना पीएलएफएस रिपोर्ट से पता चलता है कि 2017-18 से 2022-23 तक चीजें बेहतर हुई हैं। काम करने वाले लोगों का प्रतिशत (श्रमिक जनसंख्या अनुपात) 2017-18 में 46.8 प्रतिशत से बढ़कर 2022-23 में 56 प्रतिशत हो गया। श्रम बल की भागीदारी में भी महत्वपूर्ण सुधार देखने को मिला। यह 2017-18 में 49.8 प्रतिशत से बढ़कर 2022-23 में 57.9 प्रतिशत हो गया है और जहां तक बेरोजगारी दर का सवाल है, तो यह 2017-18 में 6 प्रतिशत से गिरकर 2022-23 में 3.2 प्रतिशत के निचले स्तर पर आ गई है।

## 37 रुपये पर आया था आईपीओ, अब 1300 रुपये के पार शेयर, 3 साल में ही 1 लाख रुपये के बना दिए 36 लाख

**नई दिल्ली, एजेंसी।** एक छोटी कंपनी नॉलेज मरीन एंड इंजीनियरिंग के शेयरों ने 3 साल में ही निवेशकों को मालामाल कर दिया है। नॉलेज मरीन एंड इंजीनियरिंग का आईपीओ 3 साल पहले 37 रुपये के दाम पर आया था। कंपनी के शेयर 19 अप्रैल 2024 को 1350 रुपये पर बंद हुए हैं। कंपनी के शेयरों ने पिछले 3 साल में निवेशकों को 3549 पर्सेंट का छप्परफाड़ रिटर्न दिया है। ड्रेजिंग इंडस्ट्री से जुड़ी कंपनी नॉलेज मरीन एंड इंजीनियरिंग के शेयरों का 52 हफ्ते का हाई लेवल 1815 रुपये है। वहीं, कंपनी के शेयरों का 52 हफ्ते का लो लेवल 955 रुपये है। नॉलेज मरीन एंड इंजीनियरिंग के शेयर 23 अप्रैल 2021 को 37 रुपये पर थे। कंपनी के शेयर 19 अप्रैल 2024 को 1350 रुपये पर बंद हुए हैं। नॉलेज मरीन एंड इंजीनियरिंग के शेयरों ने पिछले 3 साल में निवेशकों को 3549 पर्सेंट का तगड़ा रिटर्न दिया है। अगर किसी व्यक्ति ने 23 अप्रैल 2021 को नॉलेज मरीन एंड इंजीनियरिंग के शेयरों में 1 लाख रुपये लगाए होते और अपने निवेश को बनाए रखा होता तो मौजूदा समय में 3 साल पहले खरीदे गए इन शेयरों की वैल्यू 36.48 लाख रुपये होती। नॉलेज मरीन एंड इंजीनियरिंग के शेयरों में पिछले 2 साल में 455 पर्सेंट का तगड़ा उछाल आया है। कंपनी के शेयर 22 अप्रैल 2022 को 243.10 रुपये पर थे। नॉलेज मरीन एंड इंजीनियरिंग के शेयर 19 अप्रैल 2024 को 1350 रुपये पर बंद हुए हैं।



## मदुरा फैशन एंड लाइफस्टाइल को अलग करेगी बिड़ला की कंपनी, 2500 करोड़ जुटाने की मंजूरी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आदित्य बिड़ला फैशन एंड रिटेल लिमिटेड के निदेशक मंडल ने मदुरा फैशन एंड लाइफस्टाइल कारोबार को अलग करने की मंजूरी दे दी है। कंपनी ने कहा कि उसकी योजना कंपनी के अलग होने के 12 महीनों के भीतर 2,500 करोड़ रुपये की इक्विटी पूंजी जुटाने की है। हाल ही में कंपनी ने अपने खुदरा कारोबार मदुरा फैशन एंड लाइफस्टाइल को एक अलग सूचीबद्ध इकाई में विभाजित करने की योजना की घोषणा की थी। एबीएफआरएल के निदेशक मंडल ने शुक्रवार को बैठक में आदित्य बिड़ला लाइफस्टाइल ब्रांड्स लिमिटेड के अलग होने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। विभाजित होने की प्रक्रिया पूरी होने पर अलग से सूचीबद्ध होगी। एबीएफआरएल ने कहा-इस प्रक्रिया को एनसीएलटी व्यवस्था योजना के माध्यम से लागू किया जाएगा और इसके पूरा होने पर एबीएफआरएल के सभी शेयरधारकों के पास दोनों कंपनियों में समान शेयरधारिता होगी।



# मॉडर्न इंडियन बिस्ट्रो 'फर्ज़ी कैफे' भोपाल में लॉन्च

### भोपालियों के स्वाद और नाइटलाइफ़ में नई क्रांति लाने को तैयार

**भोपाल।** वैश्विक स्तर और भारत भर में अपनी उपस्थिति के साथ, फ़र्ज़ी कैफे का 19 अप्रैल 2024 को भोपाल में उद्घाटन हुआ। शहर के हृदय स्थल बंसल वन, भोपाल शहर के सबसे बड़े कमर्शियल और फूड एंड बेवरेज हब में स्थित, फ़र्ज़ी कैफे, भोपाल 4500 वर्ग फुट में फैला हुआ है, जिसमें एक आउटडोर सीटिंग एरिया, एक लाइव स्क्रीनिंग सेक्शन और क्वर्की इंटीरियर हैं जो शहर में पहले कभी नहीं देखा गया है। भारत के गौरमे डायनर और युवाओं पर ध्यान केंद्रित करते हुए, फ़र्ज़ी कैफे ने भारतीय खाने को वापस इन-वोग लाया है। फ़र्ज़ी कैफे, भोपाल के मेन्यू में टेबल थिएट्रिक्स, फ्लोविंग स्मोक और एक गैस्ट्रोनॉमिक अनुभव के साथ अपनी कहानियां बताने वाले व्यंजन शामिल हैं, साथ ही एक विस्तृत टापास स्टाइल मेन्यू और मॉलिक्यूलर मिक्सोलोजी भी है, जो भोपाल के लिए पहली बार होगी।



मैसिव रेस्टोरेंट्स के संस्थापक और प्रबंध निदेशक ज़ोरावर कालरा ने फ़र्ज़ी कैफे, भोपाल के उद्घाटन पर कहा, फ़र्ज़ी कैफे एक विश्व प्रसिद्ध ब्रांड है और हम इसका वैश्विक खाना भोपाल में लाने के लिए प्रसन्न हैं, जहां खाना पकाने की कला आधुनिक आतिथ्य से मिलकर मेहमानों को एक अनूठा गैस्ट्रोनॉमिक अनुभव देती है। भोपाल को इसकी शाही भोजन संस्कृति के लिए भी जाना जाता है। इस शहर की अपूर्व ऊर्जा ने हमें इस शानदार शहर में अपने मॉर्डन इंडियन बिस्ट्रो- फ़र्ज़ी कैफे को लॉन्च करने का निर्णय लेने में मदद की। हम भोपाल के लोगों की टेस्ट बड्स को फ़र्ज़ीफाई करने का अवसर पाकर बहुत उत्साहित हैं। यह आउटलेट देश का 16 वां और दुनिया का 24 वां फ़र्ज़ी कैफे बन जायेगा मैसिव रेस्टोरेंट्स भोपाल में फ्रेंचाइज़ी पार्टनर अभिषेक बहेती के साथ मिलकर फ़र्ज़ी कैफे खोल रहा है। अभिषेक एक बहुमुखी उद्यमी हैं जिनका कई क्षेत्रों में व्यापक व्यावसायिक अनुभव है। वे रेस्टोरेंट एसोसिएशन ऑफ इंडिया के भोपाल और इंदौर चैप्टर के प्रमुख भी हैं। फर्जी कैफै निरंतर देशभर में मौजूद विस्तृत भोजन परम्परा और स्वाद को नए इनोवेशन और इससे जुड़े हर पहलू की खूबी को उभारने का प्रयास करते रहेंगे और फ़र्ज़ी के मूल विचार की जड़ों से जुड़े रहने का वादा भी निभाएंगे, जिसके अंतर्गत हर अतिथि को एक अनूठा और अद्भुत डाइनिंग एक्सपीरियंस उपलब्ध करवाने को तत्पर हैं। इस रेस्त्रां को एक कूल और फैशनेबल रंग के साथ डिजाइन किया गया है ताकि हर आयु वर्ग के व्यक्ति को यहाँ सबसे शानदार डाइनिंग एक्सपीरियंस मिल सके। फर्जी कैफे को एक मजेदार मॉर्डन इंडियन बिस्ट्रो के रूप में पहचाना जाता है जहाँ अतिथि पाककला के हर तत्व का प्रयोग करके तैयार किये गये, लाजवाब और लज्जतदार आधुनिक भारतीय भोजन का आनंद लेता है। इस श्रेणी में भारत के विशिष्ट व्यंजनों के साथ ही दुनियाभर के प्रसिद्द पकवान भी इंडियन टच के साथ तैयार कर परोसे जाते हैं।

# ह्युंडई मोटर इंडिया ने लॉन्च किया ग्रामीण महोत्सव

### ग्रामीण भारत में खुशी और कनेक्टिविटी लाने की जीवंत पहल ह्युंडई खुशियों का मेला

**गुरुग्राम, एजेंसी।** ह्युंडई मोटर इंडिया लिमिटेड (एचएमआईएल) ने ग्रामीण भारत में अपनी जड़ों को मजबूत करने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम बढ़ाया है। देश के हर कोने से ग्राहकों की विविध जरूरतों को ध्यान में रखते हुए ह्युंडई मोटर इंडिया ने ग्रामीण महोत्सव की शुरुआत की है। यह जीवंत पहल ग्रामीण भारत की जीवंतता का उत्सव मनाएगी। कुल बिक्री में 19 प्रतिशत ग्रामीण बिक्री की हिस्सेदारी के साथ एचएमआईएल ग्रामीण समुदायों के साथ संबंधों को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है। ग्रामीण महोत्सव के तहत ह्युंडई प्रोडक्ट डिस्प्ले, इंटरैक्टिव डेमंस्ट्रेशन और नुक्कड़ नाटक, लाइव म्यूजिक, फोक डांस एवं रीजनल टैलेंट शो जैसी आकर्षक गतिविधियों समेत कई आयोजन करेगी। दो दिवसीय ग्रामीण महोत्सव का आयोजन देशभर में 16 स्थानों पर किया जाएगा। इसमें कारीगरों के शिल्प, कार्निवल राइड्स, गेमिंग जोन और बेहतरीन फूड स्टॉल्स के रूप में शानदार मार्केटप्लेस का अनुभव मिलेगा। इस उत्सव के अलावा ग्रामीण महोत्सव ह्युंडई के लिए व्यापक संभावनाओं वाले ग्रामीण भारत में अपनी उपस्थिति बढ़ाने के प्लेटफॉर्म के रूप में भी काम करेगा। स्थानीय समुदायों के साथ जुड़कर और मार्केट ट्रेंड्स को देखते हुए एचएमआईएल का उद्देश्य न केवल लोगों की बढ़ती महत्वाकांक्षाओं को पूरा करना है, बल्कि कंपनी ह्युंडई परिवार में नए ग्राहकों का स्वागत करने के लिए भी तैयार है।




इस पहल को लेकर उत्साह व्यक्त करते हुए ह्युंडई मोटर इंडिया लिमिटेड के सीओओ श्री तरुण गर्ग ने कहा, ग्रामीण क्षेत्रों से जुड़ाव की दिशा में हमारे सतत प्रयासों का हमें परिणाम मिला है और वित्त वर्ष 2023-24 में ह्युंडई मोटर इंडिया ने ग्रामीण बिक्री में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की। हमने सालाना आधार पर 11 प्रतिशत की वृद्धि के साथ बीते वित्त वर्ष में ग्रामीण भारत में 1.15 लाख कारें बेचीं। हमें उम्मीद है कि अच्छे मानसून, बढ़ती आय और सुधरते इन्फ्रास्ट्रक्चर के साथ ग्रामीण बाजार का योगदान और भी बढ़ेगा। इस विकास को ग्रामीण बाजारों की क्षमता पर हमारे भरोसे और सभी क्षेत्रों में भारतीय उपभोक्ताओं की लगातार बढ़ती महत्वाकांक्षाओं को पूरा करने की हमारी प्रतिबद्धता से गति मिलेगी। उन्होंने आगे कहा, ह्युंडईमोटर इंडिया में हम इस बात पर विश्वास करते हैं कि राष्ट्र के विकास के लिए भारत और इंडिया दोनों की प्रगति आवश्यक है। ग्रामीण महोत्सव जैसी पहल के माध्यम से हमें देश के हर कोने में अपने ग्राहकों को सेवा देने और उनकी उम्मीदों को पूरा करने के लिए मार्केट ट्रेंड्स को समझने में भी मदद मिलगी। हम इनोवेशन की ओर बढ़ रहे हैं और ग्रामीण उपभोक्ताओं के साथ जुड़ रहे हैं और इस दिशा में बढ़ते हुए हमें देश में समावेशी विकास में योगदान की अपनी क्षमता पर पूरा भरोसा है। डीलर्स, ग्रामीण इन्फ्लूएंसर्स, फाइनेंसर्स, ग्राहक एवं उनके परिवारों को जोड़ते हुए ह्युंडई मोटर इंडिया ब्रांड की पहुंच बढ़ाने के लिए मजबूत नेटवर्क ही नहीं तैयार कर रही है, बल्कि ग्रामीण बाजार में बिक्री को भी गति दे रही है। पहले ग्रामीण महोत्सव का आयोजन अप्रैल, 2024 में गुजरात के महेमदावाद में किया गया। अब हम इसकी पहुंच और ग्रामीण क्षेत्रों में इसके प्रभाव को बढ़ाने की उम्मीद कर रहे हैं। ग्रामीण महोत्सव जैसी पहल के माध्यम से ह्युंडई संबंधों को मजबूत करने, बाजार के डायनामिक्स को समझने और देश के संपूर्ण विकास में योगदान के अपने मिशन पर लगातार आगे बढ़ रही है।

## टाटा की इस कंपनी ने किया डिविडेंड का ऐलान, हर शेयर पर तगड़ा फायदा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** टाटा ग्रुप की कंपनी बनारस होटल्स लिमिटेड ने डिविडेंड का ऐलान किया है। कंपनी ने एक शेयर पर 250 प्रतिशत का डिविडेंड देने का फैसला किया है। कंपनी के इतिहास में पहली बार है कि कंपनी एक शेयर पर इतना डिविडेंड देने जा रही है। शुक्रवार यानी 19 अप्रैल को कंपनी की तरफ से डिविडेंड की जानकारी शेयर बाजारों से साझा की गई थी। कंपनी ने शेयर बाजारों को दी जानकारी में कहा था कि 10 रुपये के फेस वैल्यू वाले एक शेयर पर 250 प्रतिशत का डिविडेंड दिया जाएगा। यानी एक शेयर पर योग्य निवेशकों को 25 रुपये का फायदा होगा। कंपनी ने पिछले साल एक शेयर पर 20 रुपये का डिविडेंड दिया था। बनारस होटल्स लिमिटेड ने डिविडेंड के लिए अभी रिकॉर्ड डेट का ऐलान नहीं किया है। उम्मीद है कि आने वाले समय में कंपनी की तरफ से रिकॉर्ड डेट का ऐलान कर दिया जाएगा। बता दें, कंपनी ने अबतक 17 बार डिविडेंड योग्य निवेशकों को दिया है। आखिरी बार कंपनी ने एक शेयर पर 20 रुपये का डिविडेंड निवेशकों को दिया था। बनारस होटल्स लिमिटेड के शेयरों का भाव पिछले एक साल के दौरान 140 प्रतिशत बढ़ा है। बीते 6 महीने के दौरान कंपनी के शेयरों का भाव 41 प्रतिशत बढ़ा है। बता दें, शुक्रवार को कंपनी के शेयरों का भाव 1.27 प्रतिशत की तेजी के साथ 8961.95 रुपये के लेवल पर पहुंचकर बंद हुआ था। कंपनी का 52 वीक हाई 10,051 रुपये और 52 वीक लो लेवल 3415 रुपये है।

# एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक ने अपनी 7वीं बैंकिंग वर्षगांठ पर लॉन्च किया इंटरनेशनल फंड ट्रांसफर, क्रॉस बॉर्डर ट्रेड फाइनेंस और फॉरेक्स सर्विसेज

### एयू रेमिट अनिवासी भारतीय (एनआरआई) ग्राहकों को उनके एयू एन.आर.ई. बचत खाते से विदेशी मुद्रा में उनके विदेशी खातों में डिजिटल रूप से फंड ट्रांसफर करने में सक्षम बनाता है

**मुंबई, एजेंसी।** भारत का सबसे बड़ा स्मॉल फाइनेंस बैंक (एस.एफ.बी.) एयूएस.एफ.बी., लिबरलाइज्ड रेमिटेंस स्कीम (उदारीकृत प्रेषण योजना ङ्क एल.आर.एस.) के तहत इंटरनेशनल फंड ट्रांसफर शुरू करने के लिए एक प्लेटफॉर्म एयू रेमिट पेश करके अपना 29वां स्थापना वर्ष और 7वीं बैंकिंग वर्षगांठ मना रहा है। इस प्लेटफॉर्म को अपने रिटेल ग्राहकों की अलग अलग तरह की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए डिजाइन किया गया है। बैंक ने अपने एम.एस.एम.ई. ग्राहकों के लिए एयू डिजिट्रेड प्लेटफॉर्म और निर्यातकों और आयातकों के लिए कई ट्रेड फाइनेंस और विदेशी मुद्रा सेवाएं भी लॉन्च की हैं। इन दोनों सेवाओं की शुरुआत ग्राहक-केंद्रित वित्तीय समाधानों को बढ़ाने की दिशा में एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक की यात्रा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है।

ज्ञात रहे, एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक ने अप्रैल 2023 में भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) से अधिकृत डीलर श्रेणी 1 (अथॉराइज्ड डीलर कैटेगरी - एडी 1) लाइसेंस प्राप्त किया था, जिससे बैंक को विदेशी मुद्रा लेनदेन की एक बड़ी रेंज संचालित करने का अधिकार मिला। इसका लाभ उठाते हुए, एयू रेमिट रिटेल ग्राहकों के लिए इंटरनेशनल फंड ट्रांसफर में एक नया मानक स्थापित करता है, जबकि एयू डीजेट्रेड से एम.एस.एम.ई. निर्यातकों और आयातकों को लाभ होगा। एयू रेमिट अनिवासी भारतीय (एनआरआई) ग्राहकों को उनके एयू एनआरई बचत खाते से विदेशी मुद्रा में उनके विदेशी खातों में डिजिटल रूप से फंड ट्रांसफर करने में सक्षम बनाता है। इसके अलावा, यह रेजिडेंशियल व्यक्तियों और प्रोपराइटर फर्मों को भी अपनी सेवाएं प्रदान करता है, जिससे उन्हें वेब पोर्टल और एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक की ब्रॉन्च के माध्यम से एल.आर.एस. योजना के तहत आरबीआई द्वारा लिस्ट किए गए उद्देश्यों के लिए विदेश में पैसा भेजने में मदद मिलती है। एयू रेमिट ट्रांसफर प्रक्रिया को व्यवस्थित करता है, लंबे व बोझिल डॉक्युमेंटेशन की आवश्यकताओं को समाप्त करता है और ग्राहकों के अनुभव को बेहतर बनाता है।

इस लॉन्च पर एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक के फाउंडर, एमडी और सीईओ, संजय अग्रवाल ने कहा कि मैं बैंक के 1.1 करोड़ ग्राहकों, 46,000से अधिक कर्मचारियों, 2 लाख घरेलू और इंटरनेशनल शेयरधारकों, रेगुलेटर्स और सरकार के प्रति आभार व्यक्त करता हूं। हमारी बैंकिंग यात्रा के पहले 7 सालों के दौरान सरकार और अन्य सभी हितधारकों को उनके पूरे दिल से समर्थन के लिए धन्यवाद। आज, जब एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक अपना 29वां स्थापना वर्ष और 7वीं बैंकिंग वर्षगांठ मना रहा है, हम फिनकेयर स्मॉल फाइनेंस बैंक के साथ एकीकरण पूरा होने के बाद दक्षिणी भारत में हालिया विस्तार के साथ एक नए युग की दहलीज पर खड़े हैं। यह मील का पत्थर न सिर्फ हमारी विकास और विस्तार की यात्रा का प्रतीक है, बल्कि इनोवेशन और ग्राहक पर फोकस करने के प्रति हमारी अटूट प्रतिबद्धता को भी मजबूत करता है।

संजय अग्रवाल ने आगे कहा कि अधिकृत डीलर श्रेणी 1 (अथॉराइज्ड डीलर कैटेगरी - एडी 1)लाइसेंस हासिल करने के एक साल के अंदर उसके संचालन के साथ, बैंक ने अपने उत्पादों की पेशकश पूरी कर ली है और अब हमें हमारे प्रतिष्ठित निर्यातक-आयातक कम्युनिटी बेस के साथ काम करने का मौका मिलेगा। हमारी लेटेस्ट पेशकश- एयू रेमिट, एयू डिजीट्रेड, ट्रेड फाइनेंस और फॉरेक्स प्रोडक्ट्स एंड सर्विसेज हमारे एन.आर.आई. ग्राहकों और एक्जिम ग्राहकों को शुल्क भुगतान, चिकित्सा उपचार, परिवार के रखरखाव, ट्रेड पेमेंट जैसे कई तरह के इंटरनेशनल रेमिटेंस ट्रांजेक्शन को आसानी से पूरा करने में सक्षम बनाने के साथ ही बैंक से निर्यात और आयात क्रेडिट सुविधाओं के लिए सक्षम बनाएगा।

# भारतीय विज्ञान शिक्षा और अनुसंधान संस्थान 2024-25 के लिए खुले प्रवेश

**भोपाल।** भारतीय विज्ञान शिक्षा और अनुसंधान संस्थान (आईआईएसईआर) ने बीएस-एमएस (दोहरी डिग्री) और चार वर्षीय बीएस डिग्री कार्यक्रमों में प्रवेश के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू कर दी है। आईआईएसईआर बेरहामपुर, आईआईएसईआर भोपाल, आईआईएसईआर कोलकाता, आईआईएसईआर मोहाली, आईआईएसईआर पुणे, आईआईएसईआर तिरुवनंतपुरम और आईआईएसईआर तिरूपति सहित आईआईएसईआर में प्रवेश चाहने वाले संभावित उम्मीदवारों को आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर आईआईएसईआर एप्टीट्यूडटेस्ट (आईएटी 2024) के लिए पंजीकरण करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।




ऑनलाइन आवेदन विंडो 13 मई 2024 तक खुली रहेगी और प्रवेश परीक्षा 9 जून 2024 (रविवार) को आयोजित होने वाली है। भारतीय नागरिकता वाले आवेदक, भारतीय मूल के व्यक्ति (पीआईओ), भारत के विदेशी नागरिक (ओसीआई), और विदेशी नागरिक आईएटी 2024 के लिए आवेदन करने के पात्र हैं। परीक्षा केंद्र और आईआईएसईआर एप्टीट्यूड टेस्ट से संबंधित अन्य विवरण वेबसाइट पर उपलब्ध हैं। विशिष्ट क्षेत्रों में विशेषज्ञता को बढ़ावा देते हुए छात्रों को विज्ञान की व्यापक समझ प्रदान करने के लिए डिज़ाइन किए गए अंतःविषय पाठ्यक्रम के साथ, आईआईएसईआर छात्रों को उनके शैक्षणिक हितों का पूरी तरह से पता लगाने के लिए सशक्त बनाता है। कक्षा से परे, छात्रों के पास अत्याधुनिक अनुसंधान के अवसरों तक पहुंच है, वे अभूतपूर्व खोजों पर संकाय के साथ सहयोग करते हैं।

# भारतीय फ्रीस्टाइल पहलवानों का निराशाजनक प्रदर्शन

## पेरिस ओलंपिक का टिकट पक्का करने से चूके

**बिश्केक, एजेंसी।** अमन ने 57 किग्रा वर्ग में दबदबे वाला आगाज करते हुए अपने शुरुआती दो प्रतिद्वंद्वियों येरासिल मुख्तारुली और सुंगवॉन किम को तकनीकी श्रेष्ठता से हराया। वह हालांकि उज्बेकिस्तान के गुलोमजोन अब्दुल्लेव के खिलाफ इस लय को जारी रखने में विफल रहे और 10 अंकों से पिछड़ने के बाद हार गए। अमन सहरावत एशियाई ओलंपिक क्वालीफायर में शुक्रवार को अपना सेमीफाइनल हारने के बाद पेरिस खेलों के लिए कोटा हासिल करने से चूक गए, जबकि दीपक पूनिया और सुजीत कलकल को वजन करने के लिए समय पर नहीं पहुंच पाने के कारण टूर्नामेंट में हिस्सा लेने का मौका नहीं मिला।




**लय बरकरार रखने में विफल रहे अमन–** अमन ने 57 किग्रा वर्ग में दबदबे वाला आगाज करते हुए अपने शुरुआती दो प्रतिद्वंद्वियों येरासिल मुख्तारुली और सुंगवॉन किम को तकनीकी श्रेष्ठता से हराया। वह हालांकि उज्बेकिस्तान के गुलोमजोन अब्दुल्लेव के खिलाफ इस लय को जारी रखने में विफल रहे और 10 अंकों से पिछड़ने के बाद हार गए। भारतीय कुश्ती जगत को अमन से काफी उम्मीदें थी क्योंकि उन्होंने अपने आयु वर्ग में मजबूत माने जाने वाले रवि दाहिया को शिकस्त देकर देश के प्रतिनिधित्व का मौका हासिल किया था।

### अन्य पहलवान भी प्रभाव छोड़ने में रहे विफल

अमन के अलावा जयदीप ने भी 74 किग्रा वर्ग में शानदार शुरुआत की और तुर्कमेनिस्तान के अल अर्सलान बेगेनजोव को हराया। वह क्वार्टर फाइनल में किर्गिस्तान के ओरोजोबेक तोक्तोमाम्बेतोवबाद के खिलाफ मुकाबला 2–2 से बराबर होने के बाद हार गए। सुमित मलिक ( 125 किग्रा) भी अपने पहले दौर में किर्गिस्तान के लखागवागेरेल मुनख्तूर से तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर हार गए, जबकि दीपक ( 97 किग्रा) क्वालीफिकेशन दौर में अराश योशिदा से तकनीकी श्रेष्ठता से हार गए।

**दीपक और सुजीत को नहीं मिली खेलने की अनुमति** – दीपक और सुजीत कलकल को एशियन ओलंपिक क्वालीफायर्स में शामिल होने की मंजूरी नहीं मिली। यह दोनों पहलवान मंगलवार से दुबई एयरपोर्ट पर फंसे हुए थे और शुक्रवार को बिश्केक पहुंचे थे। जब तक यह दोनों भारतीय पहलवान वहां पहुंचे, उस समय तक अन्य पहलवानों के वजन की जांच शुरू हो चुकी थी जिसके बाद आयोजकों ने दीपक और सुजीत को मंजूरी देने से इनकार कर दिया। सूत्रों ने कहा कि भारतीय कोचों के अनुरोध के बावजूद आयोजकों ने उन्हें अनुमति नहीं दी। पूनिया ( 86 किग्रा ) टोक्यो ओलंपिक में पदक जीतने के करीब पहुंचे थे। महिलाओं की स्पर्धा शनिवार को होगी जिसमें सबसे ज्यादा नजरें विनेश फोगाट ( 50 किग्रा) पर होंगी। एशियाई ओलंपिक क्वालीफायर के बाद पहलवानों को मई में तुर्की में होने वाले विश्व ओलंपिक क्वालीफायर से एक और मौका मिलेगा।

# धोनी 5000 आईपीएल रन बनाने वाले पहले विकेटकीपर



**लखनऊ, एजेंसी।** इंडियन प्रीमियर लीग के 17वें सीजन में चेन्नई सुपर किंग्स को तीसरी हार मिली। शुक्रवार को लखनऊ सुपरजायंट्स ने लखनऊ में सबसे बड़ा टारगेट चेज कर सीएसके को 8 विकेट से हरा दिया।

चेन्नई से एमएस धोनी ने 8 बॉल पर 28 रन बनाए, वह 40 की उम्र के बाद 500 आईपीएल रन बनाने वाले पहले खिलाड़ी बने। धोनी ने बतौर विकेटकीपर 5 हजार आईपीएल रन भी पूरे कर लिए, वह ऐसा करने वाले पहले विकेटकीपर बने। स्स्त्र के कप्तान केएल राहुल बतौर विकेटकीपर सबसे ज्यादा 25 बार 50 प्लस स्कोर बनाने वाले प्लेयर बन गए।

### 1. 40 की उम्र के बाद धोनी के नाम सबसे ज्यादा रन

सीएसके के महेंद्र सिंह धोनी ने 8 बॉल पर 28 रन बनाए, इसी के साथ उनके 40 की उम्र के बाद आईपीएल में 500 रन पूरे हो गए। वह आईपीएल में 40 साल की उम्र के बाद सबसे ज्यादा रन बनाने वाले प्लेयर बन गए। धोनी फिलहाल 42 साल के हैं। उन्होंने क्रिस गेल का रिकॉर्ड तोड़ा, जिन्होंने 40 की उम्र के बाद 481 आईपीएल रन बनाए हैं।

### 2. धोनी का स्ट्राइक रेट पिछले 2 साल में सबसे बेस्ट

छ्स्य के एमएस धोनी ने पिछले साल आईपीएल में 182.46 की स्ट्राइक रेट से 104 रन बनाए। इस साल वह 255.88 की स्ट्राइक रेट से 87 रन बना चुके हैं। आईपीएल में पिछले 2 साल में 50 से ज्यादा गेंदें खेलने वाले प्लेयर्स में धोनी का स्ट्राइक रेट से सबसे बेहतर है। वह 209.89 की स्ट्राइक रेट से रन बना रहे हैं। उनके बाद स्स्न्न के अभिषेक शर्मा ने 205.26 की स्ट्राइक रेट से रन बनाए हैं।

### 3. धोनी 5 हजार आईपीएल रन बनाने वाले पहले विकेटकीपर

एमएस धोनी बतौर विकेटकीपर खेलते हुए आईपीएल में 5000 से ज्यादा रन पूरे कर चुके हैं। वह ऐसा करने वाले पहले ही विकेटकीपर बने। उन्होंने बतौर विकेटकीपर 251 मैच भी खेल लिए हैं। धोनी के बाद आरसीबी के दिनेश कार्तिक ने बतौर विकेटकीपर 228 मैचों में 4363 रन बनाए हैं।

## सिर चढ़कर बोली चेन्नई सुपर किंग्स की दीवानगी

# फैन ने सीएसके की थीम पर बनवाया शादी का कार्ड




**नईदिल्ली, एजेंसी।** चेन्नई सुपर किंग्स आईपीएल की वह टीम है, जिसे हर मैदान पर होम ग्राउंड जैसा ट्रीमेंट मिलता है. चेन्नई के चेपॉक स्टेडियम के साथ-साथ फैंस सीएसके को सपोर्ट करने के लिए हर मैदान में पहुंचते हैं. चेन्नई का मैच कहीं भी किसी भी टीम के खिलाफ हो, क्राउड आपको पीली जर्सी में ही नज़र आएगा. चेन्नई को फैंस इतना ज़्यादा प्यार एमएस धोनी की वजह से करते हैं. अब मैदान के बाहर भी चेन्नई की दीवानगी फैन के सिर चढ़कर बोली और उसने अपनी शादी का कार्ड सीएके की थीम पर बनवा लिया.

चेन्नई सुपर किंग्स की थीम वाला शादी का कार्ड सोशल मीडिया पर तेज़ से वायरल हो रहा है. इस कार्ड को चेन्नई सुपर किंग्स के मैच टिकट की तरह डिजाइन किया गया. कार्ड में एंट्री फीस की जगह, आपका प्यार लिखा गया, टैक्स की जगह, आशीर्वाद और टोटल वैल्यू की जगह, आपकी उपस्थिति लिखी गई. इसके अलावा जैसे दो टीमों का नाम लिखा जाता हैं, वहां बीच में वेड्स लिखकर कपल का नाम लिखा गया. इसके आगे शादी का दिन और तारीख वेन्यू के साथ लिखी गई. इस कार्ड को बड़े ही क्रिएटिव तरीके के डिजाइन किया गया है.

## लखनऊ में आईपीलएल कप्तानों पर बीसीसीआई ने ठोका जुर्माना

**लखनऊ, एजेंसी।** आईपीएल 2024 का 34वां मैच लखनऊ सुपरजायंट्स और चेन्नई सुपर किंग्स के बीच 19 अप्रैल को लखनऊ के इकाना क्रिकेट स्टेडियम में खेला गया। यह मैच तो होम टीम जीत गई। लेकिन बीसीसीआई ने दोनों टीमों के कप्तानों पर स्लो ओवर रेट के चलते 12 लाख का जुर्माना भी ठोका है। बता दें कि लखनऊ के कप्तान केएल राहुल और चेन्नई के कप्तान रुतुराज गायकवाड़ पर स्लो ओवर रेट की वजह से भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने जुर्माना लगाया है।

आईपीएल की आचार संहिता के तहत दोनों कप्तानों की टीमों का सीजन का पहला अपराध था। इसलिए उनपर 12 लाख का जुर्माना लगाया गया है। केकेआर के कप्तान श्रेयस अय्यर और दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान ऋषभ पंत पर भी स्लो ओवर रेट के चलते इस सीजन फाइन लग चुका है।




# केएल राहुल ने तोड़ा धोनी का रिकॉर्ड

**नईदिल्ली, एजेंसी।** आईपीएल 2024 के इस सीजन में कई नए रिकॉर्ड बन रहे हैं तो कई पुराने रिकॉर्ड टूट भी रहे हैं. केएल राहुल ने आईपीएल 2024 के 34वें मैच में एक और रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है. जो पहले धोनी के नाम था. केएल राहुल आईपीएल में सबसे ज्यादा पचास प्लस स्कोर बनाने वाले विकेटकीपर बन गए हैं. इस फेहरिस्त में कई दिग्गज विकेटकीपर भी शामिल हैं.

अगर हम 50 से ज्यादा का स्कोर बनाने वाले टॉप 5 विकेटकीपरों की बात करें तो इस फेहरिस्त में सबसे पहला नाम केएल राहुल का है. जो पहले एमएस धोनी के नाम पर था. केएल राहुल अब तक 25 बार 50 से ज्यादा का स्कोर बना चुके हैं. एमएस धोनी ने 24 बार 50 से अधिक का स्कोर बनाया है. तीसरे नंबर पर क्विंटन डी कॉक हैं. डी कॉक ने अब तक 23 बार 50 से ज्यादा का स्कोर बनाया है. तो चौथे नंबर पर हैं दिनेश कार्तिक. दिनेश ने अब तक 21 बार 50 से अधिक का स्कोर बनाया है. वहीं पांचवें नंबर पर रॉबिन उथप्पा का नाम है. उन्होंने 18 बार 50 से ज्यादा का स्कोर बनाया है.




आईपीएल 2024 के 34वें मैच में केएल राहुल ने चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ कप्तानी पारी खेली. जिसके चलते एलएसजी की टीम ने यह मैच आसानी से जीत लिया. केएल राहुल ने 53 गेंदों पर 154.72 की स्ट्राइक रेट से 82 रन बनाए. जिसमें 9 चौके और 3 छक्के शामिल थे. पहले विकेट के लिए क्विंटन डी कॉक और केएल राहुल के बीच 134 रन की साझेदारी हुई. 6 गेंद रहते ही एलएसजी ने 8 विकेट से मैच जीत लिया.

# क्या कोलकाता में आरसीबी खत्म करेगी अपनी हार का सिलसिला?

**कोलकाता, एजेंसी।** हार दर हार से आजिज आ चुकी रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को बखूबी पता है कि अब किसी चूक की गुंजाइश नहीं है। लिहाजा रविवार को कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में उसे हर हालत में अच्छा प्रदर्शन करना होगा। सात मैचों में से छह हार के बाद आरसीबी का पहला आईपीएल खिताब जीतने का सपना टूटता नजर आ रहा है। लगातार पांच हार के बाद आरसीबी अंक तालिका में सबसे नीचे है और प्लेआफ की उम्मीदें बनाये रखने के लिये उसे बाकी सातों मैच जीतने होंगे। ऐसे में केकेआर के खिलाफ आरसीबी मैच जीतने में पूरा जोर लगा देगी। तो आइये ऐसे में जानते हैं कि मैच में दोनों टीमों की प्लेइंग 11 क्या हो सकती है।

**किन 11 पर आरसीबी जताएगी भरोसा?**

आरसीबी की कमजोर कड़ी उसके गेंदबाज साबित हुए हैं और टीम पूरी तरह से विराट कोहली, फाफ डु प्लेसी और दिनेश कार्तिक की बल्लेबाजी पर निर्भर रही है। ऐसे में केकेआर की चुनौती उसके लिये काफी कठिन होगी। कप्तान फाफ डु प्लेसी ने कहा था ,'गेंदबाजी में हमारी तरकश में ज्यादा तीर नहीं है। इससे सारा दबाव बल्लेबाजों पर आन पड़ा है। हम सिर्फ बड़े स्कोर बनाकर ही मैच जीत सकते हैं।'




सनराइजर्स हैदराबाद ने आरसीबी के खिलाफ ही टूर्नामेंट का सर्वोच्च स्कोर तीन विकेट पर 287 रन बनाया था। इस सत्र में सबसे महंगे 11 करोड़ 50 लाख रूपये में खरीदे गए अलजारी जोसफ ने तीन मैचों में एक ही विकेट लिया और 11 . 89 की इकॉनॉमी रेट से रन दिये। ऑस्ट्रेलियाई हरफनमौला ग्लेन मैक्सवेल भी फॉर्म के लिये जूझ रहे हैं जिन्होंने मानसिक थकान का हवाला देकर सनराइजर्स के खिलाफ नहीं खेला। उनके कूल्हे की मांसपेशी में खिंचाव के कारण वह कुछ और मैचों में बाहर रह सकते हैं।

केकेआर के खिलाफ आरसीबी की संभावित 11- फाफ डु प्लेसिस (कप्तान), विराट कोहली, विल जैक्स, रजत पाटीदार, कैमरून ग्रीन, दिनेश कार्तिक, महिपाल लोमरोर, लॉकी फर्ग्युसन, मोहम्मद सिराज, कर्ण शर्मा, आकाश दीप।

### किस प्लेइंग के साथ उतरेगी केकेआर?

कोलकाता नाइटराइडर्स यानी केकेआर को पिछले मैच में आखिरी गेंद पर राजस्थान रॉयल्स ने हराया था। केकेआर ने आरसीबी की तुलना में एक मैच कम खेला है और उसकी नजरें जीत की राह पर लौटने पर लगी होगी। नारायण ने सिर्फ स्पिन गेंदबाजी ही नहीं बल्कि बल्लेबाजी के जौहर भी दिखाये हैं। उन्होंने रॉयल्स के खिलाफ पिछले मैच में पहला टी20 शतक जमाया। उनका स्ट्राइक रेट भी 187 के करीब रहा है। फिल साल्ट ने 151 से अधिक की औसत से रन बनाये हैं। उनके पास रिंकू सिंह और आंद्रे रसेल जैसे खतरनाक बल्लेबाज भी हैं। केकेआर अभी शानदार फॉर्म में चल रही है। ऐसे में वह शायद ही अपनी प्लेइंग 11 में कोई बदलाव करें।

आरसीबी के खिलाफ केकेआर की संभावित प्लेइंग 11- फिल सॉल्ट, सुनील नरेन, अंगकृष रघुवंशी, श्रेयस अय्यर (कप्तान), आंद्रे रसेल, रिंकू सिंह, वेंकटेश अय्यर, रमनदीप सिंह, मिचेल स्टार्क, वरुण चक्रवर्ती, हर्षित राणा।

# टिम डेविड और पोलार्ड पर बीसीसीआई ने लगाया जुर्माना

**मुंबई, एजेंसी।** एमआई के बल्लेबाज टिम डेविड और बल्लेबाजी कोच कीरोन पोलार्ड पर पंजाब किंग्स के खिलाफ उनकी टीम के मैच के दौरान आईपीएल की आचार संहिता का उल्लंघन करने के लिए मैच फीस का 20 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है।

आईपीएल की तरफ से टिम डेविड और पोलार्ड पर जुर्माना लगाए जाने को लेकर दी गई जानकारी में बताया गया कि दोनों पर पंजाब किंग्स के खिलाफ मैच में आईपीएल की आचार संहिता के उल्लंघन के मामले में जुर्माना लगाया गया है। डेविड और पोलार्ड ने आचार संहिता के अनुच्छेद 2.20 के लेवल 1 का अपराध किया है। इसके चलते डेविड और पोलार्ड पर उनकी मैच फीस का 20 फीसदी जुर्माना लगाया गया है। इस आचार संहित के उल्लंघन के मामले में मैच रेफरी का फैसला अंतिम माना जाता है। दोनों ने ही अपनी गलती स्वीकार कर ली है। डीआरएस का उपयोग करते समय खिलाड़ियों को मैदान के बाहर से किसी की मदद लेने की अनुमति नहीं है। आईपीएल का




फैसला एक वीडियो के वायरल होने के बाद आया है, जिसमें डगआउट में मुंबई इंडियंस टीम के सदस्यों और सहयोगी स्टाफ को कथित तौर पर रिव्यू मांगने का निर्णय लेने में सूर्यकुमार यादव को अवैध सहायता प्रदान करते हुए दिखाया गया है। टेलीविजन कैमरों में पांच बार की विजेता मुंबई इंडियंस के मुख्य कोच मार्क बाउचर को यादव को इशारा करते हुए दिखाया गया कि उन्होंने जिस डिलीवरी का सामना किया, वह वाइड थी। डेविड और पोलार्ड ने बल्लेबाज से अर्शदीप सिंह की गेंद की समीक्षा करने का आग्रह किया जो फुल और वाइड फेंकी गई थी।

पंजाब किंग्स के खिलाफ मैच के दौरान जब 15वें ओवर में सूर्यकुमार यादव बल्लेबाजी कर रहे थे तो उस समय अर्शदीप सिंह की एक गेंद पर दोनों ने डगआउट से वाइड गेंद को लेकर डीआरएस लेने का इशारा किया था, जिसके बाद इसको लेकर पंजाब किंग्स के कप्तान ने भी आपत्ति जताई थी। सूर्या ने इसके बाद डीआरएस ले लिया था और तीसरे अंपायर ने इस गेंद को वाइड करार दे दिया था।




## संजय मांजरेकर ने क्यों कही ये बात

# उम्मीद है चयनकर्ता रिंकू को नहीं भूलेंगे

**नईदिल्ली, एजेंसी।** इंडियन प्रीमियर लीग 2024 में अब तक कोलकाता नाइट राइडर्स के शीर्ष क्रम ने काफी अच्छा प्रदर्शन किया है। इस बीच रिंकू सिंह को बल्लेबाजी का ज्यादा मौका नहीं मिल रहा है। रिंकू ने बतौर फिनिशर पिछले साल शानदार प्रदर्शन किया था। इसके बौदलत उन्हें भारतीय टीम में उन्हें जगह मिली थी। भारत के लिए भी उन्होंने कई मैच फिनिश किया। पूर्व भारतीय क्रिकेटर संजय मांजरेकर को लगता है कि केकेआर के लिए बल्लेबाजी का ज्यादा मौका न मिलना रिंकू को भारत की टी20 विश्व कप टीम में जगह न देने का यह कोई कारण नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि रिंकू को ज्यादा मौका नहीं मिल रहा है और उम्मीद है चयनकर्ता उन्हें नहीं भूलेंगे। रिंकू ने इस सीजन 51 गेंद पर 83 रन बनाए हैं। 26 उनका सर्वोच्च स्कोर है। उनका स्ट्राइक रेट 162.75 का है।

### मांजरेकर ने रिंकू सिंह को लेकर क्या कहा?

मांजरेकर ने रिंकू को लेकर फर्स्टपोस्ट से कहा, क्योंकि उन्हें ज्यादा मौके नहीं मिल रहे हैं, मुझे उम्मीद है कि चयनकर्ता रिंकू सिंह को नहीं भूलेंगे। वह सीधे तौर पर भारतीय टीम में चयन होना चाहिए। जब भी उन्हें अवसर मिला है, आपने देखा है कि उन्होंने कितना अच्छा प्रदर्शन किया है। अपनी निरंतरता और रेज दिखाई है। भारतीय टीम के मुख्य खिलाड़ियों के अलावा, उन बड़े नामों के अलावा जिनके बारे में हम सोच रहे हैं, मैं उन्हें पसंद करता हूं।


### रिंकू सिंह ने 15 टी20 मैचों में भारत का प्रतिनिधित्व किया

रिंकू सिंह ने 15 टी20 मैचों में भारत का प्रतिनिधित्व किया है। इसमें उन्होंने 7 मैचों में नाबाद रहते हुए 176.23 के स्ट्राइक रेट से 356 रन बनाए हैं। उनका औसत 89 रन का है। ऐसे में बतौर फिनिशर उन्हें भारत की टी20 वर्ल्ड कप टीम में जगह मिलनी चाहिए। 1 जून से यह टूर्नामेंट अमेरिका और वेस्टइंडीज की मेजबानी में खेला जाएगा। भारतीय टीम का चयन 1 मई से पहले हो जाएगा।



## संक्षिप्त समाचार

### बगदाद के पास दो इराकी सैन्य ठिकानों पर बमबारी



**बगदाद, एजेंसी।** बगदाद के दक्षिण में बाबिल प्रांत में शनिवार आधी रात के बाद अज्ञात विमान से दो इराकी सैन्य ठिकानों पर बमबारी की गई। गृह मंत्रालय के एक सूत्र ने मीडिया को बताया, हवाई हमले ड्रोन से किए गए। बाबिल प्रांत के उत्तरी हिस्से में महाविल क्षेत्र में इराकी अर्धसैनिक हशद शाबी बलों से संबंधित दो ठिकानों को निशाना बनाया गया। समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने एक सूत्र के हवाले से बताया कि दो लक्षित ठिकानों में से एक अर्धसैनिक बलों का गोला-बारूद का गोदाम था और दूसरा उनका टैंक मुख्यालय था। सूत्र ने यह भी कहा कि बगदाद से लगभग 30 किलोमीटर दक्षिण-पूर्व में स्थित मडेन इलाके में विस्फोटों की आवाज सुनी गई, लेकिन विस्फोटों के बारे में तत्काल कोई जानकारी नहीं है।

### केन्या में भारी बारिश से 32 लोगों की मौत



**नैरोबी, एजेंसी।** केन्या में हाल के दिनों में भारी बारिश और बाढ़ के कारण कम से कम 32 लोगों की मौत हो गई है। सहायता एजेंसियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। मानवीय मामलों के समन्वय के लिए संयुक्त राष्ट्र कार्यालय (ओसीएचए) के अनुसार, 40 हजार से अधिक लोगों को अपने गांवों और बस्तियों से भागना पड़ा। बाढ़ से कृषि भूमि का बड़ा क्षेत्र भी नष्ट हो गया। केन्याई रेड क्रॉस ने बताया कि बेघर हुए लोगों के लिए अब तक 35 शिविर स्थापित किए गए हैं।वृहत नैरोबी क्षेत्र के अलावा, देश के पश्चिम में लेक विक्टोरिया क्षेत्र, ग्रेट रिफ्ट वैली क्षेत्र और उत्तर-पूर्व केन्या के क्षेत्र विशेष रूप से प्रभावित हुए।वार्षिक वर्षा ऋतु, जो पूर्वी अफ्रीकी देश में मई के अंत तक जारी रहती है, इस वर्ष अल नीनो मौसम की घटना से भी प्रभावित हो रही है।केन्याई मौसम सेवा ने भी आने वाले दिनों में भारी बारिश की घोषणा की है।

### पाकिस्तान में सरकारी वाहन पर गोलीबारी में सात की मौत

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा में एक सरकारी वाहन पर किए गए हमले में सात लोगों की मौत हो गई। मृतकों में पांच अधिकारी और दो यात्री, जिसमें एक बच्ची और एक व्यक्ति शामिल हैं। सीमा शुल्क खुफिया अधिकारी डेरा इस्माइल खान जिले के क्वेटा रोड में ड्यूटी पर तौनात थे, तभी उनके वाहन पर गोलीबारी की गई। हालांकि, इस हमले के बाद हमलावर फरार हो गया। प्रांत के मुख्यमंत्री अली अमीन गंडापुर ने इस हमले की निंदा की है। बुधवार को सुरक्षाबलों के जवान ने अफगानिस्तान से पाकिस्तान में घुसपैठ करने की कोशिश करने वाले सात आतंकियों को मार गिराया। बता दें कि पूरे पाकिस्तान में आतंकी हमलों में वृद्धि हुई है।

### स्कॉटलैंड में झरने में डूबे दो भारतीय छात्र; पाकिस्तान में सरकारी अधिकारियों पर हमले में सात की मौत


**स्कॉटलैंड, एजेंसी।** ब्रिटेन की यूनिवर्सिटी में पढ़ने वाले दो भारतीय छात्रों की स्कॉटलैंड की झरने में डूबने से मौत हो गई। स्कॉटलैंड की पुलिस ने अभी तक आंध्र प्रदेश के रहने वाले छात्रों के नाम का खुलासा नहीं की है। शुक्रवार को दोनों शव का पोस्ट मॉर्टम होने वाला है। स्कॉटलैंड पुलिस के प्रवक्ता ने कहा, बुधवार की शाम सात बजे हमें दो छात्रों के ब्लेयर एथोल के पास तुम्मेल झरने में डूबने से मौत की सूचना मिली। इसके बाद ही दोनों को ढूंढने के लिए आपातकाल सेवाओं की मदद ली गई। डंडी यूनिवर्सिटी के प्रवक्ता ने इस घटना पर शोक जताया। उन्होंने कहा कि मुश्किल समय में वह मृतकों के परिवार के साथ खड़े हैं।

### उत्तर कोरिया ने 'अत्यधिक बड़े क्रूज मुखास्त्र और विमान रोधी मिसाइल का किया परीक्षण

**सियोल, एजेंसी।** उत्तर कोरिया ने शनिवार को कहा कि उसने पश्चिमी तटीय क्षेत्र में एक 'अत्यधिक बड़े क्रूज मिसाइल मुखास्त्र और एक विमान रोधी मिसाइल का परीक्षण किया है। अमेरिका और दक्षिण कोरिया के साथ बढ़ते तनाव के बीच उत्तर कोरिया तेजी से अपनी सैन्य क्षमताओं को बढ़ा रहा है और हाल में उसने कई मिसाइल परीक्षण किए हैं। उत्तर कोरिया की सरकारी मीडिया ने अपनी एक खबर में कहा कि शुक्रवार को 'ह्वासल-1 रा-3 रणनीतिक क्रूज मिसाइल के लिए तैयार किए गए मुखास्त्र का 'शक्ति परीक्षण किया गया साथ ही 'प्योलजी-1-2 विमान रोधी मिसाइल का परीक्षण किया गया। उत्तर कोरिया की सरकारी समाचार समिति 'कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी द्वारा जारी की गई तस्वीरों में लॉन्चर ट्रक से कम से कम दो मिसाइलें दागी जाती दिखाई दे रही हैं। खबर में कहा गया कि शुक्रवार को किया परीक्षण देश की सैन्य विकास गतिविधियों का हिस्सा थे और इसका आसपास के हालात से कोई लेना देना नहीं है।

# कोर्ट के अंदर ट्रंप की चल रही थी सुनवाई, बाहर शख्स ने खुद को लगा ली आग

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका के मैनहट्टन अदालत के बाहर उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब एक शख्स ने तेल छिड़ककर खुद को आग लगा ली। जिस समय शख्स ने खुद को आग लगाई, उसी समय अदालत के अंदर पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के मुकदमे पर सुनवाई चल रही थी। हालांकि, सवाल उठता है कि आखिर खुद को आग लगाने वाला शख्स कौन हैं और उसने इस भयावह घटना को क्यों अंजाम दिया





### कौन हैं शख्स

न्यूयॉर्क के पुलिस विभाग (एनवाईपीडी) के प्रमुख जेफरी मैड्रे ने बताया कि मैक्सवेल अजारेलो नाम का शख्स पहले पार्क गया। वहां उसने कुछ पर्चे बांटे और बाद में खुद को आग लगा ली। फिलहाल वह कॉर्नेल विश्वविद्यालय की बर्न यूनिट में गंभीर स्थिति में है। फ्लोरिडा के सेंट ऑगस्टीन में रहने वाला अजारेलो खुद को एक खोजी शोधकर्ता बताता है। एक रिपोर्ट में पुलिस का हवाला देते हुए बताया कि शख्स की उम्र करीब 20 साल है और दिखने में बेघर लग रहा था।

एनवाईपीडी के जासूसों के प्रमुख जो केनी ने बताया कि अजारेलो सप्ताह की शुरुआत में न्यूयॉर्क शहर आया और उसने घटना के बारे में प्रचार किया। यहां तक कि खुद को आग लगाने से पहले वो शांत था। केनी ने बताया कि शख्स के परिवार को घटना के बारे में जानकारी दे दी है। जेफरी मैड्रे ने चिंता जताते हुए कहा कि शख्स ने किसी सुरक्षा का कोई उल्लंघन नहीं किया। लेकिन हम बहुत चिंतित है। उन्होंने आश्वासन दिया कि आगे बढ़ने के लिए पर्याप्त सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए योजनाएं मौजूद हैं। एनवाईपीडी के जन सूचना उपायुक्त तारिक शेपर्ड ने कहा कि किसी को नहीं पता था कि यह व्यक्ति खुद को आग लगाने जा रहा है।

### शख्स ने खुद को आग क्यों लगाई

फिलहाल शख्स के खुद को आग लगाने की वजह साफ नहीं हो पाई है। कानून प्रवर्तन सूत्रों से पता चला है कि वह एक प्रदर्शनकारी समूह का हिस्सा है। यहां तक कि उसके विरोध के पीछे का मकसद भी अभी नहीं पता है। यह रहस्य बना हुआ है।

जब शख्स ने खुद को आग लगाई थी तो उसने कुछ पर्चों को हवा में उछाला था। उनमें से एक का शीर्षक था- दुनिया का सच्चा इतिहास। वहीं एक अन्य पर्चे में लिखा था कि एनवाईयू एक भीड़ का मोर्चा है। इसके अलावा, सड़क पर पड़े एक पर्चे में लिखा था- मैंने ट्रंप के ट्रायल के दौरान बाहर खुद को आग लगा ली है। न्यूयॉर्क सिटी अग्निशमन विभाग ने पुष्टि की कि व्यक्ति को दोपहर एक बजकर 41 मिनट पर गंभीर हालत में अस्पताल ले जाया गया।

### मीडिया में हलचल

इस घटना के दौरान मीडिया कर्मियों के सामने समस्या खड़ी हो गई, क्योंकि कैमरे के सामने व्यक्ति ने आग लगाई थी और यह गंभीर मसला था, लेकिन नैतिकता के आधार पर जलते हुए व्यक्ति का वीडियो फुटेज नहीं दिखाया जा सकता था। पत्रकारों ने लाइव प्रसारण के दौरान कहा हमारे पास एक आदमी है जिसने खुद को आग लगा ली है, हमारे कैमरे अभी घूम रहे हैं और एक आदमी ने अब अदालत के बाहर खुद को आग लगा ली है। आप जलते हुए मांस की गंध महसूस कर सकते हैं।

फुटेज में देखा जा सकता है कि व्यक्ति के खुद को आग लगाते ही आसपास खड़े लोग अग्निशामक यंत्रों से आग बुझाने की कोशिश कर रहे। वहीं, एक मीडिया रिपोर्ट में बताया गया कि शख्स ने पहले ट्रंप समर्थक प्रदर्शनकारियों से संपर्क किया था। इसके अलावा, एक वीडियो फुटेज में आग की लपटों में घिरा हुआ दिखाया गया।

### प्रत्यक्षदर्शियों ने बताई घटना

कई प्रत्यक्षदर्शियों ने घटना को बताया कि कैसे चमकीले नारंगी रंग की लपटों में जलते हुए व्यक्ति को देखकर आसपास खड़े लोग चिल्लाने लगे। एक ने कहा, मैं जले हुए मांस की गंध महसूस कर सकता हूं और आग देख सकता हूं।

बता दें, घटना मैनहट्टन कोर्टहाउस से सटे कलेक्ट पॉन्ड पार्क के पास की है। अदालत में ट्रप के आपराधिक मुकदमे के लिए जूरी का चयन चल रहा था। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि आत्मदाह की घटना के बाद ट्रंप समर्थकों ने इलाके को तुरंत खाली कर दिया। आग बुझने के बाद भी धुआं उठता रहा। राख और मलबे के अवशेष सड़क पर फैले रहे। यह घटना मुकदमे की कार्यवाही दोपहर के भोजन के लिए स्थगित होने से कुछ देर पहले दोपहर करीब एक बजकर 35 मिनट पर घटी।

## रूस पर नये प्रतिबंध लगाने की तैयारी में यूरोपीय संघ

**ब्रूसेल्स, एजेंसी।** यूरोपीय संघ यूक्रेन के खिलाफ पूर्ण युद्ध छेड़ने के लिए रूस के खिलाफ 14वें दौर के प्रतिबंधों की तैयारी कर रहा है। संगठन के एक वरिष्ठ अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। यूरोपीय संघ के वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि नए प्रतिबंध पैकेज में उन व्यक्तियों और संगठनों पर दंडात्मक उपाय शामिल हैं जो रूस पर मौजूदा यूरोपीय संघ के प्रतिबंधों को रोकने के प्रयासों में सहायता करते हैं।

यूरोपीय संघ के एक राजनयिक ने कहा कि दंडात्मक उपायों में तेल टैंकरों या ÷अंधेरे बेड़े÷ पर विचार किया जाना चाहिए जो इसमें बाधा डालने के लिए मौजूदा प्रतिबंधों के बावजूद रूसी तेल का परिवहन करते हैं। राजनयिकों के अनुसार, नए व्यक्तियों और संगठनों पर ब्लॉक में उनकी संपत्तियों पर रोक लगाई जाएगी। यूरोपीय आयोग को आने वाले सप्ताह में प्रतिबंधों के लिए प्रस्ताव पेश करना है।

रूस पर प्रतिबंधों का 13वां पैकेज फरवरी में यूक्रेन के खिलाफ युद्ध की दूसरी वर्षगांठ पर अपनाया गया था और इसमें 106 व्यक्तियों और 88 संगठनों को निशाना बनाया गया था।इसमें उत्तर कोरिया द्वारा रूस को हथियारों की आपूर्ति में शामिल व्यक्ति और उत्तर कोरियाई रक्षा मंत्री शामिल थे।यूक्रेन के खिलाफ रूसी युद्ध में योगदान देने वाले अर्थव्यवस्था के विभिन्न वर्गों को लक्षित करते हुए रूस पर यूरोपीय संघ के कई दौर के प्रतिबंध लगाए गए हैं।इनमें कच्चे तेल, कोयला, इस्पात, सोना और विलासिता की वस्तुओं पर आयात प्रतिबंध के साथ-साथ बैंकों और अन्य वित्तीय संस्थानों के खिलाफ दंडात्मक उपाय भी शामिल हैं।इसके अलावा, तथाकथित ÷दोहरे उपयोग वाले सामान÷ पर व्यापार प्रतिबंध लगाए गए थे जो रूसी रक्षा और सुरक्षा क्षेत्र के तकनीकी विकास में योगदान दे सकते थे।यूक्रेन के लिए सैन्य उपकरण खरीदने के लिए यूरोपीय संघ में जमे हुए रूसी केंद्रीय बैंक धन को सुरक्षित रखने से होने वाले मुनाफे के एक बड़े हिस्से का उपयोग करने की योजना पर काम जारी है।-

## पाकिस्तान में बारिश का कहर, 87 लोगों की मौत, 80 से ज्यादा घायल

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) ने बताया कि पिछले सप्ताह पाकिस्तान में बारिश के कारण हुई अलग-अलग घटनाओं में कम से कम 87 लोग मारे गए और 82 अन्य घायल हुए हैं। जबकि देश के कुछ हिस्सों में भारी बारिश का कहर जारी है। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, एनडीएमए ने बताया कि बारिश ने देश भर में 2,715 घरों को आंशिक या पूरी तरह से क्षतिग्रस्त कर दिया है। ज्यादातर लोगों की मौत इमारत या घरों के ढांचे ढहने, बिजली गिरने और बाढ़ से संबंधित घटनाओं में हुई है।

एनडीएमए के अनुसार, देश के उत्तर-पश्चिमी खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में सबसे अधिक नुकसान और हताहत हुए हैं। यहां मूसलाधार बारिश के कारण 36 लोगों की जान चली गई और 53 अन्य घायल हो गए। इसके बाद पूर्वी पंजाब प्रांत में 25 लोगों की मौत और आठ लोगों के घायल होने की सूचना है।

एनडीएमए ने कहा कि दक्षिण-पश्चिमी बलूचिस्तान प्रांत में कुल 15 लोगों की मौत हुई है और 10 अन्य घायल हुए हैं। जबकि पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में भारी बारिश के कारण 11 लोगों की मौत हो गई और 11 अन्य घायल हो गए। पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने हाल की भारी बारिश के कारण कीमती जान-माल के नुकसान पर गहरा दुख व्यक्त किया।

# टॉयलेट क्लीनर मिलाकर बुशरा बीबी को पाकिस्तान की जेल में दिया जा रहा खाना, इमरान खान ने लगाए आरोप

**लाहौर, एजेंसी।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान इन दिनों संकट में घिरे हुए हैं। हाल ही में उनकी पत्नी को भी गिरफ्तार कर लिया गया था। वह खुद पहले से ही जेल में बंद है। इमरान ने इस बीच पाकिस्तान की एक अदालत को बता है कि उनकी पत्नी बुशरा बीबी को ÷टॉयलेट क्लीनर÷ मिलाकर खाना दिया जा रहा है। उन्होंने दावा किया यही कारण है कि उनकी पत्नी के पेट में रोजाना जलन होती है।



पाकिस्तान में कई मामलों में दोषी ठहराए गए क्रिकेटर से नेता बने इमरान खान ने रावलपिंडी की अदियाला जेल में 190 मिलियन पाउंड के भ्रष्टाचार मामले में सुनवाई के दौरान यह आरोप लगाया। इमरान खान ने न्यायाधीश नासिर जावेद राणा को बताया कि अदालत कक्ष में अतिरिक्त दीवारें खड़ी की गई हैं, जिससे यह एक बंद अदालत जैसा प्रतीत होता है।

इमरान खान ने कहा कि शौकत खानम अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ असीम यूसुफ ने शिफा इंटरनेशनल अस्पताल में बुशरा बीबी के स्वास्थ्य परीक्षण कराने का सुझाव दिया था। उन्होंने कहा, जेल प्रशासन पाकिस्तान इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (पीआईएमएस) अस्पताल में परीक्षण करने पर अड़ा हुआ था। बाद में अदालत ने डॉ. यूसुफ को इमरान खान और बुशरा बीबी की मेडिकल जांच करने का आदेश दिया।

कार्यवाही के दौरान इमरान खान द्वारा अतिरिक्त दीवारों के निर्माण की ओर इशारा करने के बाद न्यायाधीश ने अधिकारियों से लकड़ी के तख्तों को हटाने के लिए कहा। बाद में अदालत ने इमरान खान से सुनवाई के दौरान प्रेस कॉन्फ्रेंस नहीं करने को कहा। इमरान ने कहा कि अधिकारियों ने सुनवाई के बाद मीडिया को हटा दिया।

15 अप्रैल को बुशरा बीबी ने इस्लामाबाद उच्च न्यायालय से उनकी पसंद के निजी अस्पताल में उनकी स्वास्थ्य जांच की अनुमति देने का अनुरोध किया था। वह यह पता लगाना चाहती थी कि क्या जेल अधिकारियों द्वारा उपलब्ध कराए गए भोजन के माध्यम से उसे जहर दिया जा रहा है।

बुशरा बीबी ने दावा किया कि वह सीने में जलन और गले और मुंह में दर्द से पीड़ित थीं। बुशरा बीबी को उनके बनिगाला आवास में हिरासत में रखा गया है, जिसे उप-जेल घोषित किया गया था।

49 साल की बुशरा बीबी को भ्रष्टाचार के मामले के साथ-साथ इमरान खान के साथ अवैध शादी के मामले में भी दोषी ठहराया गया था। इस हफ्ते की शुरुआत में इमरान खान ने कहा था कि बुशरा बीबी की कैद के लिए सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर सीधे तौर पर जिम्मेदार हैं।

# अमेरिका में भारतीय छात्र की मौत ब्लू व्हेल गेम से जुड़ी होने की संभावना

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका में प्रथम वर्ष के एक छात्र ने एक गेम खेलते-खेलते अपनी जान दे दी। घटना मार्च की बताई जा रही है। ऐसी आशंका है कि मौत के इस मामले के पीछे ब्लू व्हेल चैलेंज ऑनलाइन गेम था, जिसे सुसाइड गेम भी कहा जाता है।




20 वर्षीय मैसाचुसेट्स विश्वविद्यालय में प्रथम वर्ष का छात्र 8 मार्च को मृत मिला था। ब्रिस्टल काउंटी डिस्ट्रिक्ट अटॉर्नी के प्रवक्ता ग्रेग मिलियोट का कहना है कि मामले की जांच आत्महत्या के एंगल से की जा रही है।

रिपोर्ट के अनुसार, शुरू में कहा जा रहा था कि छात्र की हत्या की गई है। छात्र को लूटा गया और फिर हत्या कर उसके शव को जंगल में फेंक दिया गया। छात्र का शव जंगल में कार में मिला था। बोस्टन ग्लोब अखबार ने बाद में छात्र की पहचान उसके नाम से की।

हालांकि, परिवार की इच्छा को देखते हुए आईएएनएस नाम नहीं बता रहा है। लेकिन दुनिया भर में नाबालिगों और युवाओं को शिकार बनाने के लिए जाने जाने वाले इस खतरनाक गेम को खेलते समय, भारत और विदेश में भारतीय छात्रों और नाबालिगों और अभिभावकों के लिए एक सतर्क घटना के रूप में रिपोर्ट किए जाने की जरूरत है।

ब्लू व्हेल चैलेंज एक ऑनलाइन गेम है, जिसमें प्रतिभागियों (पार्टिसिपेंट) को एक चैलेंज दिया जाता है। इस गेम में 50 स्टेप्स हैं, जो धीरे-धीरे कठिन होते जाते हैं।

आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, चैलेंज के तौर पर छात्र ने दो मिनट तक सांसें रोक कर रखीं। भारत के लिए ब्लू व्हेल चुनौती से मौत की यह पहली घटना हो सकती है।

भारत सरकार कई साल पहले ब्लू व्हेल चैलेंज पर प्रतिबंध लगाना चाहती थी, लेकिन इसके बजाय एक एडवाइजरी जारी कर छोड़ दिया गया।

भारतीय इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने गेम के शुरू होने के एक साल बाद 2017 में जारी एक एडवाइजरी में कहा, ÷ब्लू व्हेल गेम (सुसाइड गेम) आत्महत्या के लिए उकसाने वाला है। इसलिए इससे दूर रहें।÷

रिपोर्ट्स के मुताबिक, यह गेम सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर खेला जाता है। इसमें एक एडमिनिस्ट्रेटर और पार्टिसिपेंट शामिल होता है। एडमिनिस्ट्रेटर 50 दिन की अवधि के दौरान प्रतिदिन एक कार्य सौंपता है। शुरुआत में ये कार्य सरल होते हैं, लेकिन अंतिम चरण में खुद को नुकसान पहुंचाने के साथ वे काफी कठिन होते जाते हैं।

## पाकिस्तान को बैलिस्टिक मिसाइल बनाने में मदद करने का आरोप, अमेरिका ने इन चार कंपनियों पर लगाया प्रतिबंध

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका ने चीन की तीन और बेलारूस की एक कंपनी पर प्रतिबंध लगा दिया है। इन कंपनियों पर यह प्रतिबंध पाकिस्तान को बैलिस्टिक मिसाइल के पुर्जे मुहैया कराने के लिए लगाया गया है। अमेरिका के विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने यह जानकारी दी। अमेरिका ने चीन की जिन तीन कंपनियों पर प्रतिबंध लगाया है, उनमें लॉन्गडे टेक्नोलॉजी डेवलपमेंट की शी, तियानजिन क्रिएटिव सोर्स इंटरनेशनल ट्रेड और ग्रानपेक्ट कंपनी लिमिटेड का नाम शामिल है।



**पाकिस्तान के बैलिस्टिक मिसाइल प्रोग्राम को पुर्जे मुहैया कराने का आरोप :** वहीं बेलारूस की मिंस्क व्हील ट्रैक्टर प्लांट कंपनी पर भी प्रतिबंध लगाया गया है। इन चारों कंपनियों पर पाकिस्तान के बैलिस्टिक मिसाइल प्रोग्राम में मदद करने का आरोप है। मैथ्यू मिलर ने कहा कि ये कंपनियां भारी तबाही वाले हथियारों के प्रसार में शामिल पाई गई हैं। जिसके चलते इनके खिलाफ कार्रवाई की गई है। अमेरिका के विदेश विभाग ने बताया कि बेलारूस की कंपनी मिंस्क व्हील ट्रैक्टर प्लांट कंपनी पाकिस्तान के लंबी दूरी के बैलिस्टिक मिसाइल प्रोग्राम के लिए विशेष व्हीकल चेसिस मुहैया कर रही थी। ये चेसिस बैलिस्टिक मिसाइल में लॉन्च सपोर्ट में इस्तेमाल होता है।

**जब्त की जाएगी प्रतिबंधित कंपनियों की संपत्ति :** अमेरिकी विदेश विभाग ने बताया कि चीन की कंपनी ग्रानपेक्ट कंपनी लिमिटेड, पाकिस्तान में लंबी दूरी की बैलिस्टिक मिसाइल तैयार करने वाले निकाय नेशनल डेवलपमेंट कॉम्पलैक्स (एनडीसी) को फिलामेंट विंडिंग मशीन मुहैया कर रही थी। यह मशीन रॉकेट मोटर में इस्तेमाल की जा रही थी। चीन की ही कंपनी तियानजिन क्रिएटिव सोर्स इंटरनेशनल ट्रेड कंपनी लिमिटेड पाकिस्तान को वेल्डिंग संबंधी औजार और एक्सीलेटर सिस्टम देने में संलिप्त पाई गई। तियानजिन कंपनी का संबंध चीन की सेना के साथ भी पाया गया है। प्रतिबंध के तहत इन कंपनियों की अमेरिका में मौजूद संपत्ति को जब्त किया जाएगा। कंपनी के मालिक और बड़े हिस्सेदारों पर भी प्रतिबंध लगाया जाएगा।

## कराची में आतंकियों की आत्मघाती साजिश नाकाम, निशाने पर थी वैन, बाल-बाल बचे जापान के पांच नागरिक

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान आजकल आतंकवादियों के निशाने पर है। यहां आए दिन हमले हो रहे हैं। कभी सेना तो कभी नागरिकों को निशाना बनाया जा रहा है। इसी क्रम में, सिंध प्रांत में शुक्रवार को पांच जापानी नागरिकों को निशाना बनाते हुए आतंकवादियों ने एक आत्मघाती हमला करने की कोशिश की। हालांकि, शुक्र रहा कि सभी नागरिक सही सलामत बच निकले।

पूर्वी के उप महानिरीक्षक (डीआईजी) अजफर महेसर ने बताया कि लांधी में मुर्तजा चोरांगी के नजदीक मोटरसाइकिल सवार आतंकवादियों ने जापानी नागरिकों की वैन को टक्कर मारने की कोशिश की। उन्होंने बताया कि सभी पांच जापानी नागरिक सुरक्षित हैं। हालांकि, उनके साथ मौजूद निजी सुरक्षा गार्ड घायल हो गया। उन्होंने कहा कि जापान के नागरिक क्लिफ्टन के जमजामा स्थित अपने घर से कहीं जा रहे थे।

**आतंकवादी ने खुद को उड़ाया :** आतंकवाद रोधी विभाग (सीटीडी) के डीआईजी आसिफ एजाज शेख ने बताया कि जापानी नागरिक दो सुरक्षा गार्डों के साथ एक वैन में यात्रा कर रहे थे। तभी आतंकवादियों ने उनके वाहन को निशाना बनाने की कोशिश की। अधिकारी ने बताया कि सुरक्षा गार्डों ने एक आतंकवादी को मार गिराया, जबकि दूसरे ने वैन के करीब जाने की कोशिश में खुद को उड़ा लिया। डीआईजी शेख ने बताया कि जापानी नागरिकों को ले जा रहा वाहन बुलेट प्रूफ था। इसलिए सभी सुरक्षित हैं। अभी तक किसी ने हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है।



जिन्ना अस्पताल के अधिकारियों ने कहा कि तीन घायलों, दो सुरक्षा गार्ड और एक राहगीर को अस्पताल लाया गया जिनमें से दो की हालत गंभीर है। अस्पताल ने पुष्टि की कि किसी विदेशी को इलाज के लिए नहीं लाया गया था। अधिकारी ने बताया कि जापानी नागरिक पाकिस्तान सुजुकी मोटर्स में काम करते थे। बता दें, कराची पाकिस्तान का सबसे बड़ा शहर और दक्षिणी सिंध प्रांत की राजधानी है।

**इन लोगों ने की निंदा :** सिंध के परिवहन मंत्री शरजील इनाम मेमन ने हमले की कड़ी निंदा की है। उन्होंने कहा कि समय पर की गई कार्रवाई ने आतंकवादियों के मंसूबों को नाकाम कर दिया। आतंकवादियों की नापाक हरकतों को सफल नहीं होने दिया जाएगा।

वहीं, सिंध के राज्यपाल कामरान टेसरी ने आत्मघाती हमले की निंदा की और घटना पर एक रिपोर्ट मांगी। राज्यपाल ने कहा कि शहर में आतंकवाद किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कानून प्रवर्तन अधिकारियों से घटना के पीछे के उद्देश्यों का पता लगाने और मास्टरमाइंड को पकड़ने के लिए कहा।

**चीनी नागरिकों पर हमले तेज हुए :** छोटे अलगाववादी समूहों और तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान ने हाल के वर्षों में चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे (सीपीईसी) से संबंधित परियोजनाओं पर काम कर रहे चीनी नागरिकों पर हमले तेज कर दिए हैं। पिछले महीने, पांच चीनी और उनके पाकिस्तानी चालक की मौत हो गई थी जब उत्तर-पश्चिम पाकिस्तान में एक आत्मघाती हमलावर ने विस्फोटकों से लदी कार को एक वाहन से टक्कर मार दी थी। हालांकि, इससे पहले पाकिस्तान में काम कर रहे जापान के नागरिकों को निशाना बनाने की खबर सामने नहीं आई थी।

## संक्षिप्त समाचार

### विश्व का सबसे ऊंचा पोलिंग स्टेशन, छह महीने बर्फ से रहता है ढका ; वोटरों से मिली ईसी की टीम



**शिमला, एजेंसी।** चुनाव आयोग की टीम शुक्रवार को विश्व के सबसे ऊंचे पोलिंग स्टेशन टशीगंग पहुंची और यहां के मतदाताओं को मतदान करने के लिए जागरूक किया गया। टशीगंग समुद्र तल से 15,256 फीट की ऊंचाई पर स्थित विश्व का सबसे ऊंचा मतदान केंद्र है। टाशीगंग शीत मरुथल के नाम से विख्यात लाहुल स्पीति जिले की स्पीति घाटी में स्थित है। साल में छह माह बर्फ से ढका रहता हैं। यहां ऑक्सीजन की कमी होती है। लाहौल स्पीति के सहायक निर्वाचन अधिकारी हर्ष नेगी ने यहां के स्थानीय मतदाताओं के साथ विशेष बैठक कर उनकी मांगो को सुना। उन्होंने लोगों को लोकसभा और विधानसभा उपचुनाव में मतदान करने के लिए प्रोत्साहित किया। स्थानीय लोगों ने प्रशासन के पक्ष पर विचार करने का आश्वासन दिया है। बैठक में टाशीगंग गांव के लोक निर्माण विभाग के अस्थाई तौर पर काम करने वाले 13 पूर्व दैनिक वेतन भोगी मजदूर और उनके परिजन विशेष तौर पर मौजूद रहे। सहायक निर्वाचन अधिकारी हर्ष नेगी ने कहा कि स्थानीय लोगों के साथ-साथ पूर्व दिहाड़ीदार मजदूरों के साथ भी बैठक की गई। उन्होंने प्रशासन के पक्ष में विचार करने का आश्वासन दिया है। हमने लोगों को बताया कि पूरी दुनिया में टाशीगंग में 100 प्रतिशत मतदान के लिए जाना जाता है। इस परंपरा को जीवित रखते हुए है एक फिर इतिहास रचते हुए लोकतंत्र को मजबूत करेंगे। बता दें कि वर्ष 2019 से पहले विश्व का सबसे ऊंचा मतदान केंद्र लाहुल स?पीति जिले में स्थित हिक्किम था। लेकिन 2019 में टाशीगंग को मतदान केंद्र बना दिया गया। 2019 के लोकसभा चुनाव में यहां 45 मतदाता थे। इनमें 27 पुरुष और 18 महिला मतदाता थे। मंडी संसदीय क्षेत्र के उपचुनाव में 48 मतदाता थे, जिनमें 29 पुरुष और 22 महिलाएं शामिल थीं। 2022 के विधानसभा चुनावों में 52 मतदाता थे इनमें 30 पुरुष और 22 महिलाएं हैं। इस बार भी यहां पर 52 मतदाता है।

### चुनाव से बड़ा जीवन ! प्रचार छोड़ अस्पताल पहुंच गई डॉ. प्रत्याशी, बचा ली नवजात की जान

**दारसी , एजेंसी।** लोकसभा चुनाव का पहला चरण खत्म हो चुका है और अब अगले चरण के लिए प्रचार जोरशोर से चल रहा है। वहीं आंध्र प्रदेश में विधानसभा चुनाव का भी प्रचार चल रहा है। इसी बीच आंध्र प्रदेश में दारसी सीट से टीडीपी की विधानसभा उम्मीदवार डॉ. गोट्टीपती लक्ष्मी ने यह साबित कर दिया है कि उनके लिए किसी की जान से कीमती चुनाव या फिर प्रचार नहीं है। दरअसल डॉ. लक्ष्मी प्रकाशम जिले में दारसी सीट से मैदान में हैं। वह गुरुवार को प्रचार के लिए निकलने ही वाली थीं कि उन्हें खबर मिली की एक प्राइवेट अस्पताल में महिला की हालत नाजुक है। वह डिलिवरी के लिए अस्पताल में भर्ती हुई थी। डॉ. लक्ष्मी ने प्रचार को किनारे रखकर तुरंत अस्पताल का रुख कर लिया और वहां पहुंचकर महिला की सी सेक्शन सर्जरी की और बच्चे को सुरक्षित निकाल लिया। उनकी तत्परता की वजह से मां और बच्चे दोनों की जान बच गई। डॉक्टरों का कहना है कि ऐसे में बच्चे की मौत की संभावना बनी हुई थी। बता दें कि डॉ. लक्ष्मी वैसे तो राजनीतिक परिवार से ही हैं लेकिन पहली बार वह विधानसभा चुनाव में उतरी हैं। एनडीटीवी के मुताबिक डॉ. लक्ष्मी ने बताया, मां और बच्चे दोनों ही स्वस्थय हैं। उन्होंने कहा कि अगर टीडीपी की जीत होती है तो वह वहां पर एक अस्पताल बनाना चाहेंगी। उन्होंने कहा, एक नए जीवन को धरती पर लाने से ज्यादा इस धरती पर कुछ भी सुख नहीं दे सकता। छोटे बच्चों की मुस्कान आगे बढ़ने की प्रेरणा देती हैं। आज का दिन बहुत ही अच्छा था। आंध्र प्रदेश की 175 विधानसभा सीटों पर भी 13 मई को मतदान होने हैं। वोटों की गिनती 4 जून को की जाएगी। टीडीपी पूर्व मुख्यमंत्री ए चंद्रबाबू नायडू की अगुआई में चुनाव लड़ रही है। टीडीपी और भाजपा इस बार गठबंधन में चुनाव लड़ रही है। इसके अलावा पवन कल्याण की जनसेना भी इसी गठबंधन में हैं। इस बार टीडीपी 144 जन सेना 21 और भाजपा 10 सीटों पर चुनाव लड़ रही है। फिलहाल आंध्र प्रदेश में वाईएसआर कांग्रेस की सरकार है।

# भाजपा तेज करेगी प्रचार, दूसरे दलों ने भी बदली रणनीति

## पहले चरण में कम वोटिंग ने बढ़ाई चिंता

**नईदिल्ली, एजेंसी।** लोकसभा चुनाव के पहले चरण में मतदाताओं के पिछली बार की तुलना में कम उत्साह से राजनीतिक दलों में चिंतन-मंथन का दौर शुरू हो गया है। सत्तारूढ़ भाजपा आगे के चरणों की तैयारी में जुट गई है। आने वाले चरणों में पार्टी की कोशिश ज्यादा मतदान कराने की होगी ताकि वह बड़े लक्ष्य को हासिल कर सके। इसके साथ ही इस चरण के चुनाव में उतरे पार्टी के प्रमुख नेता अब बाकी देश में प्रचार और प्रबंधन का काम संभालेंगे।

सात चरणों के लोकसभा चुनाव का पहला और सबसे बड़ा 102 सीटों को पहला चरण शुक्रवार को पूरा हो गया। चुनाव आयोग के शुरुआती आकलन के अनुसार साठ फीसदी से ज्यादा मतदान



हुआ जबकि 2019 के लोकसभा चुनाव के पहले चरण में 69.43 प्रतिशत वोट पड़े थे। इस बार पहले चरण के मतदान के पूरे आंकड़े आने पर यह 60 फीसदी से कुछ ऊपर रहेगा, लेकिन पिछले आम चुनाव के पहले चरण से कम ही रहेगा। गौरतलब है कि बीते चुनाव में पहले चरण में 91 सीटों पर मतदान हुआ था, जबकि इस बार 102 सीटों पर।

### मतदान के आंकड़ों के आधार पर तय होगी रणनीति

भाजपा सूत्रों का कहना है कि हर क्षेत्र के मतदान के पूरे आंकड़े आने पर पार्टी इस पर मंथन करेगी और आगे की रणनीति तय करेगी। इससे पार्टी का प्रचार अभियान और सघन होगा और नेताओं के दौरे भी बढ़ेंगे। साथ ही अगले चरण में जिन प्रमुख नेताओं का चुनाव है वह अब खुद के क्षेत्र पर ज्यादा ध्यान देंगे।

सूत्रों के अनुसार मतदान के तुरंत बाद राजनीतिक दल इसके नफा नुकसान के आकलन में जुट गए हैं। भाजपा के लिए यह उसकी उम्मीद से कम मतदान है। हालांकि पार्टी का यह भी मानना है कि जब तुलनात्मक कम मतदान होता है तो वह सत्तारूढ़ दल के पक्ष में होता है क्योंकि बहुत ज्यादा मतदान में सरकार से नाराजगी का भी का मुद्दा रह सकता है या फिर सरकार और उसके एजेंडे को और ज्यादा मजबूत करना हो सकता है।

### विपक्ष ने उदासीनता को बताया वजह

दूसरी तरफ विपक्षी दलों का मानना है कि यह सरकार के प्रति उदासीनता को लेकर भी हो सकता है। भाजपा और उसकी सरकार के बड़े दावों और हकीकत को लेकर भी लोगों में नाराजगी इससे सामने आ सकती है। हालांकि सभी का कहना है कि वह अगले चरण में मतदान को बढ़ाने के लिए अपने कार्यकर्ताओं को और ज्यादा सक्रिय करेंगे और जनता से ज्यादा से ज्यादा मतदान के लिए आग्रह भी करेंगे।

## जल, थल, नभ, साइबर और अंतरिक्ष क्षेत्रों की पारंपरिक सीमाएं धुंधली हो रही हैं: वायुसेना प्रमुख



**नईदिल्ली, एजेंसी।** वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल वी आर चौधरी ने कहा है कि जल, थल, नभ, साइबर और अंतरिक्ष क्षेत्रों की पारंपरिक सीमाएं तेजी से धुंधली होती जा रही हैं, जिससे युद्ध क्षेत्र में आमूल-चूल बदलाव आ रहा है। शुक्रवार को तीन दिवसीय भारतीय रक्षा अंतरिक्ष संगोष्ठी के उद्घाटन सत्र में प्रसारित एक रिकॉर्डेड वीडियो संबोधन में वायुसेना प्रमुख ने यह भी कहा कि अपनी रणनीतिक स्वायत्तता बनाए रखने के लिए ऐसी क्षमताएं विकसित की जानी चाहिए जो अंतरिक्ष में हमारे हितों की रक्षा के लिए आवश्यक होंगी।

अपने संबोधन में एयर चीफ मार्शल ने रेखांकित किया कि नयी प्रौद्योगिकियों की तेजी से हो रही वृद्धि और निजी क्षेत्र के लिए दरवाजे खोलने के साथ चीजों की स्थापित योजना में बदलाव हो रहा है। उन्होंने कहा कि इससे नए समाधान मिलने के साथ कम लागत पर अन्वेषण के दरवाजे भी खुल रहे हैं। वायुसेना प्रमुख ने कहा कि हालांकि, इन नयी संभावनाओं के साथ नए खतरे भी सामने आ रहे हैं। उन्होंने कहा, हम निजी क्षेत्र की बढ़ती भागीदारी के साथ अंतरिक्ष का लोकतंत्रीकरण देख रहे हैं। नागरिकों की अंतरिक्ष यात्रा, जो 25 साल पहले एक सपना था, आज वास्तविकता है। यहां मानेकशॉ सेंटर में 18 अप्रैल से 20 अप्रैल तक आयोजित संगोष्ठी में विषय विशेषज्ञ, सशस्त्र बलों के वरिष्ठ अधिकारी और अंतरिक्ष क्षेत्र उद्योग के प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं। वायुसेना प्रमुख ने कहा, जल, थल, नभ, साइबर और अंतरिक्ष क्षेत्र की पारंपरिक सीमाएं तेजी से धुंधली होती जा रही हैं, जिससे युद्ध क्षेत्र में आमूल-चूल बदलाव आ रहा है। मुझे लगता है कि अपनी रणनीतिक स्वायत्तता बनाए रखने के लिए हमें ऐसी क्षमताएं विकसित करनी होंगी जो अंतरिक्ष में हमारे हितों की रक्षा करने के लिए आवश्यक है।

वायुसेना प्रमुख ने कहा कि अंतरिक्ष में अपनी पूरी क्षमता हासिल करने के लिए सशस्त्र बलों सहित सभी हितधारकों के बीच अधिक सार्वजनिक-निजी भागीदारी और संवाद की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय अंतरिक्ष नीति 2023 सही दिशा में है और यह निश्चित रूप से आत्मनिर्भरता को प्रोत्साहन देगी। एयर चीफ मार्शल चौधरी ने कहा, हमें एक साथ काम करने और भारत में एक मजबूत, संपन्न और जीवंत अंतरिक्ष पारिस्थितिकी तंत्र बनाने की आवश्यकता होगी।

## भूखा मर रहा पाकिस्तान, भारत में 80 करोड़ लोगों को फ्री अनाज : योगी आदित्यनाथ

**अमरोहा, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को पाकिस्तान का जिक्र करते हुए कहा कि वहां लगो भूख से लड़ रहे हैं, वहीं भारत में 80 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन मिल रहा है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश के अमरोहा में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए सीएम योगी ने यह भी कहा कि भगवा पार्टी का नारा फिर एक बार मोदी सरकार पूरे देश में गूंज रहा है। मौजूदा लोकसभा चुनाव में अमरोहा निर्वाचन क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार कंवर सिंह तंवर के समर्थन में आयोजित रैली में योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सामने यह बात कही है। उन्होंने कहा, पाकिस्तान की आबादी मुश्किल से 23-24 करोड़ है। 1947 में विभाजन के बाद बना था। आज भूख से पीड़ित है। एक तरफ पाकिस्तान है और दूसरी तरफ भारत है, जहां 80 करोड़ से अधिक लोगों को मुफ्त राशन देने का वादा है।

# लालू राज में आडवाणी के रथ को मैनेज कर चर्चित हुए नित्यानंद राय, क्या तीसरी बार मारेंगे बाजी ?



**उजियारपुर, एजेंसी।** भाजपा नेता लालकृष्ण आडवाणी की रथ यात्रा को तत्कालीन बिहार सरकार के ऐलान के बावजूद हाजीपुर से सकुशल पार कराने के लिए सूबे की राजनीति में चर्चित हुए नित्यानंद राय की पहचान एक निर्भीक नेता की है। खेती-किसानी और गांव-देहात की राजनीति से शुरुआत करने वाले राय देश के गृह राज्यमंत्री हैं। वह 2014 और 2019 में लगातार दो बार जीतकर उजियारपुर से सांसद बन चुके हैं। राय के सामने इस बार उजियारपुर से जीत की हैट्रिक लगाने की चुनौती है। लोकसभा चुनाव 2024 में उजियारपुर सीट से तीसरी जीत के लिए किस्मत आजमा रहे हैं।

वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव के दौरान नित्यानंद राय प्रदेश भाजपा अध्यक्ष थे। उनके नेतृत्व में ही बिहार में भाजपा ने चुनाव लड़ा था। जिसमें एनडीए ने 40 में से 39 सीटों पर जीत हासिल की थी। अब राय बदली भूमिका में हैं और प्रदेश के वरिष्ठ नेता हैं। अपनी जीत के साथ ही पार्टी और एनडीए गठबंधन को 2019 के समान जीत दिलाने का दारोमदार भी उन पर है। इसे लेकर अपने क्षेत्र में मेहनत करने के साथ घटक दलों के प्रत्याशियों के पक्ष में प्रचार करने में जुटे हैं। एडी-चोटी का जोर लगाया उजियारपुर से लगातार तीसरी बार जीत दर्ज करने के लिए नित्यानंद राय एड़ी-चोटी का जोर लगाए हैं। खुद क्षेत्र का भ्रमण कर रहे हैं। इसके अलावा पार्टी के अन्य नेता भी उजियारपुर में ही कैम्प कर रहे हैं

### लगातार बढ़ा ग्राफ

1990 में बिहार सरकार को सीधी चुनौती देने वाले नित्यानंद राय का राजनीति में ग्राफ लगातार चढ़ता गया। तब बतौर मुख्यमंत्री लालू प्रसाद ने ऐलान किया था कि वह लालकृष्ण आडवाणी के रथ को गांधी सेतु पार नहीं करने देंगे। उस समय नित्यानंद मात्र 23 वर्ष के थे। महापंचायत बुलाकर ऐसा जनसमर्थन जुटाया कि सरकार आडवाणी का रथ हाजीपुर में रोकने का साहस नहीं जुटा पाई।

नित्यानंद राज्य के अन्य क्षेत्रों में भी प्रचार-प्रसार के लिए जा रहे हैं, ऐसे में पार्टी के स्थानीय नेताओं को जिम्मेदारी दी गई है कि वे उजियारपुर का विशेष ख्याल रखें। हर गांव-पंचायत के प्रमुख लोगों से उनकी टीम संपर्क कर रही है।

### छात्र जीवन से कर रहे राजनीति

नित्यानंद राय की राजनीतिक सफर की शुरुआत 1981 में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता के रूप में हुई। 1990 में वह भाजपा में शामिल हो गए। वह युवा मोर्चा के प्रदेश सचिव, महासचिव और प्रदेश अध्यक्ष भी रहे। साल 2000 के विधानसभा चुनाव में नित्यानंद राय को हाजीपुर से टिकट मिला और वह चुनाव जीत गए। वह हाजीपुर से लगातार चार विधानसभा चुनाव जीते।

# धमकाने की कोशिश मत करो, जेल जाने से नहीं डरते- पिनराई विजयन

**तिरुअनंतपुरम, एजेंसी।** केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी पर शुक्रवार को पलटवार किया। उन्होंने कहा कि ऐसा क्यों है कि केंद्रीय जांच एजेंसियों ने उनसे पूछताछ या गिरफ्तारी नहीं की। इससे एक दिन पहले, राहुल ने मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के वरिष्ठ नेता विजयन पर निशाना साधा था। उन्होंने कहा कि जब वह भाजपा के खिलाफ लड़ रहे हैं तो केरल के मुख्यमंत्री उन पर हमले क्यों कर रहे हैं। कांग्रेस नेता ने यह भी कहा कि ईडी ने उनसे 55 घंटे तक पूछताछ की, उनकी लोकसभा सदस्यता और उनका आधिकारिक आवास छीन लिया गया। साथ ही, वर्तमान में विपक्ष से जुड़े दो मुख्यमंत्री जेल में हैं, लेकिन केरल के मुख्यमंत्री के साथ ऐसा कुछ नहीं हो रहा है। सीएम विजयन ने कोझिकोड की एक चुनावी जनसभा में उन पर पलटवार किया। उन्होंने कहा कि राहुल की दादी और पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने आपातकाल के दौरान उन सहित



अधिकतर वामपंथी नेताओं को जेल में डाल दिया था। वामपंथी नेता ने कहा, 'आपकी दादी (इंदिरा गांधी) ने हममें से अधिकर लोगों को (आपातकाल के समय) डेढ़ साल से अधिक समय तक जेल में रखा था। हमने पूछताछ और जेल जाने का अनुभव किया है और देखा है। हम जेल से नहीं डरते हैं। इसलिए हमें जांच और जेल से धमकाने की कोशिश मत करो।'

**प्रियंका गांधी के पति के खिलाफ आरोप, क्या बोले विजयन :** माकपा के दिग्गज नेता ने कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हुए महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक चव्हाण का भी हवाला दिया। उन्होंने कटाक्ष किया कि वामपंथी नेता अशोक चव्हाण की तरह रोने वाले नहीं हैं और यह नहीं कहते हैं कि हम जेल नहीं जा सकते। वामपंथी नेता ने कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा भी प्रहार किया और उनके पति रॉबर्ट वाड्रा व एक रियल एस्टेट कंपनी से संबंधित चुनावी बॉन्ड के मुद्दे का उल्लेख किया। विजयन ने कहा कि प्रियंका गांधी के पति के खिलाफ आरोप और मामले थे, लेकिन कंपनी की ओर से 2019-2022 के दौरान भाजपा को चुनावी बॉन्ड के रूप में 170 करोड़ रुपये का भुगतान करने के बाद वे समाप्त हो गए। राहुल गांधी और राज्य के 17 यूडीएफ सांसदों पर तीखा हमला करते हुए विजयन ने कहा कि उनमें से किसी ने भी संसद में केरल के अधिकारों और हितों के लिए आवाज नहीं उठाई।

## कंगना के खिलाफ विक्रमादित्य का सनातन कार्ड, अचानक याद आया आरएसएस कनेक्शन

**मंडी, एजेंसी।** हिमाचल प्रदेश में मंडी लोकसभा सीट की लड़ाई दिलचस्प होती जा रही है। राज्य के लोक निर्माण मंत्री और कांग्रेस उम्मीदवार विक्रमादित्य सिंह को अचानक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की याद आई है। उन्होंने शुक्रवार को अपने परिवार के आरएसएस के साथ सदियों पुराने संबंध का जिक्र किया और अपने पिता एवं पूर्व मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह द्वारा लाए गए धर्मांतरण विरोधी कानून का जिक्र किया। इसे भाजपा की लोकसभा उम्मीदवार कंगना रनौत के हिमाचल प्रदेश के सनातन धर्म और देव समाज संस्कृति पर हमला वाले बयान पर निशाना साधने के तौर पर देखा जा रहा है। विक्रमादित्य, जिन्हें कांग्रेस ने मंडी में रनौत के खिलाफ चुनावी मैदान में उतारा है, ने आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत से हस्तक्षेप करने और यह सुनिश्चित करने का आग्रह किया कि



राज्य की देव संस्कृति, देव लोक नीति और सनातन धर्म पर कोई और हमला नहीं हो। बता दें कि मंडी लोकसभा सीट से विक्रमादित्य की मां प्रतिभा सिंह मौजूदा सांसद हैं।

विक्रमादित्य ने अपने फेसबुक पेज पर एक वीडियो मैसेज जारी किया है। जिसमें उन्होंने कहा, आज हिमाचल प्रदेश में देव संस्कृति, देव लोक नीति और सनातन धर्म पर हमला हो रहा है। जिस तरह से इस पर बयानबाजी हो रही है कि क्या खाएं और क्या न खाएं, यह एक गंभीर मसला बनकर उभरा है... हम विकास और अपने किए गए काम के मुद्दे पर चुनाव लड़ना चाहते हैं। यह भी उतना ही महत्वपूर्ण है कि हम अपनी देव संस्कृति और सनातन धर्म का सम्मान और संरक्षण करें। विक्रमादित्य ने बेशक अपने मैसेज में रनौत का नाम नहीं लिया, लेकिन यह साफ है कि उनके निशाने पर बीजेपी प्रत्याशी हैं। विक्रमादित्य के एक करीबी सूत्र ने कहा कि वह रनौत की उन टिप्पणियों का जिक्र कर रहे थे, जिसमें उन्होंने गोमांस खाने से इनकार किया था और एक बयान में दावा किया था कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भगवान राम के अंश हैं। दरअसल, रनौत ने पिछले हफ्ते कहा था, यह कहा जा सकता है कि नरेंद्र मोदी भगवान राम और विष्णु के अंश हैं जो हमारी देखभाल करते हैं।


## रमन सिंह के पूर्व प्रमुख सचिव को मिली राहत, छत्तीसगढ़ की अदालत ने बंद कर दिया केस

**रायपुर, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ की एक अदालत ने राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह के प्रमुख सचिव रहे अमन सिंह के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति का मामला बंद कर दिया है। रायपुर की अदालत ने ईओडब्ल्यू-एसीबी की अंतिम रिपोर्ट को स्वीकार कर लिया, जिसके मुताबिक अमन सिंह के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति का मामला नहीं बनता है। राज्य आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो (ईओडब्ल्यू) - भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) की अंतिम रिपोर्ट में कहा था कि अमन सिंह और उनकी पत्नी यास्मीन सिंह के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति का कोई मामला नहीं बनाया जा सकता है। राज्य में भूपेश बघेल के नेतृत्व वाली पिछली कांग्रेस सरकार ने फरवरी 2020 में एक आरटीआई कार्यकर्ता के दावे के आधार पर इस संबंध में एफआईआर संख्या 09/2020 दर्ज की थी। अदालत के आदेश के अनुसार, राज्य ईओडब्ल्यू-एसीबी ने तीन साल तक जांच की और सिंह तथा उनकी पत्नी के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति के आरोपों को साबित करने में विफल रहा। वर्तमान भाजपा सरकार के सत्ता में आने से पहले पिछले साल दिसंबर में राज्य ईओडब्ल्यू ने अंतिम रिपोर्ट दायर की थी। निचली अदालत ने अब अंतिम रिपोर्ट को स्वीकार करते हुए एफआईआर रद्द कर दी है। भारतीय राजस्व सेवा के पूर्व अधिकारी अमन सिंह, छत्तीसगढ़ में रमन सिंह के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार



में एक रसूखदार नौकरशाह और मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव थे। उन्होंने नवंबर 2022 में सेवा से इस्तीफा दे दिया और अडाणी समूह में शामिल हो गए। बिलासपुर हाईकोर्ट ने दो साल पहले उक्त एफआईआर को रद्द कर दिया था, लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने मार्च 2023 में इस आदेश पर रोक लगा दी। कोर्ट ने कहा कि जांच के स्तर पर एफआईआर को रद्द न किया जाए। सिंह परिवार का प्रतिनिधित्व करने वाले वरिष्ठ वकील महेश जेठमलानी ने कहा कि तत्कालीन भूपेश बघेल सरकार ने उन्हें गलत तरीके से निशाना बनाने के लिए एफआईआर का इस्तेमाल किया।

## अब भाजपा के लिए राज ठाकरे करेंगे प्रचार ; पुणे में एमएनएस ने बनाई रणनीति



**पुणे , एजेंसी।** महाराष्ट्र की राजनीति में हाल के दिनों में उस समय बड़ा बदलाव देखने को मिला, जब भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का हर मोर्चे पर विरोध करने वाली महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (एमएनएस) के मुखिया राज ठाकरे ने कहा था कि उनकी पार्टी लोकसभा का चुनाव नहीं लड़ेगी। इस घोषणा के बाद पुणे लोकसभा सीट के शहरी हिस्सों में एमएनस की टीम भाजपा के पक्ष में प्रचार की योजना बना रही है। और यह सुनिश्चित करने में जुटी है कि नरेंद्र मोदी लगातार तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री बनें। 2019 में एमएनएस ने पीएम मोदी और बीजेपी के खिलाफ अभियान चलाया था, लेकिन हाल ही में एमएनएस प्रमुख ने चुनाव में बीजेपी को बिना शर्त समर्थन देने का ऐलान किया है। मनसे नेता राजेंद्र वागस्कर ने स्थानीय भाजपा नेताओं के साथ बैठक के बाद कहा, मनसे पुणे सीट के लिए भाजपा के चुनाव अभियान में भाग लेगी और उम्मीदवार के समर्थन में शहर के कुछ हिस्सों में अलग-अलग रैलियां भी करेगी। पुणे लोकसभा सीट के लिए चुनाव प्रचार में व्यस्त भाजपा उम्मीदवार मुरलीधर मोहोल ने कोथरुड में एक बाल फिल्म महोत्सव का उद्घाटन किया और घोषणा की कि अगले साल से शहर में अंतरराष्ट्रीय बाल फिल्म महोत्सव आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने कहा, पुणे राज्य की सांस्कृतिक राजधानी है। यह अगले साल से अंतरराष्ट्रीय बाल फिल्म महोत्सवों की मेजबानी करेगा। आपको बता दें कि संवाद पुणे संगठन पिछले 25 वर्षों से शहर में बच्चों के फिल्म महोत्सव की मेजबानी कर रहा है और इसका उद्घाटन करने के लिए मोहोल को आमंत्रित किया है। शुक्रवार को पुणे में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते समय वरिष्ठ भाजपा नेता आशीष शेलार की जुबान फिसल गई। उन्होंने कहा की कि बारामती में सुनेत्रा पवार की हार निश्चित है, लेकिन गलती सामने आने के बाद उन्होंने तुरंत इसे सुधार लिया। आपको बता दें कि उनका बयान राजनीतिक गलियारों में चर्चा का विषय बन गया है। उन्होंने कहा, मेरा मतलब था कि सुनेत्रा पवार की जीत निश्चित है और बारामती में सुप्रिया सुले की हार निश्चित है। शेलार ने शाम को एक वीडियो बयान जारी कर कहा कि उन्होंने प्रेस कॉन्फ्रेंस में अपनी गलती स्पष्ट कर दी थी और भ्रम से बचने के लिए फिर से ऐसा कर रहे हैं।

# हम सभी लोकसभा और करनाल विधानसभा चुनाव बड़े अंतराल से जीतेंगे: मनोहर लाल

### सीएम विंडो में 13 लाख शिकायत आई और इनमें से साढ़े 11 लाख शिकायतों का समाधान किया



**चंडीगढ़/ जींद, एजेंसी।** हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा है कि भाजपा की सरकार ने भ्रष्टाचार को रोकने की दिशा में अहम कदम उठाए हैं। कांग्रेस के राज में भ्रष्टाचार और भ्रष्टाचारियों को बढ़ावा दिया जाता था, जबकि आज भ्रष्टाचारी नए-नए तरीके खोजने की कोशिश करते हैं, लेकिन उनकी बात बन नहीं रही और उन्हें जेल की हवा खानी पड़ती है। वह आज यहां सोनीपत लोकसभा क्षेत्र के दौरे पर थे और कार्यकर्ताओं से मुलाकात के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा सरकार ने ऑनलाइन सिस्टम से लोगों की समस्याओं को हल करने का काम किया है। अपने साढ़े 9 साल के शासनकाल का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि सीएम विंडो में 13 लाख शिकायत आई और इनमें से साढ़े 11 लाख शिकायतों का समाधान किया गया। उन्होंने कहा कि कुछ शिकायतें ऐसी थी जिसमें या तो पुलिस का केस था या फिर वह कोर्ट में विचाराधीन था। प्रदेश में भाजपा उम्मीदवारों के हो रहे विरोध का असर पूछे जाने पर पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में कुछ दबंग किस्म के लोग पहले भी ऐसा करते रहे हैं और आज भी वह विरोध की राजनीतिक कर रहे हैं।? उन्होंने कहा कि उनके इस विरोध का भाजपा को लाभ हो रहा है, क्योंकि 10 लोग अगर विरोध करते हैं तो सौ नए लोग भाजपा के साथ जुड़ रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि हरियाणा 10 की 10 लोकसभा सीटों पर कमल का फूल खिलाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथ मजबूत करने का काम करेगा। उन्होंने कहा कि अभी तक कांग्रेस अपने उम्मीदवारों का भी फैसला नहीं कर पाई है, क्योंकि या तो कांग्रेस के पास उम्मीदवार नहीं है और जिन सीटों पर कांग्रेस के पास चुनाव लड़ने के इच्छुक लोग हैं,वहां इतनी मारामारी है कि कांग्रेस उम्मीदवार मैदान में उतार नहीं पा रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के उम्मीदवारों के मैदान में आने से पहले ही प्रदेश की जनता इस बात का मन बना चुकी होगी कि उसे कमल पर मोहर लगानी है।

सात्विक प्रो0 प्रा0 लि0 कोलकता, पं0 बंगाल के लिए प्रकाशक और मुद्रक निभा रंजन सुमन द्वारा स्वप्नोनीर अपार्टमेंट, राजरहाट, कोलकता तथा दलादिली सिमलिया से मुद्रित। संपादक - निभा रंजन सुमन 7033777771 स्थानीय संपादक पवन कुमार सिन्हा 7091094434 सभी तरह के विवादों का निपटारा रांची व्यवहार न्यायालय में होगा।